राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-249
लखनऊ, सोमवार 29 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



विश्व पटल पर मजबूत हुआ हमारा देश : ब्रजेश पाठक 03

एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण कभी हटने नहीं देगी भाजपा : शाह 12

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेलगावी में एमसीए की छात्रा की हत्या के मुद्दे पर कांग्रेस पर बोला हमला

# कांग्रेस शासन में कानून व्यवस्था विफल

एजेंसी

**बेलगावी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के बेलगावी में एमसीए की छात्रा नेहा हिरेमत की हत्या के मुद्दे पर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और राज्य में सत्तारूढ़ इस पार्टी की कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफलता के लिए कड़ी आलोचना की। श्री मोदी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बेलगावी, चिक्कोडी और हुबली की घटनाओं का हवाला देते हुए कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं के कल्याण पर तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाते हुए कॉलेज परिसर में हुए क्रूर



### कांग्रेस ने की राष्ट्रीय सुरक्षा की अनदेखी

हत्याकांड जैसे मामलों से भी कड़ाई से नहीं निपटने पर पर राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की।

श्री मोदी ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार आने से पूरे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा गयी है। यहां बेलगावी में एक आदिवासी बहन के साथ और चिक्कोडी में एक जैन साधु के साथ जो हुआ, वह शर्मनाक है। श्री मोदी ने यहां एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा, हुबली के एक कॉलेज परिसर में हमारी बेटी नेहा के साथ जो हुआ, उसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। उसका परिवार कार्रवाई की मांग करता रहा, लेकिन कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण का दबाव हावी रहा।

उन्होंने कांग्रेस पर राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं की अनदेखी करने और चुनावी उद्देश्यों के लिए प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के साथ जुड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने बेंगलुरु के एक कैफे में बम विस्फोट की घटना के बाद उचित कार्रवाई करने में कांग्रेस की कथित विफलता का हवाला देते हुए सुरक्षा मुद्दों से निपटने में गंभीरता की कमी की ओर संकेत दिया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर केवल चुनावी लाभ के लिए पीएफआई जैसे राष्ट्र-विरोधी संगठन का बचाव करने का आरोप लगाया, विशेष रूप से केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में जहां से श्री राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷जब बेंगलुरु के एक कैफे में बम विस्फोट हुआ, तो कांग्रेस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

इतना ही नहीं, कांग्रेस ने वोट के लिए पीएफआई का इस्तेमाल किया, जो आतंकवाद को आश्रय देने वाला एक राष्ट्र विरोधी संगठन है और जिस पर मोदी सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया जा चुका है। कांग्रेस सिर्फ एक सीट, वायनाड में जीत हासिल करने के लिए ऐसे आतंकवादी संगठन पीएफआई का बचाव करने में लगी हुई है। श्री मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का हवाला देते हुए ईवीएम और वीवीपैट के मुद्दे पर कथित तौर पर नागरिकों को गुमराह करने के लिए इंडिया समूह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि न्यायालय ने उनकी आकांक्षाओं को चकनाचूर कर दिया। उन्होंने कांग्रेस पर एचएएल के बारे में झूठ फैलाने, महामारी के दौरान 'मेड इन इंडिया' कोविड टीकों का विरोध करने और ईवीएम की आड़ में विश्व स्तर पर भारत के लोकतंत्र की छवि खराब करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

## ईश्वरीय ताकत को चुनौती देने वालों का पतन निश्चित



**बदायूं, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरीय ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार-बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन की शुरुआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगिरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार अपना प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है। यहां से तो चाचा ने भी पलायन करना ठीक समझा और भतीजे के पांव भी पहले ही उखड़ चुके हैं। सपा ने यही काम शाहजहांपुर, रामपुर और मेरठ में भी किया है। मगर जनता कह रही है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं, वह सपा के पुराने सभी कारनामों का हिसाब-किताब करेगी।

## भाजपा-कांग्रेस ने एक होकर बसपा को तोड़ा : मायावती



**मुरैना।** उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने रविवार को मध्य प्रदेश के मुरैना में चुनावी सभा में भाजपा और कांग्रेस को एक बताया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में चार बार बसपा के नेतृत्व में सरकार बनी। जब चौथी बार अकेले बलबूते हमारी सरकारी बनी तब कांग्रेस, भाजपा और दूसरी जातिवादी पार्टियों ने एक होकर बसपा को कमजोर करने के लिए रास्ता निकाला। इन्होंने स्वार्थी और बिकाऊ किस्म के लोगों को तोड़ा। इन्हें आगे कर छोटे संगठन बनवा दिए और बसपा के मुकाबले में ले आए। शहर के मेला मैदान में आयोजित सभा में मायावती ने ग्वालियर, मुरैना और भिंड लोकसभा से बसपा उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में भी एक-दो ऐसे स्वार्थी और बिकाऊ लोग हैं, जिन्होंने कांग्रेस और भाजपा का मकसद पूरा किया। जब लगा कि बसपा कमजोर हो गई तब कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा का दामन थाम लिया। इनसे सावधान रहना है। जहां बसपा मजबूत है, वहां विरोधी पार्टियां इस तरह का षड्यंत्र रच रही हैं।

# बस व ट्रक की टक्कर में सात की मौत, 22 लोग घायल

### उन्नाव के सफीपुर में हुआ हादसा, मौके पर पहुंची पुलिस

समृद्धि न्यूज

**उन्नाव ।** 27 सवारियों से भरी बस को सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। बस की एक साइड को चीरते हुए ट्रक निकल गया। यह हादसा उन्नाव के सफीपुर में रविवार दोपहर हुआ। इसमें 7 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 22 गंभीर रूप से घायल हैं। इनमें 3 की हालत नाजुक है। मृतकों में 5 पुरुष और 2 महिलाएं हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

बस बांगरमऊ से उन्नाव आ रही थी। हादसा इतना भयानक था कि एक यात्री सड़क पर उछल कर जा गिरा, जिससे उसका सिर फट गया। यही नहीं, बस की खिड़की वाली साइड बैठे 2 यात्रियों के सिर कटकर अलग हो गए। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने डायल-112 और जिला कंट्रोल रूम को फोन कर जानकारी दी। पुलिस महकमा तुरंत अलर्ट हो गया। सफीपुर कोतवाली प्रभारी की कार्यक्रम में ड्यूटी लगी थी। उन्हें वहां से हटाकर मौके पर भेजा गया।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतृप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। सीएम ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को समुचित उपचार के निर्देश दिए। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### तीन मृतकों की शिनाख्त

सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया- बस (यूपी 35 टी 5700) को ट्रक ने टक्कर मारी है। हादसे के बाद ट्रक लेकर भागे ड्राइवर को पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ लिया है। 3 मृतकों की शिनाख्त हो गई है। मृतकों में सुशीला (45) पत्नी दीपक निवासी मंगल बाजार, इंतजा खान (70) निवासी सैयद बाड़ा थाना और सुकैया बेगम (35) पत्नी नसीम निवासी मछली टोला थाना नौबस्ता कानपुर नगर शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### तृणमूल कार्यकर्ता की पीट-पीट कर हत्या, 13 हिरासत में

**कोलकाता।** बागुईआटी के अर्जुनपुर पश्चिमपारा इलाके में तृणमूल कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में 13 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। हत्या का आरोप तृणमूल समर्थकों पर ही लगा है। आरोप है कि तृणमूल के अंदरूनी कलह के चलते उक्त कार्यकर्ता की पार्टी के लोगों ने ही पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम संजीव दास है। सूत्रों के अनुसार, शनिवार रात बागुईआटी के अर्जुनपुर का पश्चिमपाड़ा इलाके में तृणमूल के दो गुटों के बीच झड़प हो गई। देखते ही देखते स्थिति बिगड़ती गई। सूचना पाकर पुलिस ने आकर स्थिति को नियंत्रित किया, लेकिन रात में दोनों गुटों के बीच फिर से झड़प शुरू हो गई। इलाके की बिजली काट कर मारपीट शुरू कर दी गयी। इस दौरान संजीव दास को बुरी तरह पीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिवार ने रात को ही बागुईआटी थाने में शिकायत दर्ज करा दी। दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपितों को हिरासत में लिया है। मृतक के परिवार का दावा है कि संजीव को सड़क पर गिरा कर उसके सिर पर रॉड, लाठियों और ईंटों से हमला किया गया। संजीव को आरजीकर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तनाव को देखते हुए रविवार को इलाके में पुलिस तैनात की गई है।

### मणिपुर में 30 अप्रैल को दोबारा होगा मतदान

**इंफाल।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के छह मतदान केंद्रों पर 30 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। यहां शुक्रवार को मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा। कांग्रेस ने उसके कार्यकर्ताओं को हथियारबंद लोगों द्वारा धमकी दिये जाने के बाद 19 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की थी। गत 26 अप्रैल को मतदान के दौरान धांधली, बूथ कैप्चरिंग, ईवीएम नष्ट करने की खबरें भी सामने आयी थीं।

### सोनमर्ग : नदी में गिरा वाहन छह लापता, तीन को बचाया


**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के सोनमर्ग हिल स्टेशन पर रविवार को एक यात्री वाहन नदी में गिर गया. इसके बाद उसमें सवार नौ लोगों में से तीन लोगों को बचा लिया गया, जबकि छह लापता हैं. पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गगनगीर में एक टवेरा टैक्सी चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर तेज गति से बहती सिंध नदी में जा गिरी। हादसे में बचाए गए तीन यात्रियों को गुंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा दिया गया है.।

# कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र विभाजनकारी और तुष्टिकरण से है प्रेरित : राजनाथ सिंह

### रक्षा मंत्री ने बीजेपी मीडिया सेंटर में कांग्रेस पर निशाना साधा

एजेंसी

**अहमदाबाद।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को अहमदाबाद में कहा कि देश में दो चरण के मतदान हो चुके हैं। भाजपा ने इस बार 400 पार सीटों का लक्ष्य रखा है, जो आसानी से हासिल होने जा रहा है। चुनाव के दौरान उन्हें ऐसे राज्यों में जाने का अवसर मिला, जहां भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। इन क्षेत्रों में भी भाजपा मजबूती के साथ लड़ रही है और कई सीटों पर विजय मिलने का उन्हें विश्वास है।



राजनाथ सिंह ने अहमदाबाद में भाजपा के मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करती है तो कांग्रेस कहती है कि देश में लोकतंत्र पर गंभीर संकट आ गया है। भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत और समर्थ भारत के निर्माण की मजबूत गारंटी है। दूसरी तरफ कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र विभाजनकारी और तुष्टीकरण से प्रेरित है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि लोकसभा का चुनाव भाजपा अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों, प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता के आधार पर लड़ रही है। देश को लंबे समय से एक ऐसे नेतृत्व की जरूरत थी, जो देश को विकसित बनाए, वह मोदी के रूप में भारत को हासिल हुआ है। आज भारत तेजी से विकसित हो रही विश्व में 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। आने वाले दिनों में भारत मोदी के नेतृत्व में विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनेगा, ऐसा होने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नहीं सकती है।

### आप के साथ गठबंधन से नाराज लवली का इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने प्रदेश के प्रभारी महासचिव पर मनमानी करने तथा दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के विरोध में अपने पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि श्री लवली का इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मिल गया है लेकिन त्यागपत्र को अभी स्वीकार नहीं किया गया है और उसमें लिखे बिंदुओं पर गौर किया जा रहा है। श्री लवली ने इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को भेजा है। उन्होंने गत वर्ष अगस्त में उन्हें फिर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व सौंपा था।

# स्मृति ने किए रामलला के दर्शन, महंत नृत्यगोपाल से मिलीं

### ऐतिहासिक हनुमानगढ़ी पहुंच हनुमंतलला के सामने शीश नवाया

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी रविवार को अयोध्या पहुंचकर हनुमानगढ़ी और राम लला का दर्शन किया। अमेठी लोकसभा से प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने कहा धैर्य और धर्म, निष्ठा और नियम, पुरुषार्थ और पराक्रम की भूमि अयोध्या आकर प्रभु के चरणों व संतों के सानिध्य में सनातन की विजय पताका लहराते हुए देखे, यही हर सनातनी के जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। वे यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंची थीं।

अमेठी स्थित अपने आवास से सड़क मार्ग से अयोध्या आईं भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने सबसे पहले



रामलला सरकार के दरबार में पहुंचीं, जहां उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर रामलला के समक्ष ध्यान में मुद्रा में व्यतीत किया और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह सीधे ऐतिहासिक हनुमानगढ़ी पहुंच हनुमंतलला के सामने शीश नवाया। इसके बाद उनका काफिला मणिराम दास छावनी पहुंचा, जहां उन्होंने मंदिर में माथा टेकने के बाद मौजूद वरिष्ठ संत-महंतों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी भावनाएं भी साझा कीं। स्मृति ईरानी ने कहा कि आज मैं अपने आपको सौभाग्यशाली समझती हूं कि मैं ऐसे युग में जन्मी, जिसने हमारे लाला को टेंट से भव्य मंदिर में, भव्य समारोह के साथ प्रतिष्ठित होते हुए देखा। वरिष्ठ भाजपा नेत्री ने कहा आज संतों का स्नेह, सानिध्य और आशीर्वाद पाकर मनोबल न सिर्फ बढ़ा है बल्कि पुण्य पथ पर चलने की प्रेरणा मिली है। कहा कि रामलला व हनुमंतलला से राष्ट्र के प्रधान सेवक के स्वास्थ्य और भारत के वैभव की प्रार्थना की है।

### स्मृति ईरानी आज दाखिल करेंगी अपना नामांकन पत्र

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज 29 अप्रैल को अमेठी लोकसभा सीट से नामांकन करेंगी। नामांकन के पहले अमेठी के आठ मंदिरों और आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लेंगी। इसके बाद अपने लोकसभा क्षेत्र में नामांकन करेंगी। अमेठी में 20 मई को पांचवें चरण में मतदान होगा। यहां उम्मीदवारों के नामांकन की प्रक्रिया 26 अप्रैल को शुरू हो चुकी है। पांचवें चरण में 49 सीटों पर मतदान होना है। अमेठी में नामांकन की आखिरी तारीख तीन मई है। कांग्रेस के पास उम्मीदवार का ऐलान करने के लिए ज्यादा समय नहीं है। चार मई को उम्मीदवारों के नाम की छंटनी होगी और नाम वापस लेने का आखिरी दिन छह मई है।

# 2024 का चुनाव आने वाली पीढ़ी का चुनाव

### सपा अध्यक्ष ने की इंडी के प्रत्याशी प्रवीन को जिताने की अपील

समृद्धि न्यूज

**बरेली।** तपती धूप और गर्मी के बीच सियासत का पारा भी गरमानें लगा है। बरेली में रविवार को नया भारत सम्मेलन सभा के आयोजन में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इंडी गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन को लेकर भाजपा पर जमकर चुनावी तीर दागे उन्होंने कहा बरेली का सुर्मा उत्तर प्रदेश



ही नहीं पूरे भारत में मशहूर है। लेकिन बरेली वासियों ने इस बार भाजपाइयों को सुरमा लगाकर बरेली से विदा करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि राशन के साथ-साथ मुफ्त में डाटा भी मिलना चाहिए की नहीं, इस पर सभा में उपस्थित लोगों ने हामी भरी। अखिलेश यादव ने मंच से कहा कि 2024 का चुनाव आने वाली पीढ़ी का चुनाव है। लोकतंत्र के संविधान के मंथन का चुनाव है। इस बीच उन्होंने बरेली वासियों से अपील कर कहा कि आप सात मई को मतदान कर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन को विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों की कहानी फ्लॉप हो गई है। अखिलेश यादव ने कहा केन्द्र सरकार ने तीन काले कानून लागू करने का काम किया था। किसानों को रोकने के लिए सीसी रोड और सड़कों पर कीले लगाई गईं। लेकिन किसानों के आगे सरकार को झुकना पड़ा था। उसके बाद सरकार नें युवाओं के साथ धोखा किया।

### अयोध्या में 95 फीसदी पूरा हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे

**अयोध्या।** योगी सरकार प्रदेश में फसलों का सर्वे करा रही है। जिले में अब बस केवल पांच फीसदी सर्वे बचा है। अयोध्या जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे खरीफ 2023 में राजस्व एवं कृषि विभाग के सहयोग से 1109 ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत पूरा हो चुका है। सरकार द्वारा प्रदेश के 54 जनपदों के 10-10 ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूर्ण कराया गया है। वहीं रबी में जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में 1109 में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य कराया जा रहा है। अबतक कुल 6,68,535 करोड़ खसरा व गाटा पूर्ण कर लिया गया है।

# महिला डॉक्टर व पांच स्टाफ नर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** कृष्णानगर कोतवाली अंतर्गत लोकबंधु अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत पर परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही बतरने का आरोप लगाया है। हालांकि, कोर्ट के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने अस्पताल की महिला डॉक्टर निशा रानी और पांच स्टाफ नर्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गौरतलब है कि 24 नवम्बर को सरोजनीनगर हाइडिल हनुमानपुरी निवासी आरती शर्मा (38) को प्रसव-पीड़ा होने लगी। इसके बाद भाई कुलदीप विश्वकर्मा ने बहन को फौरन लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया था। पीड़ित ने बताया कि अस्पताल में भर्ती करने से पूर्व जच्चा-बच्चा सकुशल थे। दो दिन बाद अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल की महिला डॉक्टर निशा




### लोकबंधु अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में कार्रवाई

रानी और पांच स्टाफ नर्स के खिलाफ लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सम्बन्धित थाने में शिकायत की थी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। जिसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी दायर की। कोर्ट के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने महिला डॉक्टर निशा रानी और पांच स्टाफ नर्स के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या और धमकी देने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, कई पहलुओं पर जांच की जा रही है।

लोकसभा चुनाव

अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू होगा नामांकन, अंतिम तिथि छह मई

# 14 लोकसभा क्षेत्रों के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि छठवें चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 29 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी।

इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य किये जा सकेंगे। प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के छठवें चरण के अंतर्गत 14 लोकसभा सीटों में 38-सुल्तानपुर, 39-प्रतापगढ़, 51-फूलपुर, 52-इलाहाबाद, 55-अम्बेडकरनगर, 58-श्रावस्ती, 60-डुमरियागंज, 61-बस्ती, 62-सन्त कबीर नगर, 68- लालगंज अजा, 69-आजमगढ़, 73-जौनपुर, 74-मछलीशहर अजा, 78-भदोही हेतु चुनाव सम्पन्न किया जाना है। छठवें चरण की 14 लोकसभा सीटों में 12 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 02 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। छठवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, सन्तकबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी तथा भदोही सहित 15 जिलों के अंतर्गत आते हैं। 292-गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र जिला बलरामपुर के अन्तर्गत आता है। प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के छठवें चरण की 14 लोकसभा सीटों तथा 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 06 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 07 मई को की जायेगी। 09 मई को अपराह्न 03 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके उपरान्त इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची अन्तिम हो जायेगी। छठवें चरण का मतदान 25 मई को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 04 जून को मतगणना की जायेगी। छठवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.69 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.42 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.27 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में 17113 मतदान केन्द्र तथा 28171 मतदेय स्थल पोलिंग बूथ हैं। 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में 3.62 लाख मतदाता है, जिसमें 1.93 लाख पुरुष मतदाता तथा 1.69 लाख महिला मतदाता है। नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है।





# भाजपा बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में बताया बूथ जीतने का मंत्र

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा द्वारा विधानसभा हैदरगढ़ के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा अवध क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश तिवारी जिला प्रभारी एमएलसी अवनीश सिंह पटेल पूर्व विधायक शरद अवस्थी सहित मौजूद वरिष्ठ नेताओं ने बड़ी संख्या में मौजूद पार्टी के बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन कार्यक्रम में जाने से पूर्व मुख्य अतिथि सुरेश तिवारी जिला प्रभारी अवनीश पटेल सहित सभी ने ग्राम दौलतपुर स्थित पूर्व विधायक हैदरगढ़ की माटी के लाल स्वर्गीय स्वर्गीय सुंदरलाल दीक्षित की समाधि स्थल पर पहुंचकर माल्यार्पण किया और आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में बीजेपी के मीडिया प्रभारी लव कुमार गुरु की प्रमुख भूमिका रही।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सुरेश तिवारी ने कहा कि भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार बनना आवश्यक है, मोदी जी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों में जिस तरह से तरक्की के आयाम छुए हैं । वह काबिले तारीफ है।

जिला प्रभारी अवनीश पटेल ने कहा कि आज भारत की ताकत पहले से कई गुना बढ़ी है यह सब आप सभी आशीर्वाद से ही सम्भव हो सका हैं। बाराबंकी से भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनश्चित कराने के लिए सभी कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष पूरी लगन के साथ अपने अपने बूथों पर कमल खिलाये तांकि जिले का विकास आगे भी इसी तेज गति के साथ हो रहें। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पिछले 10 वर्षों में गरीब आम अवाम के विकास के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई है जो बिना भेदभाव के सभी तक पहुंची हैं। गरीबों को निःशुल्क में राशन मिल रहा है, तो वही किसानों को पहली बार किसान सम्मन निधि का लाभ मिल रहा है।




पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख का प्रतिवर्ष में निशुल्क इलाज की सुविधा भी इस सरकार द्वारा मुहैया कराई गई हैं। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा देश व प्रदेश के उत्थान के लिए रात दिन काम किया गया है। उत्तर प्रदेश में पहले एक समय में गुंडा माफिया का राज हुआ करता था। योगी सरकार में गुंडा माफियाओं को उनकी औकात दिखा दी गई है। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने भाजपा प्रत्याशी श्रीमती राज रानी रावत को भारी बहुमत से चुनाव जीताने के लिए सभी बूथ अध्यक्षों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं से बूथ मजबूत तो पार्टी मजबूत के फार्मूले पर कार्य करने की अपील की। इसके अलावा पूर्व सांसद विधायक बैजनाथ रावत, लोकसभा प्रभारी विनोद मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए हर बूथ पर भाजपा मजबूत के फार्मूले पर काम करने की बात कही। इस मौके पर बड़ी संख्या में बीजेपी बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहें।

# अंसारी गांव में भी जली खेतों की खड़ी गेहूं की फसल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय कोतवाली अंतर्गत अंसारी गांव में लगी आग में खेतों में खड़ी नरई जलकर नष्ट हो गई।

अंसारी गांव निवासी राजन लाला के खेतों के निकट से रविवार की दोपहर लगभग 1 बजे अचानक आग की लपेट उठती दिखाई पड़ी जिसके बाद अंसारी एवं भवन खेड़ा गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में आग बुझाने दौड़ पड़े। दोपहर 1 बजे लगी यह आग पछुआ हवाओं के सहारे देखते ही देखते अच्छा खासा सफर तय करके भवन खेड़ा ग्राम जाने वाले रास्ते के किनारे तक पहुंच गई। लेकिन ग्रामीणों की सजगता के चलते यह आग भवन खेड़ा गांव के अंदर आबादी में प्रवेश करती उससे पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। इसी बीच अंसारी गांव के खेतों में लगीं आग के भवनखेड़ा ग्राम के किनारे तक पहुँचने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। बताते हैं कि जिस समय यह आग लगी उस समय फायर स्टेशन पर दमकल की गाड़ी भी नहीं मौजूद थी बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तत्काल भवन खेड़ा गांव पहुंचे जहां पर ग्रामीण द्वारा आग बुझा लिए जाने के चलते पुलिस ने राहत की सांस ली। हालांकि बाद में किसी अन्य गांव में आग बुझाने गई दमकल भी मौके पर पहुंच गई थी।

## खबरें एक नजर में

### शार्ट सर्किट से लगी आग, सम्पूर्ण गृहस्थी जलकर राख

**सूरतगंज, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** शार्ट सर्किट से लगी आग से एक दर्जन घर की संपूर्ण गृहस्थी जलकर राख हो गई। हादसा खंभे में लगे केबल बॉक्स से निकली चिंगारी से होना बताया जा रहा है। वहीं आग बुझाने में जहां एक युवक घायल हो गया। सिलेंडर फटने से कोई हताहत नहीं हुआ है। वहीं तहसीलदार ने राजस्वकर्मियों की एक टीम नुक्सान का आकलन के लिए भेजा है। रामनगर थाना क्षेत्र के सरसवां गांव में रविवार की दोपहर हुए अग्निकांड में आठ छप्पर नुमा घर जलकर खाक हो गए। तीन पक्के घर की गृहस्थी भी राख हो गई है। यह हादसा ओमवीर के घर से चालू हुआ। इनके मड़हे के सामने लगे हुए केबल बाक्स से उठीं चिंगारी ने पहले इनके मड़हे को अपने आगोश में लिया उसके बाद रामलखन को फिर प्रेम, राजेश, प्रहलाद, रेणु प्रसाद, रामकरन,ओमकार, अयोध्या प्रसाद,धनीलाल और विमल के घर जलकर खाक हो गए। जिसमें अयोध्या प्रसाद व धनीलाल एवं विमल के मकान पक्के हैं। शेष के छप्परनुमा हैं। उधर आग की लपटें देखते हुए स्वजन घर से निकलकर बाहर भागे। शोर सुनकर जुटे ग्रामीण आग को बुझाने का प्रयास कर रहे थे। तभी ओमकार के घर में रखा सिलेंडर फट गया ग्रामीण की सूचना पर पहुंचे हुए फायर कर्मियों ने लोगों के सहयोग से घंटों मशक्कत के बाद में आग पर काबू पाया है। वहीं आग बुझाने के दौरान अमन कुमार घायल हो गया जिसे सूरतगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। इस अग्निकांड में राशन, कपड़े, चारपाई, तख्त, बिस्तर सहित सम्पूर्ण गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। ओमवीर इन दिनों सउदी अरब में है, उसने किसी से पचास हजार रुपए उधार ले रखें थे।रकम को वापस देने के लिए पत्नी ममता शनिवार को बैंक से पैसे लेकर आई थी। ये नकदी भी जलकर राख हो गई है। इस अग्निकांड में करीब तीन लाख रूपयों का नुक़सान होना ग्रामीणों ने बताया है। वहीं रेणूप्रसाद की बाइक भी जल गई है।

### ट्रैक्टर ट्राली ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत इब्राहिमपुर के पास तेज रफ्तार से जा रहे ट्रैक्टर ट्राली ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस ने घटना में घायल हुए दोनों युवकों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भावलखेडा भेजा। कुतुबुद्दीनपुर निवासी सुमित पुत्र रामौतार अपने रिश्तेदार नीरज पुत्र वेद प्रकाश के साथ अपनी बहन की विदा करने शाहजहांपुर जिले के अंतर्गत पुवाया क्षेत्र में जा रहा था तभी इब्राहिमपुर पहुंचने पर तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने सामने से उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक घायल हो गए जिनको एंबुलेंस के द्वारा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भावलखेड़ा भेजा गया। वही ट्रैक्टर चालक मौका पाकर ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया।

### पुलिस मोटरयान निर्माण का राजस्व निरीक्षक ने किया पैमाइश

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रशासन के निर्देश पर रविवार को राजस्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी एव प्रभारी निरीक्षक मसौली अरुण प्रताप सिंह की मौजूदगी मे बड़ागांव स्थित पुलिस मोटरयान निर्माण के लिए भूमि की पैमाइश कर सीमा का चिन्हाँकन किया गया। बताते चले कि जिले के ग्राम पंचायत बड़ागांव में करीब चार हेक्टेयर भूमि पर मोटर यार्ड का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है जिसमे जिले के सभी पुलिस थानो.में कबाड़ वाहन, चोरी किए गए या फिर चेकिंग अभियान के दौरान पकड़े गए वाहनों को डंप किया जायेगा। ग्राम पंचायत बड़ागांव के गाटा संख्या 1536 मे करीब 43 बीघे मे डंपिंग यार्ड बनाया जायेगा इसके आलावा इसी गाटा संख्या मे करीब एक हेक्टेयर भूमि मे अग्निशमन केंद्र का निर्माण होना है। रविवार को राजस्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी एव प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह हल्का लेखपाल रामप्रवेश तिवारी, अतुल श्रीवास्तव ने भूमि की पैमाइश कर सीमा का चिन्हाकन किया।

### नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** कानपुर अंबेडकर नगर नई बस्ती नूरी रोड जाजमऊ निवासी एक युवती की शादी गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अंतर्गत रहने वाले युवक से 8 दिन पहले हुई थी। अभी नवविवाहिता के हाथों की मेहंदी भी नहीं छूटी थी कि दहेज लोभियों ने उसकी निर्ममता के साथ गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। इसके बाद हत्यारोपी पति को हिरासत में लिया है। वहीं मृतक के भाई ने दहेज को लेकर हत्या किए जाने की तहरीर गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी है। जाजमऊ अंबेडकर नगर नई बस्ती नूरी रोड निवासी जुम्मन की 21 वर्षीय बेटी चांदनी की शादी 21 अप्रैल 2024 को अखलाक नगर 40 फीट रोड निवासी नदीम पुत्र रफीक के साथ हुई थी। चांदनी के भाई मंसूर ने बताया कि उसने अपनी हैसियत के अनुसार शादी में दान दहेज दिया। इसके बावजूद आरोप है कि ससुरालीजन उसकी बहन से बाइक और नगदी की मांग करने लगे ना देने पर उसे प्रताड़ित किया। इसके बाद पति समेत ससुरालयों ने बहन चांदनी की गला दबाकर हत्या कर दी। उसने बताया कि रविवार सुबह उसे फोन कर बताया कि उसकी बहन की मौत हो गई है। आकर शव ले जाओ। जिस पर वह परिवार के साथ मौके पर पहुंचे जहां चांदनी के नाक और मुंह से खून निकल रहा था। यह देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। जिसकी जानकारी गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां मायके पक्ष के लोगों को समझा बूझकर शांत कराया। शादी के 8 दिन बाद ही नव विवाहिता की मौत होने पर आलाधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर मजिस्ट्रेट यशवंत सिंह मौके पर पहुंचे। जहां उनकी देखरेख में शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वही मृतका के भाई मंसूर ने पति नदीम, ससुर रफीक, सास आमना, ननद उजाला व देवर नईम के खिलाफतहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया है।

# डबल इंजन की सरकार पर गोप ने बोला हमला, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

**सूरतगंज, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने बाराबंकी संसदीय सीट से चुनावी मैदान मे उतरे सपा गंठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के लिए जनता से समर्थन मांगा। साथ ही डबल इंजन की सरकार पर जम कर हमला बोला




रविवार की दोपहर में सूरतगंज के दौलतपुर गांव में आयोजित चुनाव की चौपाल में पूर्व सांसद पीएल पुनिया के साथ पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कार्यकर्ताओं के साथ में बैठक की।उसके बाद में विचार रखते हुए कहा कि भाजपा जो अबकी बार में चार सौ पार का नारा दे रही है,वह सिर्फ जनता को गुमराह करने का तरीका है जबकि सच्चाई यह है, कि इस बार भाजपा यदि सत्ता में आई तो डीजल, पेट्रोल और तेल के दाम 400 के पार पहुंच जाएगें। जनता ने इस झूठी सरकार को उखाड़ फेंकने का जो मन बना लिया है। वह शत-प्रतिशत पूर्ण होगा उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से सहयोग मांगते हुए गठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। कार्यक्रम संयोजक पूर्व प्रधान अमित सिंह ने माल्यार्पण कर सभी का स्वागत किया।सदर विधायक सुरेश यादव, विधायक गौरव रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख ज्ञानू सिंह, बाबूराम मौर्य, जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहसिन, पप्पू सिंह एवं कमलेश सिंह सहित प्रधानगण, बीडीसी और क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# सास-ससुर की पिटाई कर बहू जेवर नकदी लेकर मायके वालों के साथ फरार

**सिरौली गौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सास ससुर की पिटाई कर बहु नगदी व जेवर लेकर मायके वालों के साथ फरार हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली बदोसरांय कस्बा निवासी इन्द्रजीत ने अपनी बहू और उसके भाई भाभी पर आरोप लगाया है कि खरीदा गया प्लाट बहू के नाम न करने से नाराज मायके वालों ने उसके घर आ धमके और इन्द्रजीत और उसकी पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली बदोसरांय पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली कस्बा बदोसराय के रहने वाले इंद्रजीत ने पुलिस से शिकायत कर कहा है कि विगत चार अप्रैल को बहु किरण देवी के मायके से आए उसके भाई अनिल कुमार भाभी रीता देवी अविनाश सुमन देवी प्रेम सागर अखिलेश निवासी आदि निवासी फ़खरुद्दीनपुर सठियाव थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ ने घर पहुंचते ही अभद्रता करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर सभी मारने पीटने लगे मुझे पिटता देख बचाने आई पत्नी की भी पिटाई कर दी। इस दौरान उन लोगों ने कहा कि यदि प्लांट किरण के नाम नहीं करोगे तो तुम्हें जान से मार देंगे। मौके पर मेरा पुत्र शैलेंद्र कुमार मौजूद नहीं था। आरोप है कि जाते समय बहू किरण देवी ने घर में रखी जेवरात व 40 हजार की नगदी भी अपने साथ उठा ले गई। पीड़ित की शिकायत पर बदोसराय पुलिस ने भाई भाभी सहित करीब एक दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

## कब्रिस्तान पर अवैध कब्जा करने वालो पर मुकदमा दर्ज




**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कब्रिस्तान की भूमि पर छप्पर डाल कर कब्जा करने वालों के विरुद्ध लेखपाल ने मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम मरकामऊ स्थिति कब्रिस्तान की भूमि पर गांव के ही ननकू व सुन्दर लाल ने अवैध रूप से कब्जा कर छप्पर रख दिया। जानकारी होने पर मौखिक रूप से छप्पर हटाने के लिए कहा गया। किन्तु कब्जेधारियों ने छप्पर नहीं हटाया। जिसके बाद एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल संदीप कुमार ने मुकदमा दर्ज करा दिया।

# शादी समारोह के खाना बनाने में भड़की चिंगारी, लाखों का सामान जला

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शादी समारोह में खाना बनाते समय चूल्हे से भडकी चिंगारी से लाखों रुपए की खादय सामग्री व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया । ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई।

रविवार को करीब 12 बजे थाना बदोसराय क्षेत्र के ग्राम मेलारायगंज के बच्चूलाल की पुत्री रेश्मा यादव की बारात आनी थी । शादी में जनजातियों बरातियों के लिए खाना बनाते समय भडकी चिंगारी से पूरे घर में आग फैल गई । जिससे गांव में हाहाकार मच गया। ग्रामीण आग बुझाने में लग गए । इतने में ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए फायर ब्रिगेड सिरौली गौसपुर को



सूचित कर मौके पर बुला कर आग बुझवाई।आग से राशन तेल शकर खोवा सब्जी,मसाला व गृहस्थी के सामान सहित लाखों रुपए की सम्पत्ति जल कर राख हो गई। उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मेलारायगंज गांव को पंहुच कर आग से हुये नुकसान का आंकलन किया हैं।एस डी एम ने बताया है कि जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार सहायता दी जाएगी।

## पोस्ता छिलका के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों पर चलाये जा रहा अभियान के क्रम मे सफदरगंज पुलिस ने तीन तस्करो को गिरफ्तार 15 किलो 300 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका व एक अदद वाहन बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की अगुवाई मे पुलिस ने लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सफदरगंज चौराहे. मो0 फिरोज पुत्र मो0 हलीम निवासी पल्हरी थाना मो0 सगीर पुत्र मो0 खलील निवासी कस्बा व थाना जैदपुर . रामफेर पुत्र सेवकराम निवासी अकबरपुर धनैठी थाना को गिरफ्तार कर कब्जे से एक अदद बोरी में कुल 15 किलो 300 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका व एक अदद इंडिगो कार यूपी 32 ई जे 7651 बरामद किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध एन डी पी एस एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भाजपा सरकार सत्ता में बने रहने का खो दिया हक, लोकतंत्र की रक्षा के लिए गठबंधन प्रत्याशी को करें समर्थन : पुनिया

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिस सरकार में कर्ज से डूबा किसान आत्महत्या पर मजबूर हो नौजवान रोजगार की तलाश में डिग्री लेकर सड़क पर घूम रहा हो महिलायें घर से निकलने मे डर महसूस कर रही हो गरीब, मजदूर का घर न चल पा रहा हो उस सरकार ने सत्ता में बने रहने का हक खो दिया है।

2024 का आम चुनाव भाजपा सरकार को हटाकर देश के संविधान और प्रजातन्त्र को बचाने का चुनाव है आपके घरों में खुशहाली आये इसके लिये मैं आपसे आपका आर्शीवाद वोट की अपेक्षा लेकर आपके बीच में यह निवेदन करने आया हूं कि इस देश की खुशहाली और तरक्की के लिये आप सभी इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान करें। उक्त उद्गार इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज विकास खण्ड सिद्धौर में पूर्व विधायक राम मगन रावत के साथ व्यापक जनसम्पर्क अभियान के दौरान जन संवाद चौपालो मे व्यक्त किये इसी क्रम में चुनाव अभियान को गति प्रदान करते हुये पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनयि ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द सिंह गोप के साथ विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के ग्राम किन्तूर में नियाज अहमद अंसारी द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह में शिरकत करके ईद के त्योहार की बधाई दी तथा इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान करने की अपील की कार्यक्रम की अध्यक्षता जनता इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक विनोद कुमार यादव ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में सिरौलीगौसपुर ब्लाक की प्रमुख श्रीमती रेनू वर्मा, सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव, विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक राम मगन रावत, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, सुरेन्द्र सिंह वर्मा, सरताज चौधरी, मोहम्मद मोहसिन, फरूख मोबीन, डा0 कुलदीप सिंह, अजय वर्मा बबलू, आयोजक पूर्व प्रधान अमित सिंह, बृजपाल सिंह उर्फ ज्ञानू सिंह, पप्पू सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, प्रभात सिंह, गुड्डू सिंह, सभाजीत सिंह प्रधान, अखिलेश सिंह प्रधान, अनिल यादव प्रधान, चन्दन सिंह प्रधान, अतीक चौधरी, राजेश सिंह, आशीष सिंह, अनूप सिंह प्रधान सहित सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय आवाम मौजूद थी।

# आग की चपेट में आकर तीन गांव की हजारों बीघे फसल जलकर राख

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

अज्ञात कारणों के चलते मदहा झील से लगी आग में खरसतिया, गोसूपुर एवं भिखरा गांव में हजारों बीघा खेतों में खड़ी नरई, भूसा व पिंजाई के साथ साथ गेहूं की कटी हुई फसल भी जलकर नष्ट हो गई। इस अग्निकांड में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। कई किलोमीटर के दायरे में लगी आग पर शाम लगभग 6-00 बजे दमकल की छोटी गाड़ी के अलावा दर्जनों निजी ट्यूबवेल के सहारे आज पर काबू पाया जा सका। लगभग एक समय में ही अंसारी, खरसातीय व सुबेहा गांव/ कस्बा में आग लगने की घटना ने आग बुझाने के संसाधनों को ना काफी साबित कर दिया जिसकी वजह से आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका और हजारों किसानों के लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। अंसारी गांव में लगी आग के दौरान ही मदहा झील में भी आग लग गई जिसने पछुआ हवाओ के सहारे देखते ही देखते खरसतिया के अलावा पड़ोसी गोसूपुर एवं भिखरा गांव स्थित खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की छोटी गाड़ी भिखरा गांव पहुंच गई और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया परंतु कई किलोमीटर के दायरे में फैली इस आग पर दमकल की छोटी गाड़ी के अलावा ग्रामीणों द्वारा ट्यूबवेल जैसे निजी संसाधनों से आग पर काबू पाने के किये गए सामूहिक प्रयास के चलते देर शाम आग पर काबू पाया जा सका। ईशा की दुकान में भिखरा गांव निवासी नीरज सिंह एवं राम बहादुर सिंह की खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल भी जलकर नष्ट हो गई।

# मतदाता जागरूकता के लिए सद्भावना क्रिकेट मैच आयोजित

▶ डीपीआरओ-11 ने सनराइजर्स लखीमपुर को दी 34 से शिकस्त

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मतदाता जागरूकता सद्भावना क्रिकेट मैच पंचायती राज व ग्राम्य विकास महकमे की DPRO-11 व सनराइजर्स लखीमपुर के मध्य मैच (20 ओवर का) लालपुर राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम खेला गया, जिसमे डीपीआरओ-11 ने सनराइजर्स लखीमपुर को 34 से हरा दिया। इस मैच में मुख्य विकास अधिकारी, 29द्धौरहरा के रिटर्निंग अफसर अनिल कुमार सिंह ने भी शिरकत की।



पहले खेलते हुए डीपीआरओ-11 ने 20 ओवर में 194/4 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स ने 17 ओवर में 160 रन पर आलआउट हो गई। डीपीआरओ-11 की तरफ से ओपनर अभय अरोड़ा ने शानदार शतक बनाया तथा सुनील पंकज व प्रभात वर्मा ने 28 और 31 रन का योगदान दिया। अभय अरोड़ा से 04 विकेट और विवेक सिन्हा ने तीन विकेट लिए। खास बात यह है कि डीपीआरओ सौम्यशील ने पहला विकेट तब दिलाया, जब उनकी टीम जीत की सभी उम्मीदे खो चुकी थीं।

टीम सनराइजर्स की ओर से खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह ने 45 रन का योगदान किया। चन्द्र प्रकाश को अच्छी बॉलिंग के लिए बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला। वही मैन आफ द मैच अभय अरोड़ा को नवाजा गया। इस दौरान लगभग 400 दर्शक, 30 बच्चे उपस्थित रहे। टीम DPRO-11 के कप्तान डीपीआरओ सौम्य शील सिंह और सनराइजर्स के कप्तान अमित गौतम रहे।

जिले में निष्पक्ष,शांतिपूर्ण व पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागी होकर निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने के लिए खिलाड़ियों, युवाओं एवं दर्शकों को शपथ ली। सभी ने आगामी 13 मई को आयोजित चुनाव में स्वयं मतदान करने एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया। मौजूद बच्चों ने अपने पारिवारीजन, पास पड़ोसियों एवं अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित एवं जागरूक करने का संकल्प लिया।

# प्रेक्षकगण की मौजूदगी में हुआ मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सुव्यवस्थित सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 28-खीरी संसदीय क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी, 29-धौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी, जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, प्रभारी मतदान कार्मिक/सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीआईओ एनआईसी महेंद्र सिंह, एडीईओ तौसीफ अहमद की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रकिया को सुव्यवस्थित ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जिले में 2890 मतदेय स्थल के सापेक्ष 3183 पोलिंग पार्टी का गठन किया गया है।

प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी के नेतृत्व में तीन मतदान अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मतदान कार्मिकों को 02 से 08 मई 2024 तक दो पालियों में धर्म सभा इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा 275 माइक्रोआबर्जवर का भी रेण्डमाईजेशन किया गया, जिन्हें क्रिटिकल बूथ पर लगाया जाएगा।

# दबंगों ने ग्राम समाज की भूमि पर किया अवैध कब्जा

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गांव में हाट लगाने वाली ग्राम समाज की भूमि पर बाहर गांव से भाग कर आए व्यक्ति को ग्राम प्रधान ने कब्जा कराकर छप्पर डलवा दिए जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने सिंगाही पुलिस को तहरीर देकर अबैध तरीके से छप्पर डालकर ग्राम सामाज की जमीन को खाली कराने की मांग की है।



शनिवार को सिंगाही थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बथुआ में नौशाद पुत्र सिराज निवासी छेदुई पतिया थाना निघासन जो की एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है गांव के ही जगदंबा, अकूल, प्रदीप कुमार, रतीराम, संजय यादव राजकुमार निवासी ग्राम पंचायत बथुआ ने आरोप लगाकर सिगाही पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उक्त आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है उस पर निघासन थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज और अभी हाल में अपने पैतृक गांव छेदुई पतिया से भाग कर बथुआ आया था। ग्राम प्रधान पति रुस्तम ने उसको बिना प्रस्ताव किए हुए ग्राम में बाजार लगने वाली जमीन पर छप्पर डलवाकर अवैध आतिक्रमण कर दिया ग्रामीणों ने डायल 112 पीआरबी को सूचना देकर मौके पर बुलाया था पीआरबी की गाड़ी ने छप्पर डालने से मना किया था लेकिन वह नहीं माने और जबरन ग्राम समाज की जमीन पर छप्पर डालकर रहने लगे ग्रामीणों ने सिंगाही पुलिस को अवैध आतिक्रमण हटवाने के लिए तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

> ग्राम प्रधान पति रुस्तम ने बताया कि नौशाद काफी दिन से गांव में अपने एक रिश्तेदार के यहां रह रहा था उसको घर बनाने के लिए जमीन की आवश्यकता थी इसलिए उसको ग्राम समाज की जमीन पर छप्पर डलवा दिए गए हैं।

> सिंगाही एसआई सतीश कुमार ने बताया ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र दिया है मै मौके पर जांच करने के लिए जा रहा हूं स्थिति का जायजा लेने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नहर में डूबने से घर के कमाऊ पूत की मौत, मां का रो-रो कर बुरा हाल



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदी के मोहल्ले बबौरी का युवक नहाने गया था वही लापता हो गया। माँ का रो - रो कर बुरा हाल हो गया। माँ का कहना है कि अभी तक किसी अधिकारियों ने जाँच पड़ताल नही की। अभी तक कोई भी अधिकारी/जनप्रतिनिधियों ने घर आकर कोई हाल चाल नही लिया।

पूरा मामला तहसील मोहम्मदी का है। मोहम्मदी के मोहल्ला बाबोरी के सोनू गुप्ता पुत्र नारायण गुप्ता उम्र (19) वर्ष महासीर के पुल पर अपने दोस्तों के नहाने गया था जहाँ उसके नहर में डूबने की सूचना उसके घर वालो को मिली सूचना मिलने के बाद घर वालो में कोहराम मच गया।

## लड्डू के सेवन से बिगड़ी 17 बच्चों की सेहत, हाजी स्वीट हाउस पर केस दर्ज

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बेटा होने की खुशी में एक युवक ने नाते-रिश्तेदारों को लड्डू भेजे थे। जिनका सेवन करने से 17 बच्चों समेत पांच वयस्क की तबीयत बिगड़ गई थी। सभी को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हालांकि, पीड़ित की शिकायत पर बाजार खाला पुलिस ने हाजी स्वीट हाउस के मालिक पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि गत 26 अप्रैल को राजाजीपुरम के सी-ब्लॉग निवासी मो. यासिर ने बेटा होने की खुशी में नक्खास के हाजी स्वीट हाउस से पांच किलो लड्डू खरीदा था। जिसके बाद यासिर खरीदे गए लड्डुओं को लेकर मेंहदीगंज स्थित ससुराल पहुंचा था। जिसके बाद उसने अपने नाते-रिश्तेदारों को लड्डू खिलाए थे। लड्डू खाने के बाद परिवार के कई लोगों को उल्टी-दस्त होने लगी थी। जिसमें 17 बच्चों के अलावा पांच वयस्कों की भी हालत बिगड़ गई। इसके बाद सभी लोगों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या ने बताया कि यासिन की लिखित शिकायत पर पुलिस ने हाजी स्वीट हाउस के मालिक पर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने की धारा में एफआईआर दर्ज की है।

# मैनपुरी से डिम्पल यादव को टक्कर देने उतरे भाजपा के जयवीर

**सात मई को मतदान, मैनपुरी सपा व बीजेपी दोनों के लिए बनी प्रतिष्ठा की सीट**





समृद्धि न्यूज

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 में मैनपुरी लोकसभा सीट को उत्तर प्रदेश की वीवीआईपी सीटों में शुमार है। यह क्षेत्र पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का गढ़ रहा है। मुलायम सिंह यादव तो अब नहीं हैं, उनकी बहू डिंपल यादव उनकी विरासत को संभाल रही हैं। लड़ाई इंडिया बनाम एनडीए को त्रिकोणीय बनाने की खातिर बीएसपी ने शिव प्रताप यादव को उतारा है।

मैनपुरी सपा और बीजेपी दोनों के लिए बनी है प्रतिष्ठा की सीट, जंग बहुत ही रोमांचक होने वाली है। मैनपुरी लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी का गढ़ मानी जाती है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य के पुराने स्टेटमेंट पर गौर करें, उन्होंने कहा था कि आजमगढ़ और रामपुर उपचुनाव में ले लिया, अब रायबरेली और मैनपुरी भी ले लेंगे। इससे साफ है कि बीजेपी ने भी मैनपुरी को प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है। यूपी की 80 लोकसभा सीटों को लेकर 7 चरण में मतदान हो रहा है। मतों की गिनती 4 जून को होगी। मैनपुरी लोकसभा सीट का भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान है। मैनपुरी में 2011 की जनगणना के अनुसार मैनपुरी जिले की जनसंख्या 21 लाख, 31 हजार, 171 है और यहां प्रति 1000 पुरुषों पर 876 महिलाएं हैं। बृज क्षेत्र में मौजूद मैनपुरी में मुख्यतः हिंदू बहुल क्षेत्र है। 45 फीसद यादव मतदाता हैं। यह सीट दशकों से समाजवादी पार्टी का गढ़ रही है।

**2019 में मुलायम सिंह यादव ने जीता था चुनाव**

मैनपुरी सीट पर 2019 के चुनाव में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुलायम सिंह यादव चुनाव जीते थे। उन्होंने 5 लाख, 24 हजार, 926 यानि 53.75 फीसदी वोट हासिल किए। भारतीय जनता पार्टी के प्रेम सिंह शाक्य को 4 लाख 30 हजार, 537 मत मिले थे। मुलायम सिंह की मृत्यु के बाद 2022 में यहां उपचुनाव हुआ। उपचुनाव में मुलायम सिंह की बहू और अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ने 6 लाख 18 हजार, 120 वोट यानि 64.08 परसेंट वोट शेयर हासिल किया।

**1996 से लगातार चुनाव जीत रही समाजवादी पार्टी**

मैनपुरी लोकसभा सीट से 1996 से लगातार समाजवादी पार्टी चुनाव जीत रही है। 1996 में मुलायम सिंह चुनकर लोकसभा पहुंचे थे और देश के रक्षामंत्री भी बने। 1998 और 1999 में बलराम सिंह यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट से जीत दर्ज की। 2004 में फिर मुलायम सिंह यहां से चुनाव लड़े और जीते। 2009, 2014 और 2019 में मुलायम सिंह यादव ने मैनपुरी में समाजवादी पार्टी का झंडा गाड़ा। 2022 में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मैनपुरी की पांच सीटों में तीन में समाजवादी पार्टी और दो में भाजपा को जीत मिली थी।

**मैनपुरी विस सीट पर जयवीर सिंह ने दर्ज की थी जीत**

मैनपुरी और भोगांव सीट पर भाजपा प्रत्याशी विजयी हुए थे, किशनी, करहल और जसवंतनगर सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों को जीत मिली थी। मैनपुरी विधानसभा सीट पर भाजपा के मौजूदा लोकसभा उम्मीदवार और प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने जीत दर्ज की थी, जबकि करहल से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और जसवंतनगर सीट पर शिवपाल यादव ने जीत का परचम लहराया था।

## खबरें एक नजर में

### बिल्डर ने साथियों के संग मिलकर दंपति पर किया हमला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बाजारखाला थाना अंतर्गत फ्लाईओवरब्रिज पर शनिवार को बिल्डर ने अपने साथियों के साथ बाइक सवार दंपति पर हमला कर दिया। इस हमले में बाइक चला रहे युवक लहूलुहान हो गया। इसके बाद हमलावर घटनास्थल से भाग निकले। हालांकि, राहगीरों की मदद से पुलिस ने घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके बाद हमलावरों के खिलाफगंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। डीसीपी पश्चिम डॉ.दुर्गेश के मुताबिक, बाजारखाला निवासी कवि तिवारी पत्नी क्षमा तिवारी के साथ शनिवार शाम चंद्रिका देवी मन्दिर दर्शन करने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में दबंगों ने टुडियागंज ओवरब्रिज पर घेर लिया और हमला बोल दिया। हमले में कवि तिवारी को गम्भीर चोट आई है। पत्नी क्षमा तिवारी का आरोप है कि बिल्डर पिछले काफी समय से उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। हमलावर मेहंदीगंज के ही रहने वाले हैं। प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या ने बताया कि दोनों पक्षों में एक जमीन को लेकर विवाद हुआ है। पूर्व कवि तिवारी पर भी एफआईआर की गई थी। हालांकि, इस मामले में हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

### हिन्दू समाज पार्टी के गौरव वर्मा आज दाखिल करेंगे नामांकन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्मा लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन कल 29 अप्रैल को दाखिल करेंगे। पार्टी के मीडिया प्रभारी मोहित मिश्रा ने बताया कि पार्टी के प्रत्याशी गौरव वर्मा कल प्रातः 11 बजे खाटु श्याम मंदिर, निकट गोमती तट, न्यु हैदराबाद कार्यकर्ताओं एवं सैकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जिला अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट के लिए रवाना होंगे।

### महिला अधिवक्ता की आपत्तिजनक फोटो वायरल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ढाकुरगंज थाने एक महिला अधिवक्ता ने एक वृद्ध के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। महिला अधिवक्ता का आरोप है कि वृद्ध ने उससे शादी करने की इच्छा जाहिर की, लेकिन उसने वृद्ध के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। तब आरोपी ने उसकी फोटोग्राफ को एडिट कर उसकी आपत्तिजनक फोटोग्राफसोशल मीडिया पर वायरल कर दी। ढाकुरगंज की रहने वाली महिला अधिवक्ता (40) ने बताया कि चौक कोतवाली के कमला नेहरू मार्ग निवासी अनिल जायसवाल उर्फ सिद्धनाथ (65) उनके मुवक्किल थे। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व अनिल उनसे शादी करने का दबाव बनाने लगे थे। इस पर पीड़िता ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। इसके बाद वृद्ध ने उनकी फोटोग्राफ को एडिट कर उसकी आपत्तिजनक तस्वीर बना ली। इसके बाद वह उनके वाट्सएप पर अर्मादित मैसेज करने लगा। हिदायत देने पर आरोपी ने साथी अधिवक्ताओं के पास उनकी आपत्तिजनक तस्वीर भेज दी। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर अनिल जायसवाल पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### गोमती नगर में अखंड राम चरित मानस का पाठ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विश्व शान्ति, सशक्त भारत और मानव उत्थान के लिए रविवार को गोमती नगर विजयंत खंड में अखंड राम चरित मानस का पाठ पंडित हरि नारायण शुक्ल की अगुआई में किया गया। डी 3/189 विजयंत खंड में शनिवार 27 अप्रैल की सुबह 11 बजे से पाठ शुरू हुआ था जिसकी समाप्ति पर रविवार 28 अप्रैल को हवन हुआ। उसके उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर नीरज दीक्षित की भजन मंडली में शामिल हरिहर सिंह, अमित तिवारी, कृष्ण प्रताप सिंह, राजू तिवारी, सुनील तिवारी ने गायन और वादन का पक्ष पूरे जोश और उमंग के साथ संभाला। आयोजन में सुष्मा शुक्ला सहित अन्य परिजनों ने श्रद्धा भाव से राष्ट्र, विश्व और मानव कल्याण के साथ ही अयोध्या श्रीधाम के जयकारे भी लगाए।

### दबंगों ने युवती का रिश्ता तुड़वा पिता को धमकाया, केस दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीकेटी थाना अंतर्गत रैथा गांव में तीन भाईयों ने गांव की रहने वाली एक युवती का रिश्ता तुड़वाने के बाद उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। युवती के पिता ने यह आरोप लगाते हुए सम्बन्धित थाने में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह के मुताबिक, रैथा गांव निवासी किसान ने गांव के रहने वाले तीन भाई जितेंद्र, धमेंद्र और राजेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी का रिश्ता तय किया था। शादी वाले दिन कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर तीनों भाइयों ने विवाह को रोकवा दिया था। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित से धक्का-मुक्की कर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों भाईयों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### लोस चुनाव तक जारी रहेगा मतदाता जागरुकता अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी की अध्यक्षता में लखनऊ में संपन्न हुई। परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने बताया कि परिषद द्वारा चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान को लोकसभा चुनाव तक जारी रहेगा। 1 मार्च को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की 20 मांगों पर अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक की अध्यक्षता में वार्ता हुई थी। वार्ता का कार्यवृत्त कार्मिक अनुभाग 4 द्वारा जारी कर दिया गया है। निर्गत किए गए कार्यवृत्त के अनुसार 90 फीसदी से अधिक मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिए गए हैं। संयुक्त परिषद की महामंत्री अरूणा शुक्ला ने बताया कि रिक्त पदों को भरा जाना शासन की प्राथमिकता है। नियुक्ति पत्रों का वितरण भी किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा एनपीएस योजना के अंतर्गत संशोधित प्रावधानों को उत्तर प्रदेश में लागू किए जाने की मॉनिटरिंग स्वयं मुख्य सचिव कर रहे हैं।

**प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पार्टी के राज्य मुख्यालय पर कहा**

# विश्व पटल पर मजबूत हुआ हमारा देश

**सपा, बसपा के कई नेताओं ने ज्वाइन की बीजेपी**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में सपा नेता व पूर्व विधायक खलीलाबाद दिग्विजय नारायण 'जय चौबे, सपा के जिला पंचायत अध्यक्ष संतकबीरनगर बलराम यादव, सपा के अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खलीलाबाद जगत जायसवाल, सपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शाहजहांपुर नीतू सिंह व सपा से विधानसभा पुवांया के पूर्व प्रत्याशी उपेन्द्र पाल सिंह सहित समाजवादी पार्टी के नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

संतकबीर नगर के सपा व बसपा के वरिष्ठ नेता भी भाजपा परिवार में शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी संतकबीरनगर से अजय शर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख व वर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, जिला अध्यक्ष प्रधानसंघ जगदीश चौधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र पासवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह 'मन्नू', पूर्व जिला पंचायत सदस्य ब्रम्हशंकर भारती गोस्वामी व बसपा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख सिरपत यादव संतकबीरनगर ने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनायें जन-जन तक पहुंची है। मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आप सभी भाजपा से जुड़े है जिसके लिए आप सभी का स्वागत एवं अभिनंदन है। आप सभी के जुड़ने से भाजपा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से आप सभी राजनैतिक और समाजिक क्षेत्र में काम करते रहे हैं। आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में तथा बूथों पर भाजपा को मजबूत करने का काम करेंगे और अबकी बार 400 पार के मोदी के संकल्प को पूर्ण करने में सहभागिता करेंगे। श्री पाठक ने कहा कि देश में गरीब, किसान, महिला व नौजवान की बेहतरी के लिए सरकार की प्रत्येक योजना समर्पित है।

### सुशासन व कानून व्यवस्था प्रदेश की पहचान : केशव



**लखनऊ/फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए बीजेपी बूथ मैनेजमेंट पर खास जोर दे रही है। रविवार को जिले की बिंदकी विधानसभा में आयोजित भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो, चुनाव जीतो का मूल मंत्र देते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार में सुशासन व कानून व्यवस्था प्रदेश की पहचान है। बिंदकी कस्बा स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब भाजपा के पास दो सीट थी और हमारे विरोधी हमारा मजाक उड़ाते थे । अटल जी का विश्वास था कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। अटल जी का विश्वास सच साबित हुआ और अंधेरा छटा, सूरज उगा और कमल खिला, जब अटल जी प्रधानमंत्री बने तो विरोधियों ने कहा कि अटल जी सांप्रदायिक है। मैं आप सबसे पूछना चाहता हूँ, क्या भारत माता की जय बोलना सांप्रयायिकता है वंदे भारत बोलना सांप्रयायिकता है, अपने को हिंदू कहना सांप्रयायिकता है जय श्री राम बोलना सांप्रयायिकता है और धारा 370 धारा हटाना सांप्रयायिकता है तो हां हम सांप्रदायिक हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक स्वर्णकार्य रचे जा रहे हैं और गांव, गरीब, किसान की खुशहाली तथा मां-बहन, बेटियों की सुरक्षा के साथ प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

## लखनऊ शहर मेट्रोपॉलिटन सिटी की तरह होगा विकसित : आनंद द्विवेदी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। पूर्वी विधानसभा के तहत विकासनगर स्थित शहनाई गेस्ट के बाहर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा उपचुनाव प्रत्याशी ओ पी श्रीवास्तव, महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, विजय भुर्जी उपस्थित रहे।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजनाथ सिंह लखनऊ के विकास के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं उनका कहना है अभी जो लखनऊ के विकास कार्य हुए हैं उनसे मैं संतुष्ट नहीं हूं अभी इससे कई गुना अधिक विकास कार्य किया जाना बाकी है लखनऊ शहर मेट्रोपॉलिटन सिटी के तरह विकसित हो और रोजगार देने वाला शहर बने। साथ ही यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर विश्व स्तरीय बनाने के लिए कार्यरत है। 20 मई मतदान वाले दिन बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भारतीय जनता पार्टी के कमल वाले निशान पर बटन दबाकर लखनऊ से राजनाथ सिंह को विजयी बनाने और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सहयोग प्रदान करें। पूर्वी विधानसभा में भाजपा नेत्री स्वाति सिंह द्वारा मास्टर चौराहा महानगर रेलवे क्रॉसिंग पर नुक्कड़ सभा में उपस्थित निवासियों को संबोधित किया। वही उत्तर विधानसभा में विधायक डॉ नीरज बोरा ने महाराजा अग्रसेन मार्ग पांडेय कॉम्प्लेक्स फैजुल्लागंज तृतीया एवं अयोध्या दास वार्ड में आयोजित नुक्कड़ सभा में उपस्थित रहे। लखनऊ पश्चिम विधानसभा महापौर सुषमा खर्कवाल ने कटरा रामलीला मैदान, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने बरौरा रोड स्थित तिराहा पर, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान द्वारा पुरानी काशीराम कॉलोनी में नुक्कड़ सभाओं का संबोधन किया। कैंट विधानसभा के तहत पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने आनंद नगर चौराहा, भाजपा वरिष्ठ पदाधिकारी मनीष शुक्ला ने कृष्णा नगर दुर्गा मंदिर, प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने उदयगंज मंदिर, राज्यसभा सांसद बृजलाल हाता माता दिन, लकड़ी महौल अखाड़ा नुक्कड़ सभा में उपस्थित होकर क्षेत्रवासियों को सांसद की ओर से किए गए विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए पत्रक वितरण किया।

## अवैध शस्त्र बनाने वाले 3394 केन्द्रों पर रेड, 151 को किया गया सीज

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

सघन जांच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1821 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 27 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4688 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,91,064 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 21,71,786 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7994 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8107 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 435 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3394 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 151 केन्द्रों को सीज किया गया। 27 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 5 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया।

### उड़नदस्तों ने जब्त की भारी मात्रा में अवैध शराब, नकदी

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 27 अप्रैल तक 32747.03 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3207.95 लाख रुपये नकद, 4532.16 लाख की शराब, 21688.95 लाख की ड्रग, 2161.59 लाख की धातुएं व 1156.39 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 27 अप्रैल को कुल 169.95 लाख कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया।

### आदेश वापस : समूह ग और घ के कर्मचारियों को नहीं किया जाएगा अनिवार्य रिटायर

लखनऊ। लेसा में 50 साल के ऊपर समूह ग और घ के कर्मचारियों को अनिवार्य रिटायर करने का फैसला वापस हो गया है। पहले तय किया गया था कि 50 साल की उम्र पार कर चुके कर्मचारियों की क्षमता देखी जाएगी। अगर उनके अंदर काम करने की क्षमता कम रहती है तो उनका मूल्यांकन उनको बाहर कर दिया जाएगा। हालांकि जब इसका विरोध हुआ तो उस फैसले को रद्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि खुद ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इसमें हस्तक्षेप किया है। लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। ऐसे में कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहता है। इस आदेश के बाद सभी बिजली कंपनियों में इस उम्र से ज्यादा लोगों की कार्यक्षमता के मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी थी। दूसरी तरफ श्रम संगठन और अभियंता संघ ने इसका विरोध भी करना शुरू कर दिया था। लेखा लिपिक, क्लास फोर की स्क्रीनिंग, टेक्निकल ग्रेड-2 की स्क्रीनिंग होनी थी। मूल्यांकन के बाद शासनादेश में वर्णित व्यवस्थाओं के मुताबिक कार्यवाही की जानी थी। जो अनफिट होंगे उन्हें शासनादेश में दी गई व्यवस्था के तहत अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाएगी। इस आदेश में सैकड़ों कर्मचारियों पर जबरन रिटायर होने की स्थिति आ गई थी।

## सिलेंडर ब्लास्ट से मकान गिरा, चार घायल

**मौके पर पहुंची पुलिस फायर ब्रिगेड की टीम कर रही मामले की जांच**

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौक इलाके में एक दर्दनाक हादसा हुआ जहां एक मकान में खाना बनाते समय रसोई गैस का सिलेंडर फट गया जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान घर में एक मासूम बच्ची सहित परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मामले की जांच कर रही है।

पड़ोसियों ने बताया कि खाना बनाते समय एकदम से सिलेंडर ब्लास्ट हो गया जिससे मकान गिर गया। सिलेंडर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। बाहर निकले लोगों ने देखा कि मकान गिरा हुआ है जिसके बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड पुलिस की टीम में कार्रवाई करते हुए गंभीर रूप से चोटिल बच्ची व परिजनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा चौक थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिया पीजी कॉलेज के पास स्थित एक गली में हुआ है। यहाँ पर गुलाब कश्यप के मकान में खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर ब्लास्ट हो गया।


लोगों ने बताया कि सिलेंडर से गैस लीक हो रही थी इस दौरान सिलेंडर में आग लग गई जिसके चलते सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। हादसे में राजकुमार कश्यप, पिंकी कश्यप, जगदीश, और 1 वर्षीय विदिशा गंभीर रूप से घायल हुई है। अधिकारियों ने बताया कि आज लगभग 11.55 पर चौक फायर स्टेशन पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना चौक के अंतर्गत शिया पीजी कॉलेज के पास एक गली में मकान गिर गया है उसे पर तत्काल कार्रवाई करते हुए चौक फायर स्टेशन से 5330 और 3369 दो गाड़ियां घटना स्थल के लिए भेजे गए घटनास्थल पर पहुंच कर देखा गया की गुलाब कश्यप का मकान सिलेंडर फटने के कारण गिर गया है जिसमें चार लोग घायल हुए जिन्हें स्थानी पुलिस की सहायता से उचित इलाज हेतु ट्रामा सेंटर भिजवा दिया गया।

### दोस्त की पत्नी से दुष्कर्म, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मड़ियांव कोतवाली अंतर्गत दोस्त की पत्नी को प्रसाद में नींद की गोलियां खिलाकर उससे दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया है। होश में आने के बाद महिला ने विरोध किया तो आरोपी सोशल मीडिया पर उसका वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। हालांकि, कोर्ट के आदेश पर मड़ियांव पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक, क्षेत्र की रहने महिला ने सोनू उर्फ आशीष शर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि आरोपी उसके पति का दोस्त है। जिस वजह से आरोपी उसके घर अक्सर आता जाता था। दो वर्ष पूर्व आरोपी दोस्त की गैर मौजूदगी में उसके घर पहुंचा। जिसके बाद प्रसाद में नींद की गोलियां मिलाकर महिला की खिला दिया। प्रसाद का सेवन करने से महिला का सिर चकराने लगा और वह बेसुध हो गई। तभी आशीष ने बेहोशी की हालत में उससे दुष्कर्म किया। महिला का आरोप है कि दो वर्षों तक आशीष उसे ब्लैकमेल कर यौन शोषण करने लगा। गत 9 जनवरी 2024 को आरोपी ने उससे संबंध बनाने का दबाव बनाया तब महिला ने इंकार कर लिया। इस पर आरोपी ने महिला की पिटाई कर दी। इसके बाद पीड़िता ने मड़ियांव थाने में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। हालांकि कोर्ट के आदेश पर मड़ियांव पुलिस ने आरोपी पर दुष्कर्म की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## केजीएमयू में विशेषज्ञों ने दिए थैलेसीमिया-व एनीमिया के इलाज को लेकर टिप्स

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। केजीएमयू के हेमेटोलॉजी कांफ्रेंस के दूसरे दिन विशेषज्ञ चिकित्सकों ने गंभीर रोगियों के इलाज और उपचार पर व्याख्यान दिया। इस दौरान ब्लड से जुड़ी तमाम समस्याओं के लिए लेटेस्ट और एडवांस ट्रीटमेंट पर टिप्स दिया। इससे पहले फर्स्ट सेशन में राज्य के संस्थानों से हेमेटोलॉजी में पीजी कर रहे चिकित्सकों ने भाग लिया।

इसमें बीएचयू की टीम ने पहला स्थान, आरएमएल लखनऊ की टीम को दूसरा स्थान मिला। वही, दूसरे सत्र में पीजीआई चंडीगढ़ की डॉ. रीना दास में जन्मजात खून से जुड़ी समस्याओं पर अपनी बात रखी। थैलेसीमिया के मरीजों में आयरन ओवरलोड होने की समस्या होती है। ऐसा बार रक्त चढ़ाने से होती है। ऐसे मरीजों की जांच, उपचार और लाइन ऑफ ट्रीटमेंट को लेकर उड़ीसा के डॉ.आरके जेना ने बताया। मुंबई के डॉ.अभय भावे ने एनीमिया बिषय पर बोलते हुए बताया कि आयरन की कमी एक सामान्य समस्या हैं। इसके उपचार में आयरन की गोली का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि गंभीर रोगियों को नस के द्वारा आयरन देना भी सुरक्षित माना गया हैं। दिल्ली के डॉ.दिनेश भूरानी ने एक्यूट मयलोइड ल्यूकीमिया की बुजुर्ग रोगियों में पहचान मुश्किल होता हैं। उन्होंने बीमारी की पहचान और उपचार के लिए विशेष जांचों के बारे में बताया। बढ़ती उम्र में उपचार में आने वाली समस्याओं और उनसे निपटने के तरीकों के बारे में भी बताया। फरीदाबाद के डॉ.तथागत चटर्जी ने एक्यूट मयलोइड लुकीमिया जैसी बीमारियों में आधुनिक विधि जैसे एनएसजी यानी नेक्स्ट जेनरेशन सिक्विनसिंग से इलाज में होने वाले फायदे को बताया। अंतिम सत्र में कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने क्वालिटी रिसर्च पर जोर देते हुए कहा कि शोध के जरिए रोगियों के उपचार में बड़ी सफलता हासिल करना चाहिए।

**जनसभा** — **मुख्यमंत्री ने आगरा से लोकसभा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल के पक्ष में की जनसभा, कहा**

# भारत की समृद्धि के लिए जाएगा कमल पर पड़ा वोट

समृद्धि न्यूज



लखनऊ/आगरा। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में रामलला का आगमन हुआ। यहां के हस्तशिल्पियों व कारीगरों ने 21 टन का घंटा ले जाकर अयोध्या में जलेसर की आवाज को पहुंचाने का कार्य किया। जलेसर का घंटा जब गूंजता है तो पूरे देश की आस्था फिर से जागृत होकर आपको धन्यवाद देती है। कांग्रेस ने 65 वर्ष और सपा-बसपा ने लंबे समय तक शासन किया, लेकिन उन्होंने न जलेसर की सुध ली और न ही उन्हें रामलला के मंदिर के बारे में अता-पता था।

कांग्रेस ने कहा कि राम हुए ही नहीं। रामभक्त जब कहते थे कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे तो सपा कहती थी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। परिंदा तो क्या, अब वहां प्रतिदिन लाखों रामभक्त आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से अपील की कि कमल निशान पर पड़ने वाला आपका वोट रामलला के श्रीचरणों में भारत की समृद्धि के लिए जाएगा। मुख्यमंत्री एटा के जलेसर में आगरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी, सांसद व केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के पक्ष में मतदाताओं से जनसभा में कहा कि जनता की कृपा से एसपी सिंह बघेल की जीत पक्की है पर इस बार ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाना है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि होली खेलने के साथ ही 500 वर्षे के बाद वहां रामलला का पावन जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान सूर्य देव ने भी सूर्यवंश मणि भगवान राम का रामनवमी पर दोपहर 12 बजे तिलक किया। यह अवसर भाजपा सरकार के कारण आया है। सपा, बसपा व कांग्रेस के लोग आस्था व सुरक्षा के साथ खेलने वाले हैं। यह नहीं चाहते थे कि रामलला विराजमान हों।

### पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने दिया असत्यमेव पराजयते का नारा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विपक्षी दलों के समूह 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के उत्तर प्रदेश में सबसे प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को 'असत्यमेव पराजयते का नया नारा देते हुए बिना नाम लिए सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर कहा, '' झूठ बोलना दरअसल मूर्ख बनाने की मानसिक साजिश का शाब्दिक रूप होता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, '' झूठ बोलने की आदत एक दिन उस स्तर पर पहुंच जाती है कि लोग अपनों से ही नहीं, अपने आप से भी झूठ बोलने लगते हैं जो उनके आपसी संबंधों और स्वयं के पतन का कारण बन जाता है। सपा प्रमुख ने कहा, '' झूठ को अपनी बुनियाद बनाने वाले रेत को सीमेंट समझने की भूल कर बैठते हैं। इसी कारण जब वो झूठ पर अपनी इमारत बड़ी से बड़ी करते जाते हैं तो एक दिन वो महाझूठ का दुर्ग खुद के भार से ही ढह जाता है। इसीलिए हर युग में अंत में जीतता सच ही है। असत्यमेव पराजयते! अखिलेश यादव अक्सर अपनी सभाओं में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दुनिया की सबसे बड़ी झूठी पार्टी करार देते हैं और इसके शीर्ष नेताओं पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हैं।



# भीषण गर्मी में लोगों का घर से निकलना मुश्किल

- लंबे समय तक गर्मी में रहने से शरीर पर प्रतिकूल असर पड़ता है : डॉ. धीरेन्द्र तिवारी

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



जिले में भीषण गर्मी का असर शाम ढलने तक दिख रहा है। दोपहर में चिलचिलाती धूप परेशान कर रही है, वहीं शाम छः बजे तक गर्म हवा बह रही है। ऐसे में लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। सुबह 8 बजे से तेज धूप के कारण सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हो जा रही है।

तापमान लगभग 25 से 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जा रहा है। वहीं दोपहर एक बजे तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक चला जा रहा है। ऐसे में बाहर काम करने के बाद जब लोग घर लौट कर आ रहे हैं। तो उनके चेहरे पर सुस्ती आ नजर आ रही है। लापरवाही बरतने वाले लोग बीमार भी पड़ रहे है। दोपहर में आवश्यक काम होने पर ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। जिनका निकलना जरूरी होता है, वह सड़क के किनारे छांव की तलाश करने को विवश हो जाते हैं. वहीं पारा बढ़ने से लू लगने की संभावना है, इसलिए सावधानी बरतें। गर्म हवाओं की वजह से सबसे ज्यादा खतरा बच्चों, बुजुर्गों को रहता है. वह जल्दी बीमार हो जाते है। सीएचसी विशेश्वरगंज अधीक्षक डॉ धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि लंबे समय तक गर्मी में रहने से शरीर पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

लू लगने की संभावना बढ़ती है। डिहाइड्रेशन हो जाता है, क्योंकि शरीर से अधिक पानी शरीर से बाहर निकल जाता है. इसके बाद उल्टी और दस्त की समस्या शुरू हो जाती है। शरीर बहुत गर्म हो जाता है और चक्कर आने लगती है। ऐसे में बार बार पानी पिये, और घर से खाली पेट न निकले।

## बाइक सवार को बचाने के चक्कर में विद्युत पोल से टकराई कार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के नवाबगंज-मनकापुर रोड पर विजय पैकर्स के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई जिसमें कार चला रहे उपनिरीक्षक व सवार को चोटें आई हैं।

रविवार की सुबह मनकापुर थाने के उपनिरीक्षक शुभांशु पाठक अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से मनकापुर की तरफ जा रहे थे। विजय पैकर्स के पास सड़क पर आगे जा रहा एक बाइक सवार अनियंत्रित हो गया, जिसे बचाने के चक्कर में कार भी अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई जिससे कार चला रहे उपनिरीक्षक को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से कार सवारों को बाहर निकाला गया। सूचना पर मौके पर पहुंची मनकापुर पुलिस ने मामूली रूप से घायल उपनिरीक्षक को अपने साथ मनकापुर लेकर चली गई। इस संबंध में नवाबगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि कार चालक उपनिरीक्षक को प्राथमिक उपचार के लिए मनकापुर भेजा गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### समाजवादी पार्टी के जिला सचिव बनाए गए बब्बू सिंह



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** लम्बे समय से समाजवादी पार्टी से जुड़कर लोगों के दु:ख-दर्द में शामिल रहने वाले युवा समाजसेवी उपेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बब्बू सिंह को पार्टी का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने बताया कि मनकापुर विधानसभा क्षेत्र के लोढ़ियाघाटा गांव निवासी युवा नेता उपेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बब्बू सिंह लम्बे समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं। उनकी मेहनत, लगन, पार्टी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति निष्ठा को देखते हुए समाजवादी पार्टी का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। इससे संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। बब्बू सिंह के जिला सचिव नियुक्त किए जाने पर राकेश सिंह पूर्व प्रधान बाल्हाराई, अवनीश सिंह प्रधान कोयली जंगल, पराग दत्त मिश्रा पूर्व प्रधान नगवा, अर्जुन सिंह सपा नेता कोयली जंगल, आकाश सिंह सपा नेता चेतपुर, जीतन काका, पंकज सिंह चेतपुर, मनोज सिंह, कपिल देव सिंह, शिवनारायण सिंह, उमेश कुमार सिंह, राजबहादुर सिंह, संतोष सिंह, पुनीत सिंह, एमपी सिंह लोढ़ियाघाटा, राधिका प्रसाद यादव, द्वारिका प्रसाद यादव, अमेरिका प्रसाद यादव, शिवशंकर यादव परमापुर, गौरव सिंह विशुनपुर बैरिया, आशीष सिंह कोटेदार माथेपुर सहित तमाम लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### कैसरगंज लोकसभा सीट पर निर्णय में देरी पर लोगों की नजर

**नरेंद्र लाल गुप्ता, गोंडा, समृद्धि न्यूज।** यदि इतना समय बीतने के बाद भी भारतीय जनता पार्टी हो या समाजवादी पार्टी हो कैसरगंज लोकसभा सीट से प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं कर पाती है तो बहुत ही देर हो जाएगी और ऐसे में जो भी प्रत्याशी वहां चुनाव लड़ने के लिए आएगा उसके लिए बहुत ही ज्यादा दिक्कतें खड़ी होगी और तब पार्टी का नुकसान भी संभव है क्योंकि जब दोनों पार्टियों ने देखा देखी पाप और देखा देखी पुण्य की तर्ज पर चलना शुरू कर दिया है ऐसे में में दोनों पार्टियों को सोचना चाहिए जिस भी प्रत्याशी का नाम कैसरगंज लोकसभा सीट से घोषित किया जाएगा उसे चुनाव प्रचार के लिए समय कहां मिलेगा और अपनी बात को जनता के बीच में कैसे रख पाएगा भारतीय जनता पार्टी के बारे में एक ही बात कही जा रही है कि पूरा भारत मोदी का परिवार है किंतु जब प्रत्याशी को वहां की जनता ना जान पाएगी ना समझ पाएगी तो वोट करने में उसे कितनी दिक्कत आएगी इस बात का अंदाजा धरातल पर उतरकर ही लगाया जा सकता है यहां समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को भी सोचना चाहिए कि अगर भाजपा अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं कर रही है तो कम से कम समाजवादी पार्टी को अपने प्रत्याशी का नाम घोषित कर देना चाहिए क्योंकि एक पूर्व समाजवादी विधायक से चर्चा करने पर उनका भी यही मत है कि यदि पार्टी दो माह पहले प्रत्याशी उतार देती तो चुनाव का रंग कुछ और होता किंतु प्रत्याशियों के नाम की घोषणा न करने का इन दोनों पार्टियों के मुखियाओँ को इन बातों को समझने की आवश्यकता है ।

### जमीनी विवाद में दो पक्षों में चटकी लाठियां, पांच घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राम गांव क्षेत्र में गेहूं की कटी फसल की दंबाई करा रहे किसानों पर रविवार सुबह हमलावरों ने ताबड़तोड़ लाठियां भांजी। जिसके चलते भगदड़ मच गई। हमलावरों ने किशोरी सहित चार को घायल कर दिया। घायलों को आनन फानन में मेडिकल कॉलेज लाया गया है। दो घायलों के सिर में गंभीर चोटे आई है।रामगांव थाने के मुकेरिया गांव में रविवार सुबह 55 वर्षीय मोतीलाल पुत्र बधाई, उनके भाई 45 वर्षीय शत्रोहन, 30 वर्षीय हरिद्वार पुत्र मोतीलाल, 17 वर्षीय विनीता पुत्री परशुराम खेत से कटकर आई गेंहू की फसल की दंबाई करा रहे थे। रविवार सुबह लगभग नौ बजे अचानक इसी गांव के लव कुश सहित आधा दर्जन हमलावरों ने लाठी डंडों से लैस होकर अचानक हमला कर ताबड़तोड़ लाठियां भांजी।जिसके चलते मोतीलाल, हरिद्वार के सिर में गंभीर चोटे आ गई । विनीता व शत्रुह्न भी घायल हो गए। किसी ने इसकी सूचना थाने पर दी। थानाध्यक्ष शशिकुमार राणा पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस की भनक पाकर हमलावर फरार हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### आचार संहिता के बीच सफाई कर्मियों स्थानांतरण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा आदर्श आचार संहिता में ट्रांसफर-पोस्टिंग और संबद्धीकरण पर रोक है लेकिन नियमों को धता बताकर एडीओ पंचायत ने तीन सफाई कर्मियों को ब्लॉक से संबद्ध कर दिया। मामला जिले के विकास खंड सिरालीगौसपुर के एडीओ पंचायत आनंद सिंह से जुड़ा है जिन्होंने ग्राम पंचायत सोंधवा के सफाई कर्मी सुंदरलाल, मौलाबाद के सुभाष और भैंसुरियां के जितेंद्र कुमार को उनके गाँव के सफाई कार्य से हटाकर ब्लॉक में अटैच कर दिया है।इस समय संचारी रोग नियंत्रण अभियान भी गाँवों मे चल रहा कि जिससे साफ सफाई के लिए उनको गाँवों में रहना जरूरी है। बताते है कि अटैच के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी से अनुमोदन भी ले लिया गया। नियम तो यह है कि आचार संहिता के दौरान किसी भी कर्मी का अटैचमेंट या ट्रांसफर नहीं हो सकता है।यदि बहुत जरूरी है तो चुनाव आयोग से अनुमति के बाद किया जाए। इसमे यह नही हुआ। पूर्व में निदेशक पंचायती राज का आदेश था कि एक सफाईकर्मी ब्लॉक में अटैच किया जा सकता है लेकिन वह भी जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश से होगा ।इसी आदेश का हवाला देकर यह कार्य कराया गया । बताते है कि ब्लॉक के एडीओ पंचायत पहले भी अपने कारनामो से चर्चित रहे हैं। पूर्व में तैनात बीडीओ मोनिका पाठक के खिलाफ कुछ प्रधानों व सचिवों को भड़काकर धरना तक बैठ गए थे।यह जंहा जंहा रहे अपनी खराब कार्य शैली से चर्चित रहे।विभागीय कार्य न करना पड़े इस लिए हमेशा विवाद पैदा करते रहते हैं। बीडीओ अमित त्रिपाठी कहते है कि मामले की जानकारी होते ही उच्च अधिकारियो को सूचित कर दिया गया है। डीपी आर ओ ने बताया कि उन्हे पता है।विस्तृत रिपोर्ट मंगवाई गई है। इसी के बाद कुछ बता सकेंगे।

## जिला पंचायत सदस्य सहित दर्जनों लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

भाजपा नेता पवन सिंह मझारा के नेतृत्व में रविवार को कई ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान एवं जिला पंचायत सदस्य समेत तमाम लोग भाजपा में शामिल हो गए। गोण्डा सांसद व प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

सांसद राजा भैया के आवास मनकापुर कोट में वजीरगंज ब्लॉक से विनोद सिंह प्रधान अजबनगर, वीरेन्द्र सिंह प्रधान चनहा एवं नवाबगंज ब्लॉक से टिंकू सिंह पूर्व प्रधान कोल्हमपुर राष्ट्रवादी विचारधारा के सिद्धांत को आत्मसात कर मोदी के परिवार का सदस्य बने। पवन सिंह मझारा के नेतृत्व में सभी लोगों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। सांसद राजा भैया ने पार्टी में शामिल होने पर सभी का स्वागत किया और हर स्तर पर सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके पर अशोक सिंह, स्वामीनाथ सिंह, गुड्डू सिंह कोठा, मंगल सिंह, ईंदल यादव जिला पंचायत सदस्य नवाबगंज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान शिविर में 32 लोगों ने किया रक्तदान

**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़**




रविवार को मारवाड़ी युवा मंच गोन्डा शाखा एवं मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा द्वारा शहर के एस सी पी एम हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि डॉ ओ एन पांडेय और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अनिल मित्तल और डॉ आलोक अग्रवाल रहें। मंच द्वारा सभी अतिथियों को दुप्पटा पहनाकर सम्मानित किया गया। एवं अस्पताल के सहयोगियो को भी मंच द्वारा सम्मानित किया गया।

शिविर में 32 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदान करने वाले को मंच के रक्तदान संयोजक अमित गर्ग द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। और सभी रक्तदान करने वाले को पुनीत कार्य करने के लिए मंच ने आभार व्यक्त किया।रक्तदान शिविर में हास्पिटल के सहयोगी टेक्निकल सुपर वाइजर बी पी तिवारी और देवेश जालान ने रक्तदान में विशेष सहयोग किया। और एक बैठक में मारवाड़ी युवा मंच शाखा द्वारा पीयूष मित्तल को मारवाड़ी युवा मंच शाखा का महामंत्री नियुक्त किया गया।

महामंत्री नियुक्त किए जाने पर मंच के पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर किया। प्रांतीय सदस्य विकास जैन, मुकेश नहारिया,अमित गर्ग और प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलम जैन ने सर्व सम्मति से गोपाल मित्तल को अध्यक्ष, पीयूष मित्तल को महामंत्री और सचिन पचेरिया को कोषाध्यक्ष एवं महिला मंडल में नीतू गर्ग को अध्यक्ष, सरिता अग्रवाल को महामंत्री और पुष्पा अग्रवाल को महिला मंडल का कोषाध्यक्ष चुना गया।

शिविर के दौरान मंच के प्रांतीय सदस्य विकास जैन, रक्तदान संयोजक अमित गर्ग, मुकेश नहारिया,गोपाल मित्तल, शाखा सचिव पीयूष मित्तल, कोषाध्यक्ष सचिन पचेरिया, कन्हैया अग्रवाल, प्रांतीय सदस्या नीलम जैन,शाखा अध्यक्ष नीतू गर्ग, प्रेम लता सिंघल, संगीता अग्रवाल,सोनम अग्रवाल ,बेनू अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, कृष्णा नहारिया, अतुल गर्ग, हर्षित अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल, नितिन पचेरिया, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न

- पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : प्रदीप

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



रविवार को गोण्डा जनपद के सिचाई विभाग स्थित मीटिंग हॉल मे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न की गई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल उपाध्यक्ष अनिल कुमार दूबे, संरक्षक अम्बिकेश्वर प्रताप पाण्डेय, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी उपस्थित रहे मीटिंग मे जिलाध्यक्ष ने सभी सदस्यों की उपस्थिति मे बताया कि आने वाले 30 मई को राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर धूमधाम से संगठन के सभी सदस्यों की उपस्थिति मे उनके सम्मान मे कार्यक्रम भी रखा जाएगा।

कोश के विषय मे बातें की गई खबर बड़ी होती है पत्रकार बड़ा नहीं होता- वहीं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हमारे साथी प्रवीण श्रीवास्तव के पिता जी के देहांत होने पर पत्रकारों द्वारा शोक सभा व्यक्त किया गया इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष अनिल कुमार द्विवेदी, मुन्ना लाल पांडे पं. बागीश तिवारी जिला संगठन मंत्री दिनेश चंद्र तिवारी विजय कुमार सोनी शिव कुमार पाण्डेय दीपक कुमार कौशल दुर्गेशजायसवाल मोहन लाल चौहान पंकज पाण्डेयआनंद पाण्डेय रामकुमार बृज भूषण तिवारी सुशील कुमार द्विवेदीआकाश श्रीवास्तव गुरु वचन शर्मा गौरी शंकर चतुर्वेदी खुशबू कनौजिया राहुल तिवारी रंजीत तिवारी अर्जुन प्रसाद मिश्र काशी राम मौर्य कुलदीप शुक्ला अनुज कुमार सुधीर पाण्डेय सूर्य मणि द्विवेदी मुकेश कुमार मिश्र मोहम्मद रियाजुद्दीन विनोद तिवारी अमित पाण्डेय शिवा नंद मिश्र सूरज शुक्ला रण विजय सिँहवैजनाथ अवस्थी विपिन सिँह महेश गोस्वामी मुकेश मिश्रा सहित मौजूद रहे।

## भाजपा ने अनुसूचित जनजाति को बढ़ाया आगे : संजय

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- बलई गांव में अनुसूचित जनजाति सम्मेलन का आयोजन



लोकसभा क्षेत्र बहराइच में 10 प्रत्याशियों के मैदान में उतरने पर अब चुनाव प्रचार अपने चरम पर पहुंच चुका है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने अनुसूचित जनजाति सम्मेलन का आयोजन भारत नेपाल सीमा पर स्थित बलाईगांव में रविवार को किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार गोंड रहे। श्री गोड ने संबोधन में अनुसूचित जाति के समाज को लोगों को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को जिताने की अपील की तथा पार्टी के द्वारा अनुसूचित जनजाति समाज को आगे बढ़ाने के कार्य का बखान किया। बहराइच लोकसभा क्षेत्र के बलहा विधानसभा में निरंतर जारी विकास का सम्मेलन में अक्षयबर लाल गोंड ने अनुसूचित जाति के लोगों इसका बखान किया। सभी से आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। इस दौरान इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री विनोद कुमार पटेल, भाजपा जिला महामन्त्री मनीष कुमार आर्य, योगेश प्रताप सिंह, पिन्टू मौर्य, रामकिशोर गुप्ता, धीरज गोड, शिवेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। चुनाव प्रचार कार्यक्रम के दौरान सांसद बहराइच ने चुनावी चौपाल के माध्यम से करमोहना ग्राम सभा में विजय कुमार मौर्य के आवास पर एकत्र मतदाताओं को आगामी चुनाव में वोट देने की अपील की। जिस तरह निरंतर आप ग्रामीणों के कहने पर उनकी आवश्यकता अनुसार विकास कार्य किया है इसी तरह विकास कार्य करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि करमोहना गांवको कटने से बचाने के लिए जो मैंने करोड़ों रुपए के बजट से स्पर बनाने का काम किया है। आगामी इसी तरह आगे भी विकास कार्य होते रहेंगे। ग्राम प्रधान करमोहना सिराजुल अंसारी, विजय कुमार मौर्य, श्रवण कुमार मदेशिया, बलराम मौर्य, भोला सिंह, सन्तोष विश्वकर्मा, गजराज साहनी, अवध बिहारी सिंह सहित भारी संख्या में भाजपा समर्थक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## गैस सिलेंडर से भड़की आग, दो दर्जन मकान राख

- 13 लाख से अधिक का हुआ नुकसान
- राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कैसरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गोडहिया नम्बर दो के मजरे रकबा में रविवार की दोपहर गैस सिलेंडर से लगी आग से दो दर्जन घर जलकर राख हो गए तथा लाखों रुपए की संपत्ति जल का नष्ट हो गई। अग्निशमन दल के पहुंचने पर ग्रामीणों की मदद से किसी प्रकार आग पर काबू पाया जा सका। एसडीएम पंकज दीक्षित ने राजस्व टीम के साथ अग्नि पीड़ित गांव पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने पीड़ितों को ढांढस बंधाया तथा शीघ्र अहेतुक सहायता दिलाए जाने का आश्वासन दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर में गांव निवासी बबलू के घर मे अचानक सिलेंडर से आग लग गई देखते ही देखते आग पूरे गांव में फैल गई जिससे रामतेज, नंदकिशोर, ननकू, सुकई, संजय, बबलू, राधेश्याम, कुवरि, अशर्फी, मनोरथ, कल्लू, मगन रामफल, नौमी लाल, पेशकार, कमलेश, विनोद,उमेश, सुनील, जगत राम, नीरज, प्रमोद, बनवारी, सुर्जन, प्रहलाद, पप्पू सहित 24 लोगों के घर जलकर राख हो गए। कई घरेलू सिलेंडर भी जलकर नष्ट हो गए।अग्निकाण्ड मे लोगों के घरों में रखा अनाज व नगदी भी चलकर नष्ट हो गई इस अग्निकांड में लगभग 10 लख रुपए की संपत्ति नष्ट होने का अनुमान है। एसडीएम पंकज दीक्षित ने अग्नि पीडित गांव पहुंचकर लोगों को ढांढस बंधाया।उन्होने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बलराम यादव को निर्देशित किया कि अग्नि पीड़ितों के भोजन की व्यवस्था कराये। उन्होंने शीघ्र ही अहेतुक सहायता दिलाए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने मौजूद लेखपाल को हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं।

### एसडीएम के साथ पुलिस ने किया मुआयना

गांव में लगी आग की सूचना मिलने पर एसडीएम राजस्व टीम के साथ पहुंचे। सीओ ने अग्निकांड का जायजा लिया। राजस्व विभाग द्वारा बनाए गए रिपोर्ट में 13 लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

## युवक और वृद्ध समेत पांच की मौत

- अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुआ सड़क हादसा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में युवक, पुजारी और अज्ञात समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मुर्तिहा कोतवाली के अमृतपुर पुरैना कांटा निवासी 25 वर्षीय रूदल राजभर पुत्र श्याम बहादुर, उसका चचेरा भाई 24 वर्षीय पवन कुमार राजभर पुत्र सुभाष शनिवार रात बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही बाइक सेमरी मलमला के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक आगे जा रही बैलगाड़ी से जा भिड़ी। जिसके चलते बाइक सवार दोनो घायलो को आनन फानन मे एंबुलेंस से मोतीपुर सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने रूदल को परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेडवा अल्पी मिश्र गांव निवासी बाबा रामदास को अरई पुलिया के पास दो दिन पूर्व वाहन की टक्कर से घायल हुए थे। रात में उपचार के दौरान बाबा की मौत हो गई।

कोतवाली देहात क्षेत्र के लखनऊ बहराइच मार्ग पर 25 अप्रैल को अज्ञात व्यक्ति को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार रात को अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। उधर गोंडा जिले के थाना कौडिया के ग्राम पकड़ी मारूडीहा शंकर गौतम (75) पुत्र दर्शन गौतम विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र ग्राम कंछर में शनिवार को गैस सिलेंडर भरवाने बाइक से आए थे। हादसे में वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस की सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। बलरामपुर जिले के थाना गौरा चौराहा के ग्राम रतनपुर विजय नगर निवासी ओम प्रकाश (50) पुत्र राम समुझ पैदल जा रहे थे। अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल बलरामपुर से मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

### नौ दिन पहले हुई थी शादी

मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के सेमरी मलमला गांव के पास हुए हादसे में दम तोड़ने वाले रुदल की पत्नी और परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। घायल चेचेरे भाई पवन राजभर ने बताया कि नौ दिन पहले ही रुदल राजभर का विवाह हुआ था। लेकिन नियत ने भाई को काल के गाल में पहुंचा दिया।

## विक्टोरिया लाइट से जगमग हुआ नगर पालिका का पार्क

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- डॉल्फिन फाउंटेन, हिरण और पौधारोपण से बढ़ी सुंदरता
- दस लाख की लागत से नगर पालिका पार्क को दी गई सुरम्यता



शहर में स्थित नगर पालिका के पार्क को दूल्हे की तरह सजा दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष और प्रशासन की ओर से कराए गए कार्य में विभिन्न निर्माण कार्य उसकी सुंदरता को बढ़ा रहे हैं।

पार्क बनने से शहर के लोगों को भी काफी सहूलियत मिलेगी।नगर पालिका परिषद बहराइच के सामने नगर पालिका का पार्क स्थित है। इस पार्क का निर्माण काफी समय से नहीं हो रहा था। जिसके चलते नगर पालिका अध्यक्ष सुधा देवी ने ईओ प्रमिता सिंह से वार्ता कर उसके निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव बनाया। नगर पालिका अध्यक्ष सुधा देवी ने बताया कि शासन और जिला प्रशासन की ओर से हरी झंडी मिलने पर एक माह पूर्व कार्य शुरू कराया गया था।

नगर पालिका की ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि सफाई के बाद बेहतर कार्य नगर पालिका में करवाया गया है। नगर पालिका पार्क को हैरिटेज लाइट/विक्टोरिया से चारों तरफ़ अच्छादित किया गया है। रात्रि में पार्क की सुंदरता देखते ही बनती है। उन्होंने बताया कि पार्क की सुंदरता और निर्माण पर 10 लाख रूपये का खर्च आया है। जिसमें डॉल्फिन फाउंटेन, हिरण की मूर्ति, हरी घास के साथ पौधरोपण भी कराया गया है। पार्क पूरी तरह से सुंदर दिख रहा है। रात में इसकी सुरन्यता और बेहतर हो रही है।

### इंटर लॉकिंग का कार्य भी हुआ

नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित पार्क में इंटर लॉकिंग का कार्य कराया गया है। इससे शहर के लोगों को सुबह और शाम टहलने में काफी लाभ मिलेगा। शरीर स्वस्थ रहेगा।

*सुधा देवी अध्यक्ष*

### पूरा पार्क हुआ जगमग

लखनऊ से पार्क में लाइट लगाने के लिए मंगवाया गया था। विक्टोरिया लाइट पूरे पार्क परिसर में लगा है। लाइट जलते ही पार्क की सुंदरता देखते बन रही है। शहर वासियों को इसका लाभ मिलेगा।

*प्रमिता सिंह ईओ*

## माफिया गब्बर सिंह के मकान का मूल्यांकन करने पहुंची टीम लौटी वापस

- सही नहीं मिली चौहद्दी, पुराने अभिलेख जांचने की कही बात

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** शहर के रायपुर राजा में जेल में बंद जिला पंचायत सदस्य माफिया देवेंद्र सिंह गब्बर के मकान का मूल्यांकन करने के लिए शनिवार को अधिकारियों की टीम पहुंची। हालांकि चौहद्दी सही न मिलने के चलते टीम वापस लौट गई। कोतवाली देहात के रायपुर राजा में पयागपुर के जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह उर्फ गब्बर की पत्नी के नाम मकान स्थित है। माफिया गब्बर सिंह इस समय जेल में बंद हैं।पुलिस ने इस मकान की मूल्यांकन की मांग जिला मजिस्ट्रेट से की थी। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सिटी मजिस्ट्रेट को मूल्यांकन करवाने के निर्देश दिए दिए। सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के निर्देश पर शनिवार को नगर पालिका की ईओ प्रमिता सिंह, तहसीलदार अभय राज पांडेय, अधिशाषी अभियंता विनियमित क्षेत्र समेत पांच सदस्यीय टीम पहुंची।इसके अलावा लेखपाल महेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी अशोक सिंह, एसएसआई कोतवाली देहात विनय पांडेय, उप निरीक्षक राम चंद्र यादव भी पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में राजस्व और नगर पालिका की टीम ने माफिया की पत्नी के नाम बने मकान की चौहद्दी जांची। लेकिन अभिलेख कुछ सही नहीं मिला। इस पर तहसीलदार ने पुराने अभिलेख जांचने की बात कही। इसके बाद टीम वापस चली आई।

# एक ही कक्ष में संचालित हो रही है पांच कक्षाएं

- क्षेत्र का एक ऐसा विद्यालय जहां न है शुद्ध पीने का जल, और न है विद्यालय तक जाने का सही रास्ता
- विभागीय अधिकारियों को है जानकारी फिर भी मौन



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

निरंतर अपने अजीबोगरीब कारनामों से चर्चा में रहने वाला शिक्षा विभाग एक बार फिर चर्चा का विषय तब बन गया जब क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में अव्यवस्थाओं के दौर को देखने के साथ-साथ एक ही कक्ष में पांच कक्षाएं संचालित होने की खबर प्राप्त हुई। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि बछरावां विकासखंड की मैनाहार कटरा ग्राम सभा के देरहटा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय देरहटा की स्थिति इतनी अव्यवस्थित एवं दयनीय है कि जिनकी स्थिति को बया कर पाना संभव नहीं है।

**विद्यालय परिसर में नहीं है साफ सफाई की व्यवस्था :-** इस संबंध में विद्यालय के सहायक अध्यापकों का कहना है कि विद्यालय में अत्यधिक गंदगी होने के कारण कभी-कभी हम लोगों को स्वयं विद्यालय परिसर की साफ सफाई करनी पड़ती है क्योंकि यहां पर कोई भी सफाई कर्मचारी नहीं आता है, जिसकी शिकायत हमने कई बार खंड शिक्षा अधिकारी महोदय एवं ग्राम प्रधान से भी की है परंतु कोई सकारात्मक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

**इस समस्या पर क्या कहते हैं ग्राम प्रधान:-** इस समस्या पर जब ग्राम सभा के मुखिया ग्राम प्रधान राजाराम यादव से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि विद्यालय में न तो गंदगी की कोई समस्या है और न ही और कोई अन्य समस्याएं है।

**इस समस्या पर क्या कहते हैं खंड शिक्षा अधिकारी:-** विद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा ने संवाददाता से मुलाकात करने के लिए दोपहर 2:00 बजे के बाद समय दिया, परंतु समय पर पहुंचने पर संवाददाता ने जब उनको फोन किया तो न तो उन्होंने फोन उठाया और न ही मौखिक रूप से कोई जवाब दिया। ताज्जुब की बात तो यह है कि विद्यालय की स्थिति एवं विद्यालय की अव्यवस्थाएं विभाग के अधिकारी एवं ग्राम प्रधान के संज्ञान में है परंतु जिम्मेदार इस समस्या पर मौन धारण किए हुए अपनी जिम्मेदारियों से किनारा करते हुए नजर आ रहे हैं जो कहीं न कहीं शिक्षा व्यवस्था पर उनकी अनुशासनहीनता के कारण गहरी चोट करते हुए उसे बेपटरी करने पर लगी हुई है।

### विद्यालय में जर्जर भवन



विद्यालय में जर्जर भवन को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय पाल यादव ने संवाददाता से बातचीत के दौरान बताया कि विद्यालय में भवन की स्थिति बहुत ही समस्या पूर्ण है, हमारे पास भंडार गृह एवं प्रधानाध्यापक के कक्ष को छोड़कर केवल एक ही कक्ष है, जिसमें हम कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को बैठाकर शिक्षा देते हैंद्य क्योंकि खंड शिक्षा अधिकारी महोदय का आदेश है कि जर्जर भवन में न ही कोई स्टाफ का व्यक्ति बैठेगा और न ही बच्चों को बैठाया जाएगा साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय के मुख्य मार्ग पर गांव के लोगों द्वारा कूड़ा फेंका जाता है, जिसके कारण बच्चों एवं विद्यालय के स्टाफ को कूड़े से चलकर स्कूल आना पड़ता हैद्य इसी कड़ी में उन्होंने अभी कहा कि इसकी शिकायत कई बार हमने विभागीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर की, परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई न ही समस्या का कोई निदान हुआ है।

### पीने के पानी की समस्या



विद्यालय परिसर में दो सरकारी हैंडपंप होने के बावजूद भी विद्यालय के बच्चों के लिए पीने का पानी बाहर से आता है, जिसका मुख्य कारण एक हैंडपंप खराब पड़ा हुआ है व दूसरे हैंड पंप का जल दूषित हैद्य इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए विद्यालय की रसोइया राजरानी एवं उनकी साथी ने बताया कि हैंडपंप का पानी दूषित होने के कारण हम लोगों को खाना बनाने के लिए विद्यालय से 100 मीटर दूर से पानी लाना पड़ता है और बच्चों के पीने का भी पानी हम लोग वहीं से लेकर आते हैंद्य इसकी शिकायत कई बार हमने ग्राम प्रधान से की परंतु इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## चुनाव ड्यूटी पर बीमार हुए होमगार्ड की मौत



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड में चुनाव ड्यूटी पर गए होमगार्ड की किसी जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गईद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि होमगार्ड की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल रायबरेली लेकर आए, जहां उन्होंने दम तोड़ दियाद्य कोतवाली क्षेत्र के इसिया गांव के रहने वाले होमगार्ड शिव शंकर चौधरी उर्फ पप्पू की चुनाव ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ गईद्य होमगार्ड कंपनी कमांडर सुरेश कुमार ने बताया कि उत्तराखंड में मतदान समाप्त होने पर 20 अप्रैल की रात गंगोत्री महिला कॉलेज गौतम बुद्ध नगर गए, ऐसी आशंका है कि 22 अप्रैल की रात वहां उनको किसी जहरीले कीड़े ने काट लियाद्य दर्द बढ़ने पर 22 अप्रैल को उनका बदलापुर सीएचसी में इलाज कराया गयाद्य फिर वापस झांझर आ गए, पैर दर्द धीरे-धीरे बढ़ता गया तो 24 अप्रैल को झांझर के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गयाद्य 25 अप्रैल को होमगार्ड के साथ वह गौतम बुद्ध नगर पहुंचे, जहां पर निजी अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों से बात की गई, इसके बाद परिजन होमगार्ड को जिला अस्पताल रायबरेली लेकर आएद्य जहां उनकी मौत हो गई, होमगार्ड की मौत से उनके परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा प्रत्याशी का क्षेत्र में हुआ जोरदार स्वागत



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन सफीपुर क्षेत्र में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के रोड शो के बाद चुनावी सरगर्मी को तेज हवा देने के लिए भाजपा प्रत्याशी का आज सफीपुर क्षेत्र में भारी भरकम रोड-शो हुआ। भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज के रोड शो में मानो जन सैलाब उमड पड़ा हो जिधर भी नजर डालो भगवा रंग का जलवा दिखाई दे रहा था चारों ओर जगह जगह पर भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम और जय श्री राम के नारे सुनाई दे रहे थे। मौका था उन्नाव लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज के सफीपुर क्षेत्र में रोड शो और जनसंपर्क अभियान का। जैसे ही साक्षी महाराज का काफिला सफीपुर क्षेत्र में प्रवेश हुआ सबसे पहले सफीपुर क्षेत्र के जनप्रिय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने अपने हजारों समर्थकों के साथ साक्षी महाराज का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और महाराज जी के काफिले में शामिल हो गए फिर क्या था मानो भाजपा कार्यकर्ताओ और जनता का जन सैलाब उमड पड़ा हो सभी लोग साक्षी महाराज का स्वागत करने को आतुर दिखाई दे रहे थे इस प्रलयंकारी भयंकर धूप और गर्मी में भी भगवा रंग सर चढ़कर बोल रहा था चारों तरफबस भगवा झंडे लहरा रहे थे मानो भगवा रंग रूपी समंदर ने अपना आपा खो दिया हो। काफिला चकलवंशी, मेथीटिकुर, जोधाखेड़ा, मिर्जापुर, जगदीशपुर, सलींद आदि गांव से होता हुआ सफीपुर नगर में पहुंचा तो भाजपा सभासद अभिनव शर्मा (राजा) ने सैकड़ों समर्थकों के साथ साक्षी महाराज का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

### आग से तीन घरों में रखी गृहस्थी जलकर राख



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, तेज हवाओं के कारण आग ने धारण किया विकराल रूप, आग से एक के बाद एक तीन घरों में रखा खाने पीने के सामान सहित पूरी गृहस्थी जलकर हुई राख वहीं आग की चपेट में आने से दो गोवंशों की झुलस कर हुई दर्दनाक मौत, मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनौवा गांव का है जहां संदिग्ध परिस्थितियों में अर्जुन सिंह के घर में आग लग गई तेज हवाओं के कारण आग में विकराल रूप धारण कर लिया और एक के बाद एक तीन घरों सुरेंद्र सिंह व रानू के घरों को अपनी चपेट में ले लिया आग से पूरे गांव में चीख पुकार मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे आग की चपेट में आने से घर के बाहर बंधे दो गोवंशों की झुलस कर मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था वहीं सदर तहसीलदार अनिल पाठक में मौके पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान का आकलन करके जल्द से जल्द मुआवजा दिलाए जाने के निर्देश दिए।

### नगदी समेत लाखों के जेवरात चोरी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** औरास थाना क्षेत्र के कुशलखेड़ा गांव निवासी मिथलेश गोस्वामी ने रविवार को थाने में तहरीर दे आरोप लगाया कि उसके घर से रखे बक्से का ताला तोड़ नगदी समेत करीब डेढ लाख से अधिक के जेवरात चोरी हो गये हैं। मिथलेश ने रविवार को थाने में तहरीर चोरी का खुलासा किये जाने की मांग की है। पुलिस मामले में जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

### दस घंटे ठप रही आपूर्ति, उपभोक्ताओं में आक्रोश

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** कस्बा औरास सहित पूरे विकास खंड के गांवों की बिजली आपूर्ति रविवार को पूरे दिन ठप्प रही। सुबह 6 बजे गयी बिजली शाम 4 बजे के बाद भी नही आई जिससे आम जनमानस को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। क्षेत्र के हाजीपुर गोसा गांव स्थित उपकेंद्र से रविवार को सुबह से गायब बिजली शाम तक नही आयी जिससे सबसे अधिक परेशानी पानी की रही। मोटर सहित अन्य उपकरण शोपीस बने रहे। जेई रामू ने बताया कि सुबह दो घंटे के लिए सोनिक बिजलीघर में मरम्मत की जानकारी थी। देरशाम तक आपूर्ति चालू हो जायेगी।

## कुत्ते के हमले से मासूम घायल



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर मजरे असहन जगतपुर गांव में रविवार दोपहर अखिलेश उम्र 5 वर्ष पुत्र उमेश दरवाजे पर खेल रहा था। तभी एक कुत्ता आ गया, देखते ही देखते कुत्ते ने मासूम पर हमला कर दिया। जिसमें मासूम अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

चीख पुकार पर परिजन दौड़े, कुत्ते को भगाकर मासूम को इलाज के लिए सीएचसी बछरावा पहुंचायाद्य जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दबंगों ने दिव्यांग समेत दो को कार से कुचलने का किया प्रयास

- पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की शुरू



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बेखौफ दबंगों का आतंक मामूली कहासुनी को लेकर कार सवार दबंगों ने दिव्यांग नाबालिक मासूम का इलाज करने जा रहे नाबालिक समेत दो लोगों पर कार चढ़ाने का किया प्रयास बाल बाल बची दोनों की जान, मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सत्य नगर मोहल्ले का है जहां के रहने वाले रिशु सिंह व विकास सिंह अपनी 8 वर्ष की दिव्यांग भांजी लाडो का इलाज करने के लिए स्कूटी से जिला अस्पताल जा रहे थे तभी पड़ोस के रहने वाले लल्लन झा व आशीष सिंह की कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी इसके बाद मामूली कहा सुनी शुरू हुई बात इतनी बढ़ गई की कार सवार दोनों दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी जिसे वहां चीख पुकार मच गई, बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन जब दौड़े तो कार सवार दोनों दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए इतना ही नहीं अगर समय से मोहल्ले वाले दिव्यांग बच्ची को सड़क से खींच न लेते तो एक बड़ी घटना हो सकती थी हालांकि पीड़ित ने शहर कोतवाली में लल्लन झा व आशीष सिंह को नामजद करते हुए कोतवाली में तहरीर दी है पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### परीक्षा में फेल होने से आहत छात्रा ने दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिले के डीह थाना की रहने वाली एक छात्रा ने फंदा लगाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि छात्रा हाईस्कूल की परीक्षा में फेल होने से आहत थी। छात्रा की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं ग्रम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

क्षेत्र के पूरे दूंदा मजरे खुरहटी गांव निवासी सतेंद्र बहादुर की बेटी माही ने इसी वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दी थी जिसमें बीते दिनों आए रिजल्ट में वह फेल हो गई थी। जिसकी वजह से मानसिक तनाव में रहने लगी थी और शनिवार की रात अपने कमरे में लगे फंखे के हुक से फांसी लगा कर जान दे दी। रविवार को जब परिजन उठे और कमरे में देखा तो उसका शव हुक से लटक रहा था। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि शव को कब्जे के लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जांच की जा रही है।

## साँप के काटने से युवक की मौत, स्वास्थ्य कर्मियों पर लगा इलाज में लापरवाही का आरोप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिला अस्पताल में अमेठी निवासी एक युवक को सांप काटने पर गंभीर हालत में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना से पारिवारिक जनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक के पिता ने जिला अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

रविवार की सुबह जिला अस्पताल में अमेठी जनपद के फुरसतगंज थाना क्षेत्र के गांव तेंदुआ के रहने वाले रोहित को सांप काटने पर एडमिट किया गया। अस्पताल के इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद इंजेक्शन लगा दिया और वार्ड में भर्ती कर दिया। परिजनों का आरोप है कि भर्ती के बाद वहां कोई देखने तक नहीं आया। जिसके बाद परिजनो से बाहर से भी कुछ महंगे इंजेक्शन और दवाई मंगाई गई। इसी दौरान रोहित की मौत हो गई। जिसको लेकर मृतक के पिता ने अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए। पीड़ित पिता ने बताया कि रविवार को छुट्टी होने के चलते वह सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को शिकायती पत्र देंगे और पूरी घटना की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की जाएगी।

वहीं जिला अस्पताल तैनात चिकित्सक डॉक्टर अतुल पांडे ने बताया कि रोहित नाम के युवक को गंभीर हालत में लाया गया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल के मर्चुरी में रखवा दिया गया है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ रायबरेली के जिला संयोजक दिलीप द्विवेदी के निज आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाना है जनमानस में यह संदेश पहुंचाना है कि भारतीय जनता पार्टी सतत चिन्तनशील विचारधारा, विशेष कार्य शैली, जनकल्याणकारी नीतियों के आधार स्तम्भ वाली पार्टी है। हमारा राष्ट्र विश्व में आध्यात्मिक गुरु रहा है वही स्थान और प्रतिष्ठा पुन स्थापित हो ऐसा चिंतन पार्टी का है। पार्टी जिसे अपना प्रत्याशी घोषित करती है उसका पूर्ण समर्थन एवं सहयोग करना है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में कमल के फूल वाला बटन दबाना है और रायबरेली में कमल खिलाना है। जनपद के समस्त मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर जिला सहसंयोजक ऋषि राज त्रिपाठी, नागेंद्र सिंह, जिला संयोजक प्रबंधक महसभा अभिनव अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार अवस्थी, डॉक्टर कमलाकांत, सुनील द्विवेदी, जिला संयोजक वित्तविहीन महसभा चंद्र प्रकाश पांडे, जिला संयोजक शिक्षणेत्तर महासभा मनीष मिश्रा, जिला संयोजक समन्वय समिति मनोज अवस्थी, जिला संयोजक प्रचार प्रचार समिति प्रेम शंकर मिश्र, जिला संयोजक महिला समिति गीता पांडे,जिला संयोजक उच्च शिक्षा महासभा डॉक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह, जिला संयोजक सेवानिवृत्ति महासभा धीरेंद्र मिश्र, रतन सिंह ,चन्द्र धर शर्मा समेत शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राजमार्गों पर अनियंत्रित चौपइयां व दोपहिया वाहनों के कारण बछरावां क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला रविवार सुबह 10ः00 के आसपास बांदा बहराइच राजमार्ग पर पश्चिम गांव के पास का है। जहां पर एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में होरीलाल पाल पुत्र बाबू लाल उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम मल्के गाँव , लालगंज जनपद रायबरेली की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वही उनकी पत्नी पवन कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। विदित हो कि मृतक होरीलाल अपनी बाइक यूपी 33 एआर 6944 से बछरावां से अपने घर जा रहे थे तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने ठोकर मार दी। सूचना पर पहुंची बछरावां पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां परीक्षण के दौरान चिकित्सक डॉ प्रभात मिश्रा ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और उनकी पत्नी पवन कुमारी का प्राथमिक उपचार कर उनकी हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। लेकिन प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में इलाज के दौरान पवन कुमारी की भी मृत्यु हो गई। इस बाबत थाना प्रभारी बिजेंद्र शर्मा ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है, चालक फरार है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## शिक्षक आजीवन करते हैं राष्ट्र निर्माण का कार्य : डॉ. मनोज पांडेय

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बेसिक शिक्षा विभाग में वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए जनपद के 65 शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह व मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल व महामंत्री मुकेश द्विवेदी के नेतृत्व में सिविल लाइन्स स्थित होटल सूर्या में किया गयाद्य सम्मान समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने की। समारोह के मुख्य अतिथि डॉज़्मनोज कुमार पांडेय, विधायक ऊँचाहार रहे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता अरुण त्रिपाठी, राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त शिक्षक लक्ष्मीकांत शुक्ल उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि विधायक ऊँचाहार डॉज़्मनोज कुमार पांडेय ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि हमारे शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नही हो सकते वो आजीवन राष्ट्र निर्माण का कार्य करते है इसीलिए हम उन्हें राष्ट्रनिर्माता कहते है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए बच्चों के चौमुखी विकास करने में लगे रहते है। विद्यालय में सेवा के दौरान शिक्षक बच्चों तक ही सीमित रहते है, लेकिन सेवानिवृत्त होने के बाद समाज के लोगों को जागरूक और सभी को मार्गदर्शन प्रदान करने की जिम्मेवारी बढ़ जाती है।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे दान बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षक भले ही सेवा से सेवानिवृत्त हो जाएं लेकिन शिक्षक सदैव समाज को मार्गदर्शन देता रहता है।

जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि हमारे जो भी सेवानिवृत्त शिक्षक साथी है हम इन सभी से सदैव मार्गदर्शन प्राप्त करते रहेंगे और ये सभी हमें सदैव प्रेरित करने का कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त होना एक सेवा का अंग है एक राष्ट्र निर्माता के रूप में शिक्षक जीवनपर्यंत राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगा रहता है।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोपी गिरफ्तार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




रायबरेली में शिवगढ़ निवासी एक युवक द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने का मामला सामने आया है। इस पोस्ट में भगवान परशुराम के पुतले को आग लगाने का दृश्य शामिल था, जिससे कई लोगों की भावनाएं आहत हुईं।

शिवगढ़ के अजीतखेड़ा निवासी राकेश कुमार मानस युवक ने एक्स हैंडल पर विवादित पोस्ट की थी। पोस्ट में भगवान परशुराम के पुतले को आग लगाए जाने को लेकर आह्वान किया गया। जोकि हिंसात्मक कृत्य को प्रदर्शित किया गया था। इस घटना से कई लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। जैसे ही यह मामला पुलिस के संज्ञान में आया, तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी गई। आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

राकेश कुमार मानस ने भगवान परशुराम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए लिखा कि भारत के सभी राज्यों में परशुराम का पुतला दहन किया जाएगा। साथ ही 21 बार छत्रिय वध करने वाला किरदार ही झूठा है। एक और पोस्ट शेयर करते हुए उसने लिखा की मनुवादियों में खौ़फ का माहौल है। कुछ बेवकूफ कहते हैं बामसेफ ने क्या किया। छत्रिय मूल निवासी महासंघ भारत के सभी राज्यों में परशुराम का पुतला दहन करेगा। राकेश ने एक अन्य पोस्ट में लिखा की अंबेडकरवाद का मुसलमान कभी विरोध नहीं करता जबकि ब्राह्मण विरोध करता है। क्योंकि अंबेडकरवाद से मुसलमानों को नहीं बल्कि ब्राह्मणों की व्यवस्था को खतरा है। महराजगंज सीओ यादवेंद्र पाल ने कहा की थाना शिवगढ़ पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामले में वांछित अभियुक्त राकेश कुमार मानस को गिरफ्तार करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### चलती बाइक पर कूदा बंदर, दम्पति समेत पाँच वर्षीय मासूम घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बछरावा महाराजगंज रोड पर हनुमान मंदिर के पास चलती बाइक पर अचानक बंदर ने छलांग मार दी। हादसे में पाँच वर्षीय मासूम सहित दंपति घायल हो गए। जिनका सीएचसी में इलाज कराया गया है। रविवार सुबह लगभग 9ः00 बजे शैलेश बाजपेई उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र प्रवेश बाजपेई अपनी पत्नी रूबी उम्र लगभग 30 वर्ष व बेटा धैर्य उम्र लगभग पांच वर्ष निवासी रामपुर मोहद्दीनपुर के साथ कानपुर से वापस अपने गांव बाइक से जा रहे थे। तभी महाराजगंज रोड पर हनुमान मंदिर के पास एक बंदर ने बाइक पर छलांग लगा दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों ने प्राइवेट वाहन से घायलों को सीएचसी बछरावां पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## व्यापार मंडल के नेता से परेशान व्यापारी

- व्यापारियों का अहित करते हुए नजर आते हैं व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

एक चिड़िया होती है जिसका नाम है बाज और वह अक्सर अपने ही वंश को नष्ट करने पर तुली रहती है।वहीं अगर हम बात करें व्यापारी नेता रिंकू जायसवाल की तो व्यापारियों के हितों को न साध कर केवल अपने हितों को सधाते रहते हैं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महराजगंज नगर अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ रिंकू जायसवाल। छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े दुकानदारों के खिलाफ अक्सर शिकायती पत्र देते हुए नजर आते हैं व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष छोटे दुकानदारों को अतिक्रमणकारी दिखाकर एवं व्यापारियों की समस्या को हल ना करके केवल उनको परेशान करना घटना अभी कुछ माह पूर्व की है जब कुछ छोटे व्यापारियों के खिलाफ व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने उप जिला अधिकारी से लेकर कई शिकायती पत्र दिए और नतीजा यह निकला कि छोटे दुकानदारों को पटरी पर से साफ कर दिया गया। अक्सर अपने आप को ऊंचा उठाने में व्यापारियों का ही अहित करते हुए नजर आते हैं व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल व्यापारी संगठन इसलिए बनाए जाते हैं कि व्यापारियों का भला हो और किसी प्रकार की दिक्कत है समस्या आती है तो ये संगठन उनकी आवाज को बुलंदी के साथ ऊपर अधिकारियों तक पहुंचाते हैं लेकिन यहां तो मामला उल्टा ही चल रहा है अक्सर व्यापारियों के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए क्यों नजर आते हैं पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष वही उनकी वजह से अक्सर व्यापारी परेशान भी रहा करते हैं।

कुछ व्यापारियों ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि अक्सर व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल व्यापारियों को परेशान ही करते हैं और अध्यक्षी तो केवल अपना सिक्का उंचा करने के लिए ही थाम रखा है व्यापारियों का हित करते हुए कभी भी नजर नहीं आते हैं व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल।

## जीवन में रामत्व

श्रीराम को सनातन धर्म में विष्णु का अवतार माना गया है। लोग उनको भगवान और आराध्य मान कर पूजा-अर्चना करते हैं। लेकिन जब हम राम के सम्पूर्ण जीवन का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि राम केवल पूजा के विषय नहीं हैं, वह अनुकरणीय हैं हर स्थिति काल में जीवन को दिशा प्रदान करने वाले प्रेरणा पुंज हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि राम ने स्वयं को एक राजा और भगवान के अवतार के रूप में नहीं अपितु जननायक के रूप में स्थापित किया। हम उनके संपूर्ण जीवन में देखते हैं कि कैसे उन्होंने कठिन स्थितियों में भी मर्यादा के नूतन आयाम स्थापित किए। राजकुल में जन्म लेने के बाद भी राम ने अपना जीवन राजसी वैभव में नहीं बिताया। उनका बाल्यकाल आश्रम में व्यतीत हुआ, गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं अपितु सामान्य बालकों की भांति अपने और आश्रम के सारे कार्य करते थे। जब वह युवा हुए और राज्याभिषेक का समय आया तो उन्हें पिता के वचन के लिए वनगमन करना पड़ा। राम का जीवन मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में प्रेरणा देता आया है जिसके कारण वह लोक चेतना और परम्परा में सदैव जीवंत रहते हैं। जो लोक में व्याप्त है वह कालजयी है, वही सर्वमान्य है, वही अनुकरणीय है, वही वंदनीय है। लोक परंपरा में वही राम पाते हैं जिन्हें जन्मोत्सव, विवाह, हवन, कीर्तन, मांगलिक आयोजन आदि में महिलाएं जो मंगल गीत गाती हैं उसमें भी राम का नाम और उनका संबंध मूल्य ही समाहित है। ऐसे मर्यादा पुरुषोत्तम राम जो लोक के मन में हैं, जो जन-जन के हृदय में बसते हैं। देखें तो राम ही त्योहार हैं, उल्लास हैं, उत्सव हैं, भक्ति हैं, शक्ति हैं, पूजा हैं, ज्ञान हैं, प्रेरणा हैं और जीवन के प्रकाश स्तम्भ हैं। राम केवल जन-जन की भावना नहीं या सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था का केंद्र नहीं बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका है। फिर चाहे वह संबंध मूल्यों को निभाना हो, धर्म के मार्ग पर चलना हो या फिर अपने दिए हुए वचन को पूर्ण करने के वास्ते कर्तव्य का निर्वहन हो। राम सिर्फ कहने में ही मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं हैं बल्कि हर मायने में वह एक उत्तम और आदर्श पुरुष हैं जो जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रकाश हैं। राम के जीवन आदर्शों को अनुकूल स्थिति में अपने आचरण में लाना जीवन को सरल और सहज बनाता है। राम का जीवन आदर्श, नैतिकता और व्यवहार का उच्चतम मापदंड है जो हर स्थिति में प्रासंगिक है। गुरु-शिष्य, राजा-प्रजा, स्वामी-सेवक, पिता-पुत्र ,पति -पत्नी, भाई-भाई, मित्र-मित्र के आदर्शों के साथ धर्म नीति, राजनीति,अर्थनीति के साथ सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, शौर्य, परोपकार, दान आदि मूल्यों का सुंदर समन्वित आदर्श रूप राम के संपूर्ण जीवन में समय-समय पर देखने को मिलता है। राम के जीवन के पुरुषोत्तम होने की विशेषताओं का संदर्भ रामायण में अनेक स्थानों पर देखने को मिलता है, जिसका जीवन में अनुकरण करने पर समरसता पूर्ण समन्वित और खुशहाल व्यक्तित्व का निर्माण होता है। राम का जीवन इतना अद्भुत और विशाल है कि उनके जीवन के प्रसंगों को बार-बार देखने और सुनने से भी मन नहीं भरता। आज ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी ने कितनी भी प्रगति कर ली हो लेकिन जब व्यक्ति भावनात्मक रूप से खुद को कमजोर पाता है तब वह श्रीराम के जीवन आदर्शों में ही समाधान ढूंढने का प्रयास करता है।


# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

प्रेम शर्मा

भारत में जब से ईवीएम का इस्तेमाल की शुरुआत से उस पर सवालिया निशान भी लगते रहे हैं। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने साफकिया कि चुनाव ईवीएम से ही होंगे। लोकसभा चुनाव की वोटिंग के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट को लेकर सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया है, उससे ईवीएम पर सवाल उठने भले ही कम हो न हों, लेकिन एक बात तो तय है कि अब भारत में चुनाव का वर्तमान और भविष्य तो ईवीएम ही है, जिसपर सवाल उठने से पहले कई बार सोचना पड़ेगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने जो फैसला दिया है, वो हर चुनाव में इस्तेमाल हो रहे ईवीएम की जरूरत पर एक मुहर की तरह है, जिसका फिलहाल कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है। लेकिन ईवीएम को लेकर जब केंद्र की सत्ता में कांग्रेस थी, तो बीजेपी सवाल उठाती थी और अब जब पिछले 10 साल से बीजेपी केंद्र की सत्ता में है तो कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल ईवीएम पर सवाल उठाते हैं। यह मामला पिछली सदी में अस्सी के दशक का है।

चुनाव आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 से मिले अपने अधिकार का इस्तेमाल करके 1982 में केरल विधानसभा चुनाव में पनूर सीट के 84 में से 50 बूथों पर ईवीएम का इस्तेमाल किया था। इस चुनाव में सीपीआई के उम्मीदवार सिल्वा पिल्लई ने कांग्रेस के अम्बट चाको जोस को 123 वोट से हरा दिया था। हार हुए उम्मीदवार ने निचली अदालत में नतीजे को चुनौती दी तो निचली अदालत ने याचिका खारिज कर दी और कहा कि चुनाव आयोग ने जो किया है ठीक किया है। लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस मुर्तुजा फज़ल अली, जस्टिस ए वरदराजन और जस्टिस रंगनाथ मिश्र की बेंच ने इस पर विचार किया और नतीजे को रद्द कर दिया। फिर बैलेट से चुनाव हुआ और उसमें ईवीएम से जीता हुआ उम्मीदवार हार गया। क्या पता भविष्य में फिर ईवीएम की बजाय बैलेट से चुनाव हो और उसमें भी ईवीएम से जीतने वाले लोग हार जाएं!

भविष्य किसने देखा है? ईवीएम को लेकर समय-समय पर याचिकाएं दाखिल होती रही हैं। कभी कहा जाता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ हो सकती है तो कभी कहा जाता है कि ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव करवाया जाए। कभी कहा जाता है कि ईवीएम के साथ जो वीवीपैट होता है यानी कि आपने जो वोट दिया है, वो किसको गया है उसकी पर्ची का ईवीएम में दर्ज वोटों के साथ मिलान किया जाए। जितने लोग उतने तर्क और उनकी ही अलग-अलग याचिकाओं पर हर बार कोर्ट में सुनवाई होती है और हर बार फैसला ईवीएम के पक्ष में ही आता है। अब तो सुप्रीम कोर्ट के दो जजों जस्टिस संजीव खन्ना और



**दूसरी याचिका एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी कि एडीआर की ओर से दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया था कि ईवीएम के वोट और वीवीपैट की पर्चियों का 100 फीसदी मिलान किया जाए, क्योंकि अभी तक किसी भी एक निर्वाचन क्षेत्र में पांच ईवीएम के वोटों का ही वीवीपैट पर्चियों से मिलान होता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच में लंबी बहस हुई। 24 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया और 26 अप्रैल को अदालत का आखिरी फैसला आया। फैसले को अगर संक्षेप में समक्षे तो चुनाव ईवीएम से ही होंगे, बैलेट पेपर से चुनाव नहीं होंगे। नतीजे में जो उम्मीदवार दूसरे या तीसरे नंबर पर है और अगर उसे लगता है कि गड़बड़ी हुई है तो वो रिजल्ट घोषित होने के 7 दिनों के अंदर जांच की मांग कर सकता है। जांच इंजीनियरों की एक टीम करेगी।**

जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने ईवीएम पर जो फैसला दिया है, उसने ईवीएम की ईमानदारी पर मुहर लगा दी है। इस बार सुप्रीम कोर्ट के सामने मुख्य रूप से दो अपील की गई थी। पहली तो ये कि पूरा चुनाव ही ईवीएम से न करवाकर बैलेट पेपर से करवाया जाए।

दूसरी याचिका एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी कि एडीआर की ओर से दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया था कि ईवीएम के वोट और वीवीपैट की पर्चियों का 100 फीसदी मिलान किया जाए, क्योंकि अभी तक किसी भी एक निर्वाचन क्षेत्र में पांच ईवीएम के वोटों का ही वीवीपैट पर्चियों से मिलान होता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच में लंबी बहस हुई। 24 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया और 26 अप्रैल को अदालत का आखिरी फैसला आया। फैसले को अगर संक्षेप में समक्षे तो चुनाव ईवीएम से ही होंगे, बैलेट पेपर से चुनाव नहीं होंगे। नतीजे में जो उम्मीदवार दूसरे या तीसरे नंबर पर है और अगर उसे लगता है कि गड़बड़ी हुई है तो वो रिजल्ट घोषित होने के 7 दिनों के अंदर जांच की मांग कर सकता है। जांच इंजीनियरों की एक टीम करेगी। इस जांच का खर्च उम्मीदवार को उठाना होगा। कोई भी गड़बड़ी साबित होने की स्थिति में खर्च किया गया पैसा वापस किया जाएगा। वोटिंग के बाद ईवीएम को सील किया जाएगा और इसे 45 दिनों तक सुरक्षित रखा जाएगा। इन बड़े बिंदुओं के अलावा सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को कुछ सुझाव भी दिए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक मशीन के वोट और वीवीपैट की पेपर स्लिप की गिनती का जो सुझाव है, वो अमल में लाया जा सकता है या नहीं, इसकी तहकीकात कीजिए।आयोग को ये भी देखना चाहिए कि क्या चुनाव निशान के अलावा हर पार्टी के लिए अलग से कोई बारकोड भी हो सकता है या नहीं। ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के आए ताजातरीन फैसले का पूरा मजमून बस यही है।हालांकि बहुत कम उम्मीद है कि ईवीएम पर सवाल और ईवीएम का बवाल कभी खत्म भी हो पाएगा। चुनाव के पहले और नतीजों के आने के बाद ईवीएम ( इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) को लेकर फैलाये जाने वाले झूठ को लेकर निर्वाचन आयोग के साथ सुप्रीम कोर्ट भी सख्त है। सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम से जुड़े दो ऐसे ही मामलों से जुड़ी याचिकाओं को न सिर्फ खारिज किया, बल्कि एक याचिकाकर्ता पर जुर्माना भी लगाया है। सुप्रीम कोर्ट अब तक ईवीएम से जुड़ी चालीस याचिकाओं को खारिज कर चुका है। यह सभी याचिकाएं ईवीएम की चोरी, गड़बड़ी और कमियों से जुड़ी थी। हालांकि, इसे लेकर कोई सबूत पेश नहीं किए गए थे।

ज्ञात हो कि पहली बार जो बड़ा फैसला आया था, वो आया था 2011 में जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ही चुनाव आयोग ने वीवीपैट का इस्तेमाल शुरू किया था। उससे पहले सिर्फ और सिर्फईवीएम ही थी, जिसमें एक बार आपने बटन दबा दिया तो वोटिंग हो गई। फिर आप उसे देख नहीं सकते, लेकिन वीवीपैट के आने के बाद ये हुआ कि वोटर ये देख सकता है कि उसका वोट किसे गया है। अब ईवीएम का बटन दबाने के बाद वीवीपैट से एक पर्ची निकलती है, जो सात सेकेंड तक बाहर रहती है और जिसे वोटर देख सकता है। 7 सेकेंड के बाद पर्ची वापस मशीन में चली जाती है, तो ये सिस्टम भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ही लागू हुआ, जिसे 2014 के लोकसभा चुनाव में पहली बार इस्तेमाल किया गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में चुनाव के दौरान फैसला दिया कि एक निर्वाचन क्षेत्र में पांच ईवीएम के वोटों का वीवीपैट पर्चियों से मिलान किया जाएगा और अब 2024 के चुनाव में सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम को लेकर हर तरह के सवालों की गुंजाइश को खत्म कर दिया है।

## विचार

# विरासत टैक्स व निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस

ललित गर्ग

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़िया बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है।

उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं।

अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी।' कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम

**अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आंकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी।'**

पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाए।' निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

लोकतन्त्र में सतत् रूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती।

भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये। सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था।

# भारतीय नृत्य संस्कृति की संसार ने हमेशा की सराहना

डॉ. रमेश ठाकुर


नृत्य दुनिया भर की संस्कृतियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नृत्य एक कला भी है और शिक्षा भी। मानव शरीर को स्वस्थ रखने की साधना भी। आज 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' है जिसकी शुरुआत 29 अप्रैल 1982 से हुई थी। आज का ये खास दिन नृत्य कला के महान सुधारक जीन-जॉर्जेस नोवरे की जन्म स्मृति पर आधारित है। जहां तक भारतीय नृत्यों की बात है, दुनिया भर में हमेशा से मशहूर रहे हैं। भरतनाट्यम और कथक नृत्य का आज भी कोई जवाब नहीं। इंग्लैंड की महारानी हों, या पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से लेकर कई देशों के प्रमुखों का पसंदीदा कथक नृत्य ही रहा। कथक नृत्य की वेशभूषा आज भी लोगों को आकर्षित करती है। आज का ये विशेष दिन यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय थिएटर इंस्टीट्यूट की अंतरराष्ट्रीय डांस कमेटी ने 29 अप्रैल को नृत्य दिवस के रूप में सर्वसम्मति से मनाने का निर्णय लिया था। वर्ष-2023 में 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' की थीम 'नृत्य-दुनिया के साथ संवाद करने का एक तरीका' थी।

भारत में नृत्य कला हजारों साल पुरानी है। हमारे यहां नृत्य की एक नहीं, कई विधाएं हैं जिनमें कथकली, मोहिनीअट्टम, आडिसी, कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुडी व मणिपुरी प्रमुख हैं। इनके अलावा प्रदेश स्तरों पर भी किस्म-किस्म के नृत्य मौजूद हैं। इसके अलावा आधुनिक समय में नृत्य के रंग रूप और प्रारूप एकदम बदल चुके हैं, जिसके उदाहरण टीवी पर आयोजित होने वाले डांस प्रतियोगिताएं हैं। जहां नृत्य का लेबल देखकर प्रतीत होता है कि पारंपरिक नृत्य विधाएं बहुत पीछे छूट गई है। इस दिवस के मकसद की जहां तक बात है, तो वैश्विक स्तर पर इसके महत्व के बारे में लोगों को जागरूकता करना, भागदौड़ भरी लाइव में नृत्य को शामिल करने की ललक पैदा करना, विभिन्न संस्कृतियों में नृत्य की भूमिका को दर्शाना और विशेष रूप से नृत्य कला के प्रति प्रशंसा व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण क्षणों का प्रचार-प्रसार करना। ये दिवस करीब 200 देशों में आज मनाया जा रहा है। जहां, नृत्य प्रदर्शन, कार्यशालाएं, और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।



भारतीय नृत्यों को लेकर कई देशों ने रिसर्च किया। कुछ मत ऐसे भी हैं कि नृत्य का जन्म भारत से ही हुआ। जो प्राचीन मान्यताओं में भी बताई जाती हैं। करीब 2000 वर्ष पूर्व त्रेतायुग में देवताओं के अनुरोध पर भगवान ब्रह्मा ने नृत्य वेद तैयार किया था। तभी से दुनिया भर में नृत्य की उत्पत्ति हुई। भारत के लिए नृत्य सिर्फ कला ही नहीं, एक परंपरा, संस्कृति और धरोहर भी है। तभी भारत की तमाम रंगमंच संस्थाएं और नृत्य समितियां नृत्य दिवस को खास अंदाज से मनाती है।

आज के दिन महान कलाकारों को सम्मान दिया जाता है और उनके योगदान पर विमर्श होता है। नृत्य के चिकित्सीय लाभ भी बहुतेरे हैं। डांस करने से फैट बहुत तेजी से घटता है। मात्र 30 मिनट के डांस में 150 कैलोरी तक फैट बर्न होता है। डांस से ब्रेन एक्टिव रहता है। चिकित्सक कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के मरीजों को डांस करना जरूरी बताते हैं। एक्सरसाइज से कहीं बेहतर डांस को बताया गया है। डांस से कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम होता है। नियमित डांस से शरीर की एनर्जी बढ़ती है और थकान जैसी समस्या भी छूतंमर होती है। डांस से भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य में बहुत तेजी से सुधार होता है। भारत का एक बड़ा वर्ग इस क्षेत्र से जुड़ा है। देशभर में हजारों की संख्या में डांस अकेडमी संचालित हैं। प्रत्येक स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों में नृत्य के टीचर बच्चों को डांस का प्रशिक्षण देते हैं। राज्यों व केंद्र सरकार भी भरपूर संसाधन मुहैया कराते हैं।



## राशिफल

**मेष:-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**बृषभ :-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुन :-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्क :-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंह:-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या:-** मन ढेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुला:-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनु:-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकर:-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभ:-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीन:-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# नशे और पैसे से प्रभावित होते चुनावी नतीजे

संजीव ठाकुर

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले आम चुनाव से लेकर अध्यतन चुनाव में पैसे तथा नशे की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है वैश्विक स्तर पर भी भी इस महत्वपूर्ण कारक का प्रभाव रहा है। आम चुनाव में लोकसभा, विधानसभा के चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव तक सक्षम चुनाव के उम्मीदवार पैसे और नशे की खेप से मतदाता के बड़े गरीब तपके के मतदाओं को प्रभावित करते आए हैं। मतदान के ठीक 1 दिन पहले रात्रि में मजदूरों की झुग्गी झोपड़ीयों में बकरा तथा शराब की पार्टियों तथा रूपयों के साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण द्वारा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है।

शराब तथा पैसों की लगातार आपूर्ति और वितरण मतदाताओं को प्रभावित करने का मापदंड बनता चला आया है। शराब एवं अन्य नशा देश के नौजवानों को मानसिक शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता रहा है तथा चुनाव के समय इस पर प्रभावी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है इस पर एक राष्ट्रीय कानून तथा संविधान बनाने की बड़ी और प्रभावी आवश्यकता है। आईए एक विश्लेषण में देखते हैं कि नशा किस तरह देश के आर्थिक तथा मानसिक विकास को क्षति पहुंचाता आया है।



देश मे हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती हैस वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है।

**कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती, पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फकानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है।**

मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल, तरल इरेजर, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं।

कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती, पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है।

कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यो का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्ता अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है।

और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है। नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी* ) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# दो चरणों के चुनाव में भाजपा ने लगा ली सेंचुरी : शाह

- इंडी गठबंधन के सभी नेता भ्रष्टाचार में डूबे
- चुनाव राम भक्तों व राम भक्तों पर गोली चलाने वालों के बीच हो रहा



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दो चरण में हुये 190 सीटों के चुनाव में भाजपा ने सेंचुरी पूरी कर ली है। ये चुनाव भ्रष्टाचारियों व भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई करने वालों के बीच हो रहा है। इंडी गठबंधन के सभी नेता भ्रष्टाचार में डूबे हैं। तीन बार गुजरात के मुख्यमंत्री और दो बार देश के प्रधानमंत्री के पद पर रहने के बाद भी नरेंद्र मोदी पर आज तक कोई भी आरोप नही है। वह रविवार को इटावा लोकसभा सीट के प्रत्याशी डा.रामशंकर कठेरिया के समर्थन में शहर के नुमाइश पंडाल में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। चिलचिलाती धूप के बीच हुयी जनसभा में गृहमंत्री भारी भीड़ देखकर उत्साहित दिखे।

उन्होंने कहा कि ये चुनाव राम भक्तों व राम भक्तों पर गोली चलाने वालों के बीच हो रहा है और लोगों से पूछ कि आप खुद तय करिये कि आप किसके साथ हैं। कहा कि अखिलेश यादव, डिंपल भाभी, राहुल गांधी और उनकी माताजी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला था लेकिन वे वोट बैंक के डर से राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गये। अपने 25 मिनट के भाषण में केंद्र सरकार की योजनायें गिनाते हुये कहा कि तीसरी बार सरकार बनेगी तो मुफ्त अनाज मिलता रहेगा, लखपति दीदी बनेंगीं। 13 करोड़ लोगों को सूर्य घर मिलेंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनेंगे तो भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक पायेगा। कश्मीर हमारा है और हमने जनता को मुक्ति दिलाने के लिये धारा 370 हटायी।

काग्रेस के नेता राजस्थान में कह रहे थे कि राजस्थान वालों को कश्मीर से क्या वास्ता है, लेकिन देश के बच्चे बच्चे को कश्मीर से सरोकार है। पाकिस्तान से आलिया, मालिया, जमालिया आते थे और बम फोड़कर चले जाते थे, लेकिन हमारी सरकार ने आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा और अब कश्मीर में आतंकवाद नहीं है, विकास हो रहा है। प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया का हाथ पकड़कर उनको जिताने की अपील की।

## युवकों ने मां के साथ मिलकर महिला को पीटा

**पीड़िता की सूचना पर तीनों पर दर्ज मुकदमा**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिले के महोबकंठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धवार गांव निवासी प्यारी पत्नी गंगादीन ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 26 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे उसकी मां शोभा अपने घर में काम कर रही थी। तभी उसी समय गांव के मनोज की पुत्री घर में आ गई। मां ने उससे कहा कि हमारे घर में बिना पूछे न आया करो। इसी बात को लेकर नाराज होकर मनोज परिवार के लोगों के साथ आया और गाली गलौज करने लगा। मां ने जब इसका विरोध किया तो लाठियों से उसकी पिटाई कर दी। जिससे बाएं पैर में काफी चोटें आयी है। उनके शोर मचाने पर एकत्र हुए लोगों को देखकर ये लोग भाग निकले। पीड़ितों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी मनोज, उसके भाई व उनकी मां के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शहर कोतवाली व स्वाट टीम ने आरोपियों पर की कार्रवाई, पांच आरोपी गिरफ्तार

- कब्जे से अवैध तमंचा/कारतूस, एक दोपहिया वाहन सहित नकदी बरामद



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जिले में अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत शहर कोतवाली कके प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह व स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक रवि सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा चेकिंग दौरान आपराधिक मामलों में लिप्त बादशाह खान पुत्र भूरे, तालिम पुत्र शब्दर, वसीम पुत्र नन्हे निवासीगण हमीदाबाद थाना विलासपुर जनपद रामपुर, जाहिद अली पुत्र कल्लू उर्फ जाकिर अली निवासी मुहल्ला भीतरकोट, साबिर पुत्र निहाल अहमद निवासी मुहल्ला बड़ीहाट को किडारी फाटक के पास बने मंदिर के पास तलाब के किनारे से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी बादशाह खान पुत्र भूरे के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया। इसके बाद सभी को जेल भेजा गया। पुलिस टीम में एसआई सत्येन्द्र सिंह भदौरिया प्रभारी चौकी भटीपुरा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह, सर्विलांस व स्वाट टीम के उपनिरीक्षक रवि सिंह आदि शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने मनचलों, अराजक तत्वों के विरुद्ध चलाया अभियान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल एंटी रोमियो स्कवायड ने शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर मनचलों, अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौरोहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र छात्राओं, युवक- युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया।

### बदमाश मारपीट कर बाइक व रुपये छीन फरार

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार युवक के साथ बदमाशों ने मारपीट करके बाइक व रुपए लूटकर भाग गए। पीड़ित ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है।कस्बे के नई बस्ती मोहल्ला निवासी जसवंत सिंह पुत्र भगवती लाल ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब दस बजे वह धनौरी से शादी समारोह से लौट कर घर आ रहा था। तभी हमीरपुर मार्ग स्थित विद्युत पावर हाउस के पास बाइक सवार तीन बदमाश आए और बाइक के आगे अपनी बाइक लगा दी। बताया कि जब उसने पूछा तो बदमाश मारपीट करने लगे। आरोप लगाया कि बदमाश, बाइक मोबाइल और 45 सौ रुपए लूटकर ले गए। बताया कि मारपीट से उसे गंभीर चोटें आईं हैं। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया मामले की जांच कराई जा रही है।

### छेड़छाड़ की शिकायत की तो जान से मारने की धमकी दी

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** घर पर अकेली नाबालिग के साथ गांव के युवक ने कई बार छेड़छाड़ की। उलाहना देने किशोरी के साथ उसका पिता आरोपी के घर पहुंचा तो उसने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। कोतवाली के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ अहमदाबाद में रहकर मजदूरी करते हैं। घर पर उसकी मां और नाबालिग पुत्री रहती है। आठ दिन पहले गांव का युवक प्याज लेने के बहाने घर पर आया और अकेली पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा। अगले दिन भी धारदार हथियार लेकर युवक घर पहुंचा और अकेली समझकर पुत्री के साथ बदसलूकी की। बताया 25 अप्रैल को गांव में शादी समारोह होने पर वह घर आया। तब उसकी पुत्री ने रोते हुए घटना बताई। तब वह पुत्री के साथ उलाहना देने उसके घर पहुंचा। तभी युवक ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है।

### दबंग ने शराब पीकर जान से मारने की धमकी दी

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के सिजवाही गांव में दुकानदार को शराब के नशे में चूर होकर दबंग युवक ने जाति सूचक शब्दों से अपमानित करके जान से मारने की धमकी दी है, पीड़ित ने बताया कि वह पहले भी कई बार ऐसी घटना को अंजाम दे चुका है। वहीं दबंग युवक की पुलिस से शिकायत की है। गांव निवासी राम विशाल ने पुलिस को बताया कि वह गांव में दुकान किए हुए है जिसमें गांव का रोहित सिंह उसकी दुकान में आया और शराब के नशे में चूर होकर उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली गलौज करने लगा तथा दुकान बंद करने के लिए दबाव बनाने लगा और दुकान न बंद करने की स्थिति में जान से मारने की धमकी देने लगा। दबंग पूर्व में भी कई बार उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली गलौज कर चुका है। जिससे तंग आकर वह पुलिस के समक्ष न्याय मांगने के लिए मजबूर हुआ है।

### पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव निवासी विवाहिता की एक सप्ताह पूर्व हुई मौत के मामले में मृतका के मायके पक्ष के भाई ने पति सहित सास, ससुर,देवर, ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न करने व अतिरिक्त दहेज में कार मांगने को लेकर जहरीला पदार्थ खिला कर मार डालने का पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। जनपद कानपुर देहात के दुराज पुर गांव थाना सिकंदरा निवासी सतेंद्र कुमार ने थाने में बताया कि अपनी छोटी बहन साक्षी की शादी कुरारा क्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव निवासी कुलदीप सचान पुत्र प्रमोद सचान के साथ वर्ष 2018 में हिंदू रीति रिवाज से की थी। तथा नकद छे लाख व सामान देकर विदा किया था। इसके बाद ससुराली जन अतिरिक्त दहेज में कार की मांग करने लगे तथा मेरी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। इसकी जानकारी मृतका ने मायके आकर बताई थी। 22 अप्रैल को पति व सास ससुर देवर ने जहरीला पदार्थ खिला कर मार डाला तथा कुरारा अस्पताल में छोड़कर मौके से भाग गए। पड़ोसियों से घटना की जानकारी मिली तब हम लोग मौके पर पहुंचे तो बहन का शव मृत अवस्था में मिला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पति कुलदीप सचान, ससुर प्रमोद सचान, सास उर्मिला, देवर दिलीप सचान, व नन्द नीतू सचान के खिलाफ दहेज उत्पीड़न करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस ने तमंचाधारी को किया गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस ने अवैध तमन्चा व कारतूस सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत तथा जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे थाना भरथना पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी, इसी



दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी विजय कुमार उर्फ बीटू पुत्र श्याम सिंह यादव निवासी मोहल्ला यादव नगर थाना भरथना को ओवर ब्रिज के पास बम्बा की तरफ पुल से अवैध तमन्चा व 2 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। इस सफलता में देवेन्द्र सिंह प्रभारी थाना भरथना, उ.नि. रहीश पाल सिंह, का. अरूण कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# जिम्मेदारों की उदासीनता से हवाहवाई साबित हो रही हर घर नल योजना

- बाहर से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण, शोपीस बनी घर के दरवाजों पर लगीं टोंटियां

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल के माध्यम से जल पहुंचाने के लिए लगाईं गई टोंटियां शोपीस बनी हुई है। ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्रामीणों को गांव के बाहर से दो से तीन किलोमीटर दूर से पानी लाने की समस्या बनी हुआ है। भीषण गर्मी में यह समस्या और विकराल हो गई है। ग्रामीणों ने समस्या के निस्तारण की



मांग उठाई है। जनपद के कबरई ब्लॉक के गांव बिलबई में हर घर नल योजना के तहत गांव में हर घर के दरवाजे टोंटियां लगाईं गयी हैं। लेकिन यह शो पीस साबित हो रही हैं।

ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण मुन्ना, दिवाकर दत्त, सोनू और मुकेश तिवारी आदि ने बताया कि गर्मी का मौसम आते ही गांव में पेयजल की समस्या विकराल हो जाता है। शुद्ध पेयजल लेने के लिए गांव के बाहर दो से तीन किलोमीटर का सफर करना पड़ता है, जिसके बाद लोगों को पानी बामुश्किल उपलब्ध हो पाता है। सरकार के द्वारा लोगों को पेयजल मुहैया कराने के लिए गांव-गांव में पाइप लाइन बिछाई गई हैं और लोगों के घरों के दरवाजे पर टोंटी लगाई गई हैं लेकिन बिलबई गांव में यह सफेद हाथी साबित हो रही है। यहां के निवासियों के सामने पेयजल की समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों से गांव में पेयजल आपूर्ति बहाल कराने की गुहार लगाई है।

### विभागीय अधिकारी बरत रहे लापरवाही

जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना की प्रगति के आधार पर जनपद को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है तो देश में दूसरा स्थान मिला है। जबकि धरातल पर हकीकत कुछ और बयां कर रहीं हैं। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

## साहूकारों से परेशान सैलून दुकानदार ने लगायी फांसी

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** राठ कस्वे में पुत्री की शादी में लिया साहूकारों का कर्ज न चुका पाने से परेशान सैलून दुकानदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के मुताबिक कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी पन्नालाल सविता(65) ने पुत्रियों की शादी के लिये साहूकारों से दो लाख रुपये कर्ज लिये था,उसके पास केवल दो बीघा जमीन थी। पन्नालाल सैलून की दुकान किये था,जिससे वह हमेशा आर्थिक रुप से परेशान रहता था। कर्ज चुकाने के लिये साहूकार अक्सर उसको ताने मारते थे जिससे वह डिप्रेशन में रहता था। पन्नालाल के पुत्र राजू ने बताया कि रविवार को सुबह सूनसान घर पाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राजू दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# 26 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

- सभी ने नव वर वधू को दिया आशीर्वाद
- नव जोड़ों ने एक दूसरे को वर माला पहनाकर रचाई शादी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

लोधी समाज जनकल्याण समिति के तत्वावधान में पंद्रहवां सामूहिक विवाह सम्मेलन शहर के राठ रोड स्थित शिशु शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। जिसमे 26 जोड़ों ने एक दूजे को माला पहना कर अपना जीवनसाथी बनाया।

लोधी समाज जनकल्याण समिति के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोधी समाज का सामूहिक विवाह का आयोजन 28 अप्रैल को महोबा में किया जाता है। इस बार भी विवाह रीति रिवाज के अनुसार कराए गए। लोधी समाज जन कल्याण समति के अध्यक्ष महेश राजपूत ने बताया कि खर्चीली



शादी रोकने और बिना दहेज की शादी करने के लिये समाज को प्रेरित करने का काम लोधी समाज जनकल्याण समिति कार्य करती आ रही है। वर वधू को उपहार भी दिया गया। सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा सिंह पटनाहा व पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत, पूर्व विधायक चौधरी धुराम लोधी, अजेंद्र लोधी कनकुआ ने पहुंचकर वर वधु को आशीर्वाद दिया। इस सम्मेलन में उपासना बगवाहा का विवाह भूपेन्द्र भरवारा, सविता पृथ्वीपुर मध्य प्रदेश का विवाह लक्ष्मण सिंह भरवारा सहित 26 जोड़ों के विवाह संपन्न कराए गए। इस मौके पर संरक्षक बिहारी लाल महान, रामसहाय राजपूत, चरण सिंह महान, अध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत, कोषाध्यक्ष डॉक्टर अजय राजपूत, सचिव रामकिशन राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष कबरई बालकिशन, विनोद कुमार, मानिकचंद राजपूत, राजू राजपूत कालीपहाड़ी, महेंद्र राजपूत जखेड़ी, रामकृपाल, नरेश प्रधान सिजहरी, जय सिंह प्रधान काली पहाड़ी वीरपाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# बिजली विभाग के जेई व कर्मियों के साथ मारपीट

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

थाना सैफई क्षेत्र के ग्राम उझियानी में विद्युत फाल्ट की सूचना पर पहुंचे अवर अभियंता एवं विद्युत टीम के साथ ग्रामीणों नें मारपीट कर दी। अवर अभियंता नें थाने मे तहरीर देकर कार्यवाही मांग की।

अवर अभियंता राजेश प्रसाद नें थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वीते गुरुवार अपने साथी प्रदीप कुमार उपखंड अधिकारी एवं टीजी-2 सुरजन सिंह व संविदा कर्मचारियों के साथ ग्राम उझियानी में विधुत लाइन ठीक करने पहुंचे थे। ट्रांसफार्मर चेक करने पर पाया कि परिवर्तक की एल टी खूंटी से पुष्पेंद्र पुत्र मानसिंह अवैध रूप से केवल डालकर अपने खेतों में ले जा रहे थे। अवैध केवल को परिवर्तन से खोला जाने लगा तभी उक्त गांव के पुष्पेंद्र पुत्र पान सिंह, पान सिंह पुत्र प्रभु दयाल ने अवर अभियंता का गिरेबान पकड़ लिया और जाति सूचक गालियां प्रयोग करते हुए मारपीट पर आपदा हो गए यह देख विभाग के संविदा कर्मचारियों ने बचाने का प्रयास किया पुष्पेंद्र के परिवारीजनों ने एकत्र होकर गुट बनाकर विद्युत विभाग की टीम पर हमला बोल दिया तथा मारपीट करने लगे जिससे टीम के लोगों को चोटें आई है तथा उन लोग ने जबरदस्ती लाइन स्टाफ से केवल भी छीन ली टीम के लोगों द्वारा सीओ सैफई को फोन से सूचना दी गई एवं किसी तरह जान बचाकर विद्युत उपकेंद्र सैफई पहुंचे अवैध तरीके से विद्युत उपभोग करने की वजह से 250 केवीए परिवर्तक ओवरलोड हो गया तथा परिवर्तक क्षतिग्रस्त हो गया टीम ने थाना सैफई पहुंचकर थाना अध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में पान सिंह पुत्र प्रभु दयाल, पुष्पेंद्र पुत्र मानसिंह, सोनू पुत्र पान सिंह, मीना देवी पत्नी पान सिंह, जितेंद्र पुत्र सुखलाल के विरुद्ध गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने व परिवर्तक को क्षतिग्रस्त कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने रिपोर्ट दर्ज करने का प्रार्थना पत्र दिया है। जेई राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि उक्त मामले में मुकदमा दर्ज होगया है।

# कथावाचक के घर लगी आग, हजारों का नुकसान

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के शिवनी गांव में बीती रात कथावाचक के मकान में अज्ञात कारण के चलते आग लग जाने से गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने एकत्र होकर आग पर काबू पाया। तथा दमकल दस्ते को सूचना दी। मौके पर दमकल दस्ते ने आग बुझाई। आगजनी में पीड़ित का लाखो का नुकसान हुआ है।क्षेत्र के शिवनी गांव में कथावाचक नारायण तिवारी के मकान में बीती रात अचानक कच्चे खपरैल वाले मकान में अज्ञात कारण के चलते आग लग गई। रात एक बजे आग लगने से ग्रामीणों को जानकारी हुई तो आग ने



विकराल रूप धारण कर लिया था। आग की लपटे उठने पर ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई ग्रामीणों ने एकत्र हो कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया तथा घटना की जानकारी दमकल दस्ते को दी। तब दमकल दस्ते ने आग पर काबू पाया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कथावाचक अपने परिवार सहित दिल्ली में रहकर अपना कथा वाचक का कार्य करते हैं। मकान में ताला बंद रहता है। इस आगजनी से पीड़ित का खपरैल वाले मकान व गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया है। पीड़ित को घटना की जानकारी दी गई है। इसके पास कृषि योग्य चार बीघा खेत है।ग्रामीण के अनुसार आगजनी में लाखो का नुकसान हुआ है।

# जांच पड़ताल के बाद पशुबाजार का संचालन शुरु

- संचालकों के बीच वर्चस्व को लेकर तनातनी से पशु बाजार सुर्खियों में

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में लगभग तीन दशक से संचालित पशुबाजार को बाजार संचालन में पुलिस ने तत्काल प्रभाव से संचालन में रोक लगाई थी जिसके बाद रविवार को पशु बाजार पीड़ित संचालिका ने तमाम आलाधिकारियों से मामले की जांच की गुहार लगाई थी और कोतवाली प्रभारी को अपने दस्तावेज दिखाए तो प्रभारी ने पुनः संचालन के लिए आदेशित कर दिया है।

कस्बे के मोहल्ला उपरौस निवासी सलीमन बानो पत्नी सलीम हामिद द्वारा नगरपालिका परिक्षेत्र के अंतर्गत लगभग तीन दशक से साप्ताहिक पशुबाजार का संचालन किया जा रहा है लेकिन बीते कुछ समय से मौदहा ग्रामीण क्षेत्र में एक पशुबाजार का लाईसेंस और निर्गत होने के कारण पत्राचार और विवाद की स्थिति बनती रही है जिसको लेकर कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने शनिवार को अपर मुख्य अधिकारी का हवाला देते हुए नगरपालिका क्षेत्र में संचालित सलीमन बानों के बाजार संचालन पर रोक लगा दी थी।हालांकि उक्त पशु बाजार संचालिका सलीमन बानो ने उक्त बाजार संचालन के वैध दस्तावेज पेश किये जिनका अवलोकन करने के बाद कोतवाली प्रभारी ने उन्हें पुनः पशु बाजार का संचालन करने की अनुमति दे दी है। पशुबाजार नगरपालिका क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित हो रही है जबकि सिजनौडा के निकट संचालित पशुबाजार ग्रामीण क्षेत्र में होने के कारण जिला पंचायत द्वारा संचालित की जा रही है जिसके बाद से दोनों संचालकों के बीच वर्चस्व को लेकर तनातनी बनी रहती है और आये दिन पशु बाजार सुर्खियों में बना रहता है।

# जेब से साठ रुपये निकालने पर पति ने पत्नी को मारा-पीटा, की शिकायत

- महिला ने पुलिस से पति, सास-ससुर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की
- जांचोपरांत आरोपियों पर की जाएगी कार्रवाई : पुलिस

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

पति के जेब से आवश्यक कार्य हेतु पत्नी को 60 रूपये निकालना मंहगा पड़ गया जिसके बाद पति ने अपनी पत्नी को गाली-गलौज करते हुए मारपीट की है। पुलिस से शिकायत की है।

कस्बे के मीरा तालाब मराठीपुरा निवासी सुनीता पत्नी सोनू ने पुलिस को बताया कि शनिवार के दिन उसने आवश्यक कार्य हेतु अपने पति के जेब से 60 रूपये निकाले थे लेकिन उसका पति रात में उसके ऊपर 200 रूपये निकालने का आरोप लगाकर मां बहन की गालियां देते हुए मारपीट करने लगा तथा जान से मारने की नीयत से जमीन पर पटककर गला दबाने लगा। महिला ने बताया कि बच्चों व उसके स्वयं द्वारा शोर शराबा करने पर वह पति के चंगुल से छूट पाई तभी सास रुक्को व ससुर रामस्वरूप अपने बेटे को प्रेरित करते हुए मुझे जान से मारने के लिए कहने लगे। महिला ने बताया कि उसके सास व ससुर मेरे ऊपर गंदे इल्जाम लगाकर मुझे घर में रहने नहीं देना चाहते जो कि पूर्व में भी ऐसी घटना को अंजाम दे चुके हैं लेकिन पुलिस की दखलंदाजी के बाद पति ने भविष्य में कभी दोबारा ऐसी घटना को अंजाम न देने की बात कहते हुए समझौता हुआ था लेकिन बार-बार ऐसी घटना करने पर महिला ने पुलिस से पति सास व ससुर के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और जांच की जा रही है, जांचोपरांत आरोपियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों की हुई समीक्षा बैठक

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम व बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा द्वारा ब्लॉक सभागार सैफई में अन्य विभागों के समन्वय से स्वीप के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथो की समीक्षा की गयी।

सर्व प्रथम मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मतदान प्रतिशत बढाने के लिए एक वाहन पर स्वीप कार्यक्रम के तहत टीचर्स क्लब द्वारा निर्मित स्टीकर लगाकर उसका सुभारम्भ किया गया।




तत्पश्चात कम मतदान वाले वूथों पर मतदान प्रतिशत बढाने के लिए निर्देशित किया गया। विधान सभा जसवन्तनगर में संचालित परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/संकुल शिक्षक/सचिव की बैठक में कम मतदान प्रतिशत के कारणों के विषय में चर्चा की गयी और अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढाने के निर्देश प्रदान किये। कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत बाल संसद टोली के द्वारा प्रतिदिन मतदाताओं को जागरुक किया जाये एवं बाल संसद को सक्रिय कर मतदान वाले दिन टोली के द्वारा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जाये तथा स्वीप कार्यक्रम का आयोजन ग्राम वासियों के मध्य आयोजित किये जायें। प्रधानाध्यापको से मतदान प्रतिशत बढाने के लिये बैठक में चर्चा की गयी तथा प्रधानाध्यापक, सचिव, लेखपाल, ऑगनबाडी सदस्य के साथ डोर-टू-डोर सम्पर्क कर मतदान प्रतिशत बढाने के साथ ही सभी लोगों को वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड करने के निर्देश दिये गये, जिसके द्वारा मतदाता स्वंय की एवं मतदान से सम्बन्धित अन्य जानकारी प्राप्त कर सकता है। शिक्षक परिवार सर्वेक्षण कार्यक्रम के तहत डोर-टू-डोर जाकर वोटर से सम्पर्क करें और मतदान की तिथि से अवगत करायें तथा मतदान करने के सम्बन्ध में छात्र-छात्राओं की कॉपी पर संकल्प पत्र भरवाने के निर्देश प्रदान किये गये। आज के इस कार्यक्रम मे मुख्य विकास अधिकारी के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक श्री मनोज कुमार, खण्ड विकास अधिकारी सैफई राम कुमार शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. राजेश कुमार, सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) मुकेश कुमार, प्रधानाचार्य जीआईसी सैफई जितेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्या जीजीआईसी सैफई बविता सिंह, डॉ चंद्रवीर सिंह रजिस्टार उत्तर प्रदेश आर्युविज्ञान विश्वविद्यालय, प्रधानाचार्य सत्येन्द्र कुमार सिंह, डा. शिवकुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी सैफई नबाव वर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी बीरेन्द्र सिंह तथा एसआरजी रामजनम सिंह एवं संजीव चतुर्वेदी, जिला स्काउट मास्टर अच्युत कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# अयोध्या में एयरपोर्ट व कश्मीर में धारा 370 हटना नहीं आ रहा है विपक्षी दलों को रास: स्वतंत्रदेव

▸ रूदौली विधान सभा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का हुआ आयोजन



**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा रूदौली विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन श्री राम सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज आजाद नगर में आयोजित किया गया। सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष,शक्ति केन्द्र प्रभारी व संयोजक,बूथ अध्यक्ष, बीएलए टू सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि सपा और कांग्रेस किसान हितैषी नही किसान विरोधी है। विपक्षी पार्टियों के नेता कह रहे हैं कि हम सविधान को खत्म कर देंगे और मैं कहता हूं कि जब तक पीएम मोदी हैं तब तक किसी में औकात नहीं है कि सविधान को छू भी ले। भारतीय जनता पार्टी की ही देन हैं कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट का निर्माण, जम्मू कश्मीर में धारा 370 का हटना आदि विपक्षी दलों को रास नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक घर जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं व सरकार के विकास को जन जन तक पहुंचाए। लगातार तीसरी बार फिर से पीएम मोदी के नेतृत्व में चार जून को भगवामय कर दें। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या के विकास के लिए सरकार के अयोध्या के विकास में कोई कोर कसर नही छोड़ रही है। यहां लगभग 50 हजार करोड़ की लागत की परियोजनाएं चल रही है,यह केवल दस प्रतिशत है। तीसरी बार सरकार बनने के बाद अयोध्या के विकास को और गति मिलेगी। 2024 का यह चुनाव कोई आम चुनाव नही है। यह राष्ट्र के निर्माण का चुनाव है।

भारत की अस्मिता का चुनाव है। चुनाव में अपनी जिम्मेदारी समझ कर चार जून को अयोध्या में भगवा लहराना के संकल्प हम सभी को लेना है।

विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि रुदौली विधान सभा वह धरती है जब 2012 में सपा की लहर थी तब भी यहां की जनता ने भाजपा को जीत दिलाई थी और जो सपा के लोक सभा प्रत्यासी है। यह उस समय किसानों को 60 और 100 रुपए के चेक दिए थे। जिसके विरोध के बाद 1500 रुपए के चेक दुबारा मिले। इस दौरान जिलाध्यक्ष संजीव सिंह,ओम प्रकाश सिंह, विधानसभा प्रभारी प्रभारी कमला शंकर पांडेय, संयोजक राजीव तिवारी, राघवेंद्र पांडेय, गंगा दिन वर्मा,अंजनी साहू, शेखर गुप्ता, रघुनंदन चौरसिया, किशोरी लाल भारती, सुधीर गुप्ता, राजेश गुप्ता, रामदीन वर्मा, शेखर गुप्ता, किशोरी लाल लोधी, मंसाराम रावत, शोभाराम लोधी, चंद्रभानु पासवान, रामनगर लोधी, संतोष जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# योगा में महारत हासिल कर जनपद का गौरव बनी नन्हीं गौरी नायक

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**




**शिक्षा,** खेल और अब योग के क्षेत्र में भी जनपद की किशोरिया इतिहास रचने में पीछे नहीं है हाल ही में जिला मुख्यालय निवासी शिक्षक दंपति शोभा और शैलेंद्र नायक की बेटी गौरी ने सब जूनियर गर्ल्स ग्रुप की ट्रेडिशनल योगासन में प्रथम स्थान प्राप्त कर जहां एक और जनपद का गौरव बढ़ाया है तो वहीं इस बात को भी साबित कर दिया है कि अब लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। गौरी की इस उपलब्धि को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित ने उसे शील्ड और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। बीते कुछ बरसों का दौर देखे तो जनपद में एक के बाद एक ऐसी प्रतिभाएं सामने आ रही हैं जो अपनी कला और हुनर से सम्मान पाने के साथ-साथ इस बात को भी साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही की उन्हें यदि मौका मिलता है तो वह खुद को बेहतर साबित करने में पीछे नहीं है लगातार कई वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में जनपद की बेटियों ने जिले और प्रदेश मैं अपनी जगह बनाकर जिले का गौरव बढ़ाया है तो अब वही खेल और योग जैसे क्षेत्र भी उनके लक्ष्य बन गए हैं गौरी इसकी जीती जागती मिसाल है। नगर के शिक्षक शैलेंद्र नायक और शिक्षिका शोभा की पुत्री गौरी नायक ने योग के क्षेत्र में विशेष महारत हासिल की है बहुत छोटी सी उम्र में ही गौरी ने कई बड़े मंचों पर योगाभ्यास का प्रदर्शन कर पुरस्कार हासिल किए हैं। योग प्रदर्शन में वह इतनी निपुण है कि उसके कर्तव्यों को देखकर लोग हैरत में पड़ जाते हैं हाल ही में उसे सब जूनियर गर्ल्स ग्रुप में प्रथम प्राइस प्राप्त हुआ जिला स्तर पर आयोजित इस ट्रेडिशनल इवेंट में स्थान प्राप्त करने पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित ने सम्मान समारोह के दौरान गौरी नायक को शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया बताते चलें कि गौरी को योगाभ्यास करने और इसे अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाने की प्रेरणा अपने माता-पिता और शिक्षकों से मिली। उसका कहना है कि जीवन में सबसे बड़ा धन स्वस्थ दिमाग और शरीर है और इसे बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को योग अपना ना चाहिए ताकि वह जीवन के अन्य सभी क्षेत्रों में बेहतर ढंग से काम कर सके और सफलता प्राप्त करें। गौरी की इस उपलब्धि को लेकर उसके परिजनों के अलावा विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों और चिर परिचितों ने उसे शुभकामनाएं दी हैं।

# सीएमओ ने किया आयुष्मान भव मेले का निरीक्षण



**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**रविवार को** जनपद बलरामपुर के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंदनगर खजुरिया में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। निरीक्षण में कुल 05 कर्मी अनुपस्थित पाए गए।सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने दिया। आज जनपद में आयोजित आयुष्मान भव मेले में कुल 1902 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया। निरीक्षण के समय डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंदनगर खजुरिया के चिकित्सक तथा कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधान की सड़क हादसे में मौत

**उतरौला (बलरामपुर)।** स्कार्पियो की चपेट में आ जाने से पैदल जा रहे पूर्व प्रधान की सड़क हादसे में मौत हो ग?ई जबकि दूसरे साथी की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक द्वारा जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली उतरौला के ग्राम तेंदुवा निवासी पूर्व प्रधान संतराम पुत्र बदलू 65 वर्ष व कृष्णा पुत्र नंदलाल 28 वर्ष रविवार सुबह 5-30बजे गांव से निकलकर चुंगी नाका पर चाय पीने जा रहे थे कि उतरौला-बलरामपुर मार्ग पर तेंदुवा गांव के सामने बलरामपुर से आ रही स्कार्पियो ने पीछे से ठोकर मार दी। जिससे संतराम के दोनों पैर टूट गए तथा सर में गंभीर चोटें आई और कृष्णा को भी काफी चोट पहुंची ग्रामीणों की मदद से दोनों को गंभीर अवस्था में सीएचसी उतरौला लाया गया जहां डाक्टर द्वारा संतराम को मृत्यु घोषित कर दिया। तथा कृष्णा की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर फर्जी आईडी चलाने वाले हो जाएं सावधान

**चोपन/सोनभद्र।** लोकसभा चुनाव के दौरान जिले स्तर पर गठित सोशल मीडिया सेल के माध्यम से जातिगत वैमनस्य फैलाने व धार्मिक उन्माद भड़काने वालों पर पुलिस विशेष निगरानी रख रही है, ताकि किसी तरह से माहौल खराब नहीं हो सके। पुलिस लगातार सोशल साइट्स पर अकाउंट्स हैंडल करने वाले लोगों पर निगरानी रखे हुए है। आपत्तिजनक संदेश, किसी पार्टी के विरोध में भडकाऊ संदेशों पर भी नजर रखी जा रही है। चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जातिगत वैमनस्य फैलाने व धार्मिक उन्माद भड़काने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस बाबत थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर अफवाह या धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश करने वालों पर नजर रखी जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस उन लोगों पर भी कार्रवाई करेगी जो सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के आपत्तिजनक मैसेज पर लाइक या कमेंट या उन्हें शेयर करते हैं और ऐसे मैसेज को अपनी आईडी से आगे फॉरवर्ड करते हैं। सेल के जरिए अब फेसबुक, ट्विटर और वाट्सएप ग्रुपों पर विशेष नजर रखी जा रही है। वहीं फर्जी आईडी बनाकर चुनाव के दौरान जो लोग अराजकता फैलाते हैं और ऊलजुलूल पोस्ट कर माहौल खराब करते हैं उनके उपर भी निगहबानी तेज हो गई है नगर में कुछ फर्जी आईडी बनाकर चुनावों के दौरान जो लोग उटपटांग पोस्ट करते हैं अब वे सावधान हो जाएं क्योंकि चोपन पुलिस ऐसी फर्जी आईडी पर विशेष नजर रखे हुए है।

## खबरें एक नजर में

### जिला टॉपर छात्रा तबस्सुम बानो को ननिहाल की तरफ से किया गया सम्मानित

**उतरौला(बलरामपुर)।** ननिहाल की तरफ से रविवार को सम्मान समारोह आयोजित कर यूपी बोर्ड के हाईस्कूल में जिला टॉप करने वाली छात्रा तबस्सुम बानो को सम्मानित किया गया। छात्र के नाना मास्टर शफीउल्लाह, मामा मोहम्मद असदुल्लाह, फैजानुल्लाह, अहसानुल्लाह, इरफान उल्लाह, डॉक्टर रिजवान, नुरुल्लाह, डॉक्टर कलीमुल्लाह, तन्नू, अजमतउल्लाह द्वारा मेधावी तबस्सुम बानो को फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाया और जिला टॉप करने पर बधाई दिया। साथ ही मेडल, शिक्षण सामग्री व अन्य उपहार भी दिया गया। मेधावी ने मेहनत से अपने लक्ष्य को पाने का संकल्प दोहराया। मास्टर शफीउल्लाह ने कहा कि मेहनत से मेधावी तबस्सुम बानो ने अपनी अलग पहचान बनाई है। ऐसे मेधावी के लिए दुनिया में कुछ भी नामुमकिन नहीं है। उन्होंने कहा कि मेहनत के साथ पढ़ाई करें ताकि अपने मुकाम तक पहुंच जाए। कहाकि अखबार व किताबों में प्रमाणिकता के आधार पर बातें लिखी रहती है इनको जरूर पढ़ें। मेधावी छात्र के मामा मोहम्मद असदुल्लाह ने कहा कि लक्ष्य बनाकर कार्य करें। माता-पिता के सपनों को साकार करें। मेहनत व कठिन परिश्रम से अपना मुकाम हासिल करें। मास्टर रहमतुल्लाह ने कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता में शिक्षक व अभिभावकों की बड़ी जिम्मेदारी होती है। मेधावी तबस्सुम बानो समय का सदुपयोग करें। इससे दोगुनी मेहनत के साथ आगे की पढ़ाई पूरी करें। सम्मानित हुई हाई स्कूल जिला टॉपर मेधावी छात्रा तबस्सुम बानो ने खुशी जताते हुए कहा कि, नियमित पढ़ाई करना जरूरी है। हर विषय मन लगाकर पढ़ना चाहिए। शिक्षकों व अभिभावकों से जानकारी लेते रहना चाहिए। पढ़ाई में स्वास्थ्य शरीर का विशेष ध्यान रखें। आज का काम कल पर न टाले, टाइम टेबल बनाकर पढ़ें। तबस्सुम बानो ने डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करने की इच्छा जताई। इस मौके पर प्रवक्ता मोहम्मद सैफ, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद कैफ, डॉक्टर मोहम्मद अहमद, मौलाना जुनेद आलम, मोहम्मद जावेद अहमद, परवेज आलम, महताब आलम, मोहम्मद जैद, मोहम्मद नावेद, इमरान उल्लाह, अब्दुस्समद, अली हुसैन, मोहम्मद इदरीस, आशिक अली वारसी, डॉक्टर अब्दुल कादिर आदि मौजूद रहे।

### शेल्टर होम के सामने लगी आग, फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाया

**कालपी (जालौन)।** भीषण गर्मी के कारण दिन प्रतिदिन आग की घटनाओं में वृद्धि हो रही हैं। रविवार को नगर के शेल्टर होम के सामने घूरे के ढ़ेर में आग लग गई। आग की घटना पर अंकुश लगाने के लिए फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। विदित हो कि माँ वनखण्डी देवी मंदिर के बगल में स्थित नगर पालिका परिषद के द्वारा संचालित शेल्टर होम के सामने घूरे के ढेर में आग लग गई। रविवार की सुबह अचानक घूरे के ढेर में आग सुलगने लगी। देखते ही देखते आग की लपटे उठनी लगी। सूचना पाकर अग्निशमन केंद्र प्रभारी महेंद्र प्रकाश बाजपेई के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। इससे पहले कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिरही में खेत मे आग लगने की सूचना ग्रामवासी माधौराम के द्वारा दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर ज्वार की कर्वी में काबू पाया।

### भगवान कृष्ण की कथा जोगी, भोगी, रोगी तीनों को लाभ प्रदान करती है

**कुठौंद (जालौन)।** ग्राम पंचायत नसीरपुर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक आचार्य शिवाकांत पांडे कुरारा हमीरपुर ने भागवत के महत्व की कथा में बताया कि भगवान कृष्ण की कथा जोगी, भोगी, रोगी तीनों को लाभ प्रदान करती है योगी का योग बढ़ता है भोगी का भोग मुक्त होता है तथा रोगी रोग मुक्त होता है। भगवान परब्रह्म की निष्काम बुद्धि वासुदेव विशुद्ध गुण के मिलन होने से प्रकट होते हैं। सांसारिक विषयों का स्मरण होने पर ही सच्चा आनंद प्रकट होता है कृष्ण कथा दोष का ध्यान करती है सुखदेव जी ने भगवान को सूप में रखकर सर पर रखा तो सारे बंधन छूट गए जीव जब ब्रह्मा से संबंध स्थापित करता है तो सांसारिक बंधन छूट जाते हैं। गोकुल में भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया हमारा शरीर मथुरा है, गोकुल हृदय है हृदय रूपी गोकुल में कृष्ण को बसाओगे तब सच्चा जन्म उत्सव होता है तब जीव भगवान का कृपा पात्र बनता है। कार्यक्रम के परीक्षत श्रीमती काजल, गौतम वर्मा तथा आयोजक महंत शल्लू भगत एवं सहयोगी नन्हें बाबा, बारेलाल, परशुराम, प्यारेलाल, रामबाबू सेठ सहित अनेकों ग्रामवासी मौजूद रहे।

### पांच थाना क्षेत्रों में 4180 संदिग्ध व्यक्तियों पर निरोधात्मक कार्यवाही की नोटिस जारी

**कालपी (जालौन)।** आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को शांति एवं कुशलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस महकमें तथा स्थानीय प्रशासन के द्वारा संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों को चिन्हित करके निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। कालपी तहसील के 5 थाना क्षेत्रों में 4180 व्यक्तियों को 107/116 सीआरपीसी के तहत नोटिस दिए गए हैं, जिनमें 596 व्यक्तियों के द्वारा उपजिला मजिस्ट्रेट कालपी के समक्ष पाबंद होने की कार्रवाई पूरी कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कालपी थाना क्षेत्र के 1575 व्यक्तियों, कदौरा थाना क्षेत्र के 1061 व्यक्तियों, आटा थाना क्षेत्र के 497 व्यक्तियों, चुर्खी थाना क्षेत्र के 489 व्यक्तियों तथा सिरसाकलार थाना क्षेत्र की न्यामतपुर चौकी क्षेत्र के रहने वाले 558 संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों के खिलाफ26 अप्रैल तक नोटिस जारी कर दिए गए हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रत्येक दिन थाना क्षेत्र से 107/116 की चालानी रिपोर्ट की सूची उपजिलाधिकारी कार्यालय में पहुंच रही है। क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति या क्रियाशील अपराधियों पर पुलिस प्रशासन पैनी नजर बनाए रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न करने के लिए सर्किल के समस्त थानाध्यक्षों, थानेदारों तथा पुलिस कर्मियों को सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### मंदिर जाने को कहकर निकली महिला हुई लापता

**जालौन (उरई)।** मंदिर जाने के लिए निकली महिला वापस घर नहीं पहुंची। पति ने महिला की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए कोतवाली में सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान निवासी धर्मप्रकाश ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी प्रतिदिन सुबह मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए जाती हैं। शनिवार की सुबह भी वह रोज की भांति सुबह पूजा अर्चना के लिए मंदिर निकल गई थीं। पूजा अर्चना के बाद जब दोपहर तक वह वापस नहीं लौटी तो उनकी तलाश शुरू की।

# सोनू हत्याकांड में पांच आरोपी गिरफ्तार

▸ कोन पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दिखाई तत्परता अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**कोन। समृद्धि न्यूज**



**स्थानीय** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार की रात्रि में ग्राम पड़रछ टोला सरैया में बारात देखने आए युवक सोनू कुमार पुत्र स्वर्गीय भगवान दास की मौत के मामले में कोन पुलिस ने पांच नफर अभियुक्त अमेरिका पुत्र लाल बहादुर कुबेर पुत्र राम जियावन जबर सिंह पुत्र राम जियावन रमाशंकर सिंह पुत्र राम जियावन इन्दर पुत्र राम जियावन समस्त निवासीगण ग्राम पड़रछ टोला सरइया सभी ने मिलकर सोनू कुमार कुंवरलाल व मोनू को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिससे इलाज के दौरान सोनू कुमार की मृत्यु हो गई थी उक्त घटना के संबंध में मृतक के परिजनों के तहरीर पर कोन थाने में 54/2024 धारा 147 , 323, 504, 506, 304 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा को विशेष निर्देश देते हुए अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तारी हेतु कोन पुलिस द्वारा टीम गठित की गई जिस क्रम में समस्त पांच अभियुक्त को 24 घंटे के अंदर रविवार को सुबह प्राइमरी स्कूल के पीछे ग्राम सरइया से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत सहित उप निरीक्षक रविंद्र प्रसाद यादव उप निरीक्षक वंश राज यादव हेड कांस्टेबल संजय चौहान कांस्टेबल रूपेश कुमार एवं कांस्टेबल रमेश कुमार मौजूद रहे।

# शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**





**बलरामपुर** जनपद के लाल बहादुर शास्त्री लघु माध्यमिक विघालय सरायखास के माबूदी एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी बलरामपुर के तत्वाधान में आयोजित किया गया शिक्षक सम्मान समारोह इसमें कई शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिसमें माबूदी एजुकेशनल सोसायटी के प्रबंधन कौसर माबूदी और मुख्य अतिथि के रूप में श्रेया वर्मा वह विवेक श्रीवास्तव एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट दिल्ली शामिल हुए समिति के सलाहकार सुखराज वर्मा से पता चला कि शिक्षक ही समाज की रीढ़ है और एक अच्छा शिक्षक ही एक अच्छे समाज की स्थापना करता है इसलिए हमारी सोसाइटी गोंडा और बलरामपुर दोनों जिले में शिक्षकों को चिन्हित कर उन्हें सम्मानित करने का काम कर रही है सम्मान पाने वाले शिक्षकों में...

राकेश सिंह,राम मोहन वर्मा, राम किशोर वर्मा, शफीक मास्टर, कोमल सिंह, विजय कुमार मौर्या, गंगा राम वर्मा, सुनील यादव,रामेश सिंह,विनोद कुमार, कन्हैया लाल यादव,रविन्द्र पाण्डे, राजेश कुमार वर्मा,राजेंद्र कुमार, अबजल मास्टर, अजीत श्रीवास्तव, अब्दुल रज्जाक, वीनोद कुमार, मो. सिददीक,के के गुप्ता आदि लोगों के साथ समाजसेवी व पत्रकार राम चन्द्र पाल को भी संस्था मे निशुल्क गाडी दान देने के लिए सम्मानित किया गया ये गाडी सभी लोगों के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेगी 24म7 जल्दी ही संस्था के तरफ से हेल्पलाइन नं जारी किया जायेगा जिसपर काल करके जनता फायदा ले सकती है।

## मुकदमा दर्ज होने के बाद ब्लाक प्रमुख पुत्र पर चढ़ा सत्ता का नशा उतरा

**कदौरा (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**पिछले** दिनों सत्ता की धौंस दिखाकर अधिकारियों को दबाब में लाकर गलत काम कराने बाला ब्लॉक प्रमुख पुत्र पर बीडीओ द्वारा मुकदमा दर्ज कराने के बाद वह पुलिस को चकमा देकर अपने शार्गिदों के आशियाने में सिर छुपाये घूम रहा है तो वहीं पुलिस भी अब पूरी दमखम के साथ आरोपी को पकड़ने का तानाबाना बुनकर उस पर अमल करना शुरू कर दिया है। कदौरा पुलिस ने महिला बीडीओ के साथ कि गई अभद्रता ओर जान से मारने की धमकी को लेकर जिले का प्रसासन ओर पुलिस ने आरोपी को सबक सिखाने की ठान ली है। हर बार उपद्रव करने के बाद कोई करवाई न होने के चलते ब्लॉक प्रमुख पुत्र के हौंसले बुलंदियों पर देखे जाते थे और वह अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र पंचायत कार्यालय में सीना तानकर खड़े होकर अधिकारी हों या कर्मचारी या फिर आम जनता सबके अंदर खौफ भर गया था। लेकिन इस बार ब्लाक प्रमुख का बेटे द्वारा गलत पंगा लेकर महिला बीडीओ को ही कथित भुगतान का दबाब बनाने को लेकर धमकी देने के साथ ही सरकारी कागजातों को फाड़कर उन्हें चिंदी-चिंदी करने की हिम्मत जुटा ली थी। लेकिन आरोपी ऐसा फंसा की उसे निकलने का कोई रास्ता नही मिल रहा है हालात यह है कि आरोपी ब्लॉक प्रमुख पुत्र अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए भागता फिर रहा है तो वहीं पुलिस भी उसे पकड़ने के लिए पसीना बहा रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो कदौरा में इस समय सादा वर्दी में पुलिस गली गली घूम रही है कई घरों में दबिश भी दे गई लेकिन कदौरा ब्लॉक प्रमुख पुत्र उपेंद्र गौतम पुलिस के शिकंजे में नहीं आया।

आलाधिकारियों के निर्देश के बाद कभी बैकफुट पर रहने बाली पुलिस इस समय सिंघम बनकर बीडीओ को जान से मारने के धमकी देने बाले आरोपी के पीछे नहा धोकर पड़ गई है ब्लॉक प्रमुख पुत्र के चाहने बाले भी अपने घर को छोड़कर दूसरे आशियाने में रुके हुए है।

# शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**




**शहर कांग्रेस** कमेटी सोनभद्र के अध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शहर पदाधिकारीयो की बैठक आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्दे नजर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को शहर से अधिक से अधिक वोट दिलवाने हेतु शहर के सातों मंडल में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं सजौर मंडल में इंजीनियर शिवप्रसाद यादव, प्रांजल श्रीवास्तव, शंकर लाल भारती, शीतला चौक मंडल में आशीष कुमार शुक्ला, एडवोकेट कैलाश त्यागी, शईद शाह , सिविल लाइन मंडल में श्रीमती बेबी सिंह, श्रीमती रेखा सिंह, श्रीमती उषा देवी, ब्रह्म नगर मंडल में प्रदीप कुमार चौबे देवेंद्र शर्मा, अंकित केजरीवाल, छपका मंडल में अजीत बियार, मोहम्मद मुस्तफा खान, राजेश यादव, कम्हारी मंडल में लाल बहादुर वर्मा, राधेश्याम पटेल और जनार्दन पाठक तथा बढौली मंडल में विशिष्ट कुमार विमल, रिचर्ड डेविड एवं मनोज कुमार गुप्ता को प्रभारी बनाया गया है सभी प्रभारी संबंधित मंडलों में कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र एवं गारंटीयों का वितरण करेंगे एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की आम जनता से अपील करेंगे । शहर अध्यक्ष ने बताया कि आगामी 5 मई को राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे का दौरा जनपद में होगा जिसमें गठबंधन के साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न होगी जिसकी रूपरेखा पर भी आज विधिवत चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि शहर के कार्यकर्ता लगातार सक्रियता दिखा रहे हैं और शहर में इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल बन रहा है वहीं इंजीनियर जितेंद्र पासवान ने कहा कि शहर संगठन सक्रिय रूप से इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल बनाए एवं गठबंधन के प्रत्याशी को हर संभव जीत दिलाने में अपनी भूमिका निभाए । हाजी फरीद अहमद ने कहा कि राहुल गांधी की न्याय गारंटी योजना का पत्र आ चुका है जिसको घर-घर तक पहुंचाना कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कर्तव्य और जिम्मेदारी है गोपाल स्वरूप पाठक ने कहा कि शहर के कार्यकर्ताओ ने जो संरचना और रूपरेखा बनाई है उसके तहत वार्ड के प्रत्येक मोहल्ले में गारंटी कार्ड का वितरण करके गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने में जुट जाएं और मेहनत से प्रत्याशी को जीत दिलवाएं ।में बैठक की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी ने संचालन शहर उपाध्यक्ष इंजीनियर शिवप्रसाद यादव ने किया तथा बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव इंजीनियर जितेंद्र पासवान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा गोपाल स्वरूप पाठक हाजी फरीद अहमद आशीष कुमार शुक्ला श्रीमती बेबी सिंह शिव प्रसाद यादव प्रदीप कुमार चौबे रेखा सिंह प्रांजल श्रीवास्तव अजीत बियार मुस्तफा खान अंकित केजरीवाल अली हुसैन राजेश् यादव, देवेंद्र शर्मा, संतोष यादव ,लाल बहादुर वर्मा ,रिचर्ड डेविड ,मनोज कुमार गुप्ता , सीपी सुमन ,राधेश्याम पटेल के साथ शहर के उपाध्यक्ष महासचिव सचिव उपस्थित रहे।

# अखिलेश के रोड शो में यादव-लोधी भाई-भाई के लगे नारे

- तिर्वा क्षेत्र में एक नया समीकरण साध गए सपा मुखिया
- उमर्दा से तिर्वा तक रात 10 बजे तक चला काफिले के स्वागत का सिलसिला

तिर्वा। समृद्धि न्यूज



महारानी अबंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अखिलेश यादव



माल्यार्पण के दौरान इंदरगढ़ तिराहे पर देर रात जुटी हजारों की भीड़

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कन्नौज संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव शनिवार की रात तिर्वा क्षेत्र में अपने जनसम्पर्क अभियान के दौरान एक नया समीकरण साध गए। तिर्वा के इंदरगढ़ तिराहे पर स्वतत्रंता संग्राम सेनानी वीरागंना अबंतीबाई लोधी की लगी प्रतिमा पर उन्होने लोधी समाज के नेताओं के साथ माल्यार्पण किया। उनके माल्र्यापण करते ही भीड़ में मौजूद लोधी समाज के हजारों लोगों ने यादव-लोधी भाई-भाई के नारे लगाए। यह पहली बार है कि जब तिर्वा विधानसभा में सबसे बड़ी आबादी वाली दोनो जातियां एक साथ सपा के मंच पर सामने आई। तिर्वा में देर रात तक उनके काफिले के स्वागत का सिलसिला चलता रहा। उमर्दा से शुरू हुआ स्वागत का सिलसिला तिर्वा क्षेत्र में देर रात तक चला। उमर्दा से तिर्वा तक रात होने के बावजूद भी जगह-जगह सड़को पर लोगों की भीड़ उनके स्वागत के लिए खड़ी रही। रात 09 बजे के करीब उनका काफिला इंदरगढ़ तिराहे पर स्थित महारानी अंबतीबाई लोधी की प्रतिमा के समीप पहुंचकर थमा। यहां सपा मुखिया अपने प्रचार रथ से नीचे उतरे। उन्होने लोधी समाज के रामशंकर लोधी व हसेरन के पूर्व ब्लाक प्रमुख उदय राजपूत के साथ मंच पर पहुंचकर अंबतीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां मौजूद भीड़ का उन्होने हाथ हिलाकर स्वागत किया। अखिलेश यादव के मंच से हाथ हिलाते ही भीड़ ने यादव-लोधी भाई-भाई के नारे लगाए। इसके बाद तिर्वा कस्बे में दर्जनों स्थानों पर उनके काफिले का जोरदार स्वागत किया गया। रात 10 बजे के करीब फगुहा भट्ठा पर भी भीड़ ने उनका स्वागत किया। इसके साथ उनकी फ्लीट आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के जरिए लखनऊ के लिए रवाना हो गई।

# भाजपाईयों ने नगर में भ्रमण कर मतदान के लिये किया जागरूक

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



मतदान की अपील करते भाजपा नगर अध्यक्ष व अन्य

**लोक** सभा चुनाव का समय नजदीक आने पर भाजपा नगर अध्यक्ष नें कार्यकर्ताओं के साथ नगर के मोहल्लों में भ्रमण कर नागरिकों को पार्टी की उपलब्धियों व नीतियों से अवगत कराते हुये मतदान की अपील की है।

रविवार को भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल नें कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ मोहल्ला अशोकनगर, किदवईनगर, रामगंज में भ्रमण कर नागरिकों को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों व उपलब्धियों को गिनाते हुए मतदान करनें की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपके द्वारा चुना गया जनप्रतिनिधि सदन में आपकी समस्याओं को पुरजोर ढंग से उठाकर निस्तारण करवाने का कार्य करेगा। इस दौरान रमेश गुप्ता, जगतनरायन गुप्ता, अभिमन्यु त्रिपाठी, विजय प्रजापति, संजय गुप्ता, नवल गुप्ता, आशीष गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्यूबवेल के हौज में गिरने से बालिका की मौत

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के करसाह गांव में खेतों पर गई एक बालिका ट्यूबबेल के हौज में गिर गई। डूब जाने से उसकी मौत हो गई। रविवार को परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। करसाह गांव निवासी बटेश्वर कुमार की तीन बर्षीय पुत्री बेबी शनिवार को खेतों पर गई थी। खेलने के दौरान वह खेतों पर बने वह एक ट्यूबबेल के हौज पर खड़ी हो गई। पैर फिसल जाने से वह हौज में गिर गई।

# खबरें चलते-चलते

## 40 लीटर अवैध देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**विशुनगढ छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में,अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संसार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष देवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना विशुनगढ पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य । थाना विशुनगढ पुलिस द्वारा अवैध मादक द्रव्यों/शराब के निर्माण/बिक्री/तस्करी के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत अभियुक्तगण 01.आजाद उर्फ सनम पुत्र मगनलाल उम्र करीब 22 वर्ष 02.दीवेश उर्फ झल्लन पुत्र राजेश उम्र करीब 30 वर्ष नि0गण ग्राम निगोह खास थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज को मटेहना तिराहा से मय 40 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना विशुनगढ? पर मु0अ0सं0 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक करवाई कर जेल भेजा गया।

## स्वस्थ्य कर्मचारियों को पढ़ाया दायित्वों का पाठ

**छिबरामऊ कन्नौज।** सौ शैय्य अस्पताल सभागार मे स्वस्थकारोमियो की बैठक हुई। जिसमे कर्मचरियो को उनके दायित्वो की बिन्दुवार जानकारी दी गई। मरिजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए दिए जाने के निर्देश दिए गए। दिलू नगला स्थित सौ शैय्य अस्पताल सभागार मे एक बैठक अयोजित की गई। जिसमे सीएमएस डॉक्टर सुनील कुमार सिंह ने कर्मचारियो को उनके दायित्वो के संबंध मे बिंदूवार जानकारी दी।उधर क्वालिटी मैनेजर अशीष कुमार ने हेल्थ केयर सिस्टम (एचसीएस) कायाकल्प, इंक्वास,लक्ष्य मुस्कान(सीडीसी) मेडिकलआडिट,डेटआडिट,इंडिकेटर,बायो मेडिकल बेस्ट आदि बिंदु के बारे मे विधिवत जानकारी दी।इस दौरान अतुल कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मचारिगण मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने डीएन इंटर कॉलेज का लिया जायजा

**तिर्वा।** लोकसभा चुनाव के चलते डीएम व एसपी ने रविवार को डीएन इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इसी कॉलेज से तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के लिए 12 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होगी। अफसरों ने निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पानी, बिजली व शौचालय की स्थिति जानी। डीएम ने निरीक्षण के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के तहत कन्नौज संसदीय सीट पर आगामी 13 मई को मतदान होना है। जिसके लिए डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा से तिर्वा विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां 12 मई को रवाना की जाएगी। उन्होने बताया कि तिर्वा विधानसभा क्षेत्र में 398 मतदान केन्द्र बनाए गए है। इन मतदान केन्द्रो पर 487 बूथ है। इनमें से 77 क्रिटिकल बूथ है। जिनपर प्रशासन की पैनी निगाहें रहेगी। पोलिंग पार्टियों के प्रस्थान के लिए उन्होने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। कॉलेज के प्रधानाचार्य से परिसर की पूरी सफाई व्यवस्था दुरस्त करने के अलावा पेयजल, बिजली व शौचालय के हालात दुरस्त करने के निर्देश दिए है।

## दो ब्लॉकों की पाँच पीएचसी पर 113 मरीजों को मिला उपचार

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** शासन ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। जिसमें निःशुल्क जांच के साथ दवाई वितरित करने के निर्देश है। इसके तहत जलालाबाद ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। पीएचसी जसपुरापुर सरैया में डॉ अनिल यादव ने 22, जलालाबाद में 20, अनौगी में डॉ माजिद अली ने 30 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। इसी क्रम में गुगरापुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चियासर में डॉ देवदत्त राजपूत ने 13 एवं पीएचसी कीरतपुर में डॉ सरोज ने 28 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। चिकित्सकों के मुताबिक बुखार, जुखाम, खांसी मरीजों की संख्या अधिक रही। इस दौरान फार्मासिस्ट प्रशांत, ओमकार, नवीन सचान, सीमा सचान, वार्ड बॉय रवि कुमार सहित आदि रहे।

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये सबकी भागीदारी जरूरी : उपजिलाधिकारी

- जसौली में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम में सदर एसडीएम ने लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए किया जागरुक

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**मतदान प्रतिशत** बढ़ाए जाने को लेकर जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने में जुटा है। जगह-जगह जागरुकता कैम्प लगाकर लोगों को लोकतन्त्र के महापर्व में बढ़चढ कर मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही जा रही है। रविवार को उपजिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम तथा उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर सुश्री नवनीता राय ने सयुक्त रूप से वार्ड संख्या 24 जसौली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मतदाता जागरूकता हेतु घर घर जाकर लोगों को जागरूक किया तथा आंमत्रण पत्र वितरण किये।

रविवार को मतदाता जागरूकता संवाद में लोगों को जागरूक करते हुए उपजिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम ने कहा कि देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये सबकी भागीदारी आवश्यक है। 13 मई को सभी लोग बढ-चढ कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। लोकतंत्र मे यह अवसर एक निश्चित अंतराल में हम लोगो के बीच आता है। कहा कि बूथों पर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम है। मतदान केन्द्र पर अवश्य जायें। बिना किसी भय, दवाव के आप सक्षम है अपने मताधिकार का प्रयोग करने में आपलोग पूरी स्वतंत्रत हैं। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदान 13 मई के पहले सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर नवनीता राय ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि एक समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में हम सभी का योगदान बेहद आवश्यक है। इसलिए हम सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनें। इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

# अपनी सारे खेत का भूसा दान कर रहे है सहयोग

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**जिला** प्रशासन द्वारा भूसा दान करने के लिए प्रोत्साहित किए जाने से शहर के प्रमुख व्यवसायिक ने अपनी खेत में पैदा हुए भूसे को गौशाला में किया दान। समाजसेवी व किराना कामेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता अपने खेत का भूसा गौशालाओ को दान मे देकर भूखे बेसहारा गौशाला मे बंधे जानवरो को सहयोग प्रदान करते रहे है प्रदीप गुप्ता ने बताया कि गौ रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है हम सब को सरकार द्वारा चल रही इस तरह की योजनाओं मे सहयोग करना चाहिए इससे पहले करना काल मे भी समाजसेवी ने लोगो की सेवा करी थी और भी करते रहेगे।

## हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**तिर्वा।** कस्बे के अन्नपूर्णा नगर निवासी एक महिला की कानपुर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार की रात मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए रविवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कस्बे के अन्नपूर्णा नगर मोहल्ला निवासी मानसी राजपूत (27) पत्नी प्रमोद राजपूत अपने भाई शिवम राजपूत के साथ बाइक पर बैठकर कानपुर दवा लेने जा रही थी। रास्ते में कन्नौज क्रासिंग के पास बाइक से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सिर में उनके गंभीर चोटे आ गई थी।

# अब नहीं होता टेंपो हाई, अब हो रही डिजिटल लड़ाई

- सोशल साइट्स पर कार्यकर्ता अपने-अपने प्रत्याशी की लूटा रहे वाहवाही

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**चुनाव आयोग** के निर्देशन में कन्नौज जिले में लोकसभा चुनाव चौथे चरण यानी 13 मई को होना है। 13 मई को मतदान होने के बाद 4 जून को मतगणना के बाद परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों की रैलियों पर रोक लगा दी। ऐसे में सभी दलों के लिए सबसे बड़ा सहारा सोशल मीडिया बना है। सभी दल के प्रत्याशी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से जुड़ रहे हैं। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया और चुनावी सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं। डोर टू डोर के साथ वर्चुअल तरीके से चुनाव प्रचार करने की हिदायत दी है। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद तमाम राजनीतिक दल एक तरफ जहां डोर टू डोर जाकर प्रचार कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफप्रचार के वर्चुअल तरीके भी अपनाए जा रहे हैं। तमाम राजनीतिक दल सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय हो गए हैं। मीडिया के माध्यम से अपनी बात लोगों तक पहुंचा रहे हैं। एक समय था जब देर रात गली मोहल्लों में चुनाव प्रचार का शोर सुनाई देता था। यही नही गली, मोहल्लों व चौराहे-तिराहे पर बैनर और पोस्टर लगाए जाते थे। सबसे ज्यादा बच्चों को मौज होती थी। जो भी प्रचार करने आता था। बच्चे प्रत्याशी व उनके समर्थकों को देख दौड़ पड़ते थे। उनसे टोपी बिल्ले की मांग करते थे। बच्चे उनके बिल्ले और टोपी लगाकर बिना किसी भेदभाव और जानकारी के उनका टेंपो हाई करते थे। लेकिन अब वो दौर कहां समय के साथ सब बदल गया। भाजपा से प्रत्याशी सुब्रत पाठक, सपा से अखिलेश यादव, बसपा से इमरान बिन जफर मैदान में है।

चुनाव बहिष्कार के ऐलान के बाद कृष्णानगर वासियों ने

# अधिकारियों व नेताओं की सद्बुद्धि के लिए कराया शुद्धि-बुद्धि हवन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज।



**मूलभूत सुविधाओं** से वंचित मोहल्लेवासियों ने प्रशासन के अधिकारियों और नेताओं की सद्बुद्धि के लिए रविवार को बुद्धि-शुद्धि हवन किया। इससे पहले शनिवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के कृष्णानगर मोहल्लेवासियों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर जोरदार प्रदर्शन किया था। मोहल्ले के नागरिकों का कहना है कि नेताओं और अधिकारियों की अनदेखी के कारण मोहल्ले में किसी तरह की सुविधा नहीं मिल पा रही। आदर्श आचार संहिता हटने के बाद कलेक्ट्रेट में उग्र प्रदर्शन करेंगे।

गौरतलब है कि चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन के अधिकारीगण जगह-जगह कैम्प लगाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं लेकिन जिला मुख्यालय के सरायमीरा क्षेत्र के कृष्णानगर मोहल्ले के निवासियों ने चुनाव का ही बहिष्कार कर दिया। रविवार को मोहल्ले के लोगो ने नेताओं और अधिकारियों की सद् बुद्धि के लिए हवन किया। यहां के निवासियों का कहना है कि विकास का दम्भ भरने वाले नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते पूरा मोहल्ला नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। मोहल्ला निवासी गिरीश चन्द्र दुबे, प्रवीण मिश्रा, रितेश चतुर्वेदी, लोकेश कुमार त्रिपाठी, अंकित यादव, हरिओम पाठक आदि लोगों ने बताया कि नेताओं, अधिकारियों और नगर पालिका के द्वारा लगातार मोहल्ले की अनदेखी की जा रही है। मोहल्ले में न तो पक्की सड़क है और न ही सफाई व नाली जैसी कोई सुविधाएं हैं। घरों का पानी और सीवर का पानी खाली प्लाटों व गलियों में भरा रहता है। भीषण गर्मी में यहां बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में लोग परेशान है। लोगों ने कहा कि यदि मोहल्ले में मूलभूत सुविधाएं न दी गई तो चुनाव आदर्श आचार समाप्त होने के बाद वे लोग कलेक्ट्रेट और नगर पालिका पहुंच कर उग्र आंदोलन करेंगे। मोहल्ला निवासी रीतेश चतुर्वेदी ने बताया कि नेताओं और अधिकारियों की बुद्धि सही हो और वे मोहल्ले में साफ-सफाई करवा कर यहां का विकास कराएं। इसलिए मोहल्ले में बुद्धि-शुद्धि हवन कराया है। इसके बाद भी यदि कोई काम नहीं कराया गया तो उनके सामने आंदोलन ही एक विकल्प मात्र होगा।

# अंताक्षरी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिमा

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज




**खुबरियापुर** रोड स्थित सिटी चिल्ड्रेन अकादमी मे अयोजित अन्तर हाउस अंन्ताक्षरी प्रतियोगिता मे बच्चो ने अपनी प्रतिमा दिखाई। विजेता छात्रो का निदेशक प्रदीप प्रधान ने सफलता प्राप्त करने वाले छात्रो का उत्साहर्वधन किया। प्रतियोगिता मे जीत हार के बजाए प्रतिभाग करना ज्याद महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिताओ से बच्चो मे ज्ञान का विकास होता है। प्रशासिका सुधार प्रधान ने कहा कि स्कूल मे अन्ताक्षरी,गीत,संगीत,खेलकूद,निबंध ,भाषण, वाद, विवाद, सहित कई तरह की प्रतियोगिताएं सम्पन्न जाती है।यह प्रतियोगिता लेटर,ईन्डिग,वर्ड राउंड,मे सम्पन्न हुई। यहां हुई प्रतियोगिता मे माइनर ग्रुप की छात्रा अग्रनी एंव छात्र प्रिस सिह, जैनुल,गजेंद्र के बेहतर प्रदर्शन से उज्जैन हाउस 30अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहा।वही काशी,नालन्दा एंव तक्षशिला के प्रतिभागी एक दुसरे को कडी टक्कर देते रहे।इस कार्यक्रम का संचालन सफल स्कूल की शिक्षिका प्रियंका पवार एंव लायना सी0एस द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम मे रमई दुबे व प्रदीप तिवारी ने संगीत के माध्यम से बच्चो को सहयोग प्रदान किया।

## सीएनजी की टक्कर से वृद्ध दंपति सहित तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित गति से आ रहे सीएनजी के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार वृद्ध दंपति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं घटना को अंजाम देकर सीएनजी सहित चालक मौके से फरार हो गया। शनिवार की शाम क्षेत्र के ग्राम सफियापुर निवासी जहीर पुत्र अबरार 56 वर्षीय कयूम पुत्र सलीम एवं उसकी पत्नी अफ्सा बेगम को बाइक से अस्पताल में इंजेक्शन लगवाने ले जा रहा था। जैसे ही एबी कॉलेज के निकट पहुंचा तभी अनियंत्रित गति से आ रहे टेंपो संख्या यूपी 74 टी 7842 के अज्ञात चालक नें बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार वृद्ध कयूम का एक पैर अलग हो गया जबकि अफ्सा बेगम एवं जहीर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। समाचार लिखे जाने तक कोतवाली में घटना का मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था।

कार्यक्रम

समाजवादी छात्र-सभा का मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न

# समाजवादी पार्टी को जिताने में युवा बनेंगे जीत का पहला कदमः अमित

- समाजवादी शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष ने युवाओं में भरा जोश

समधन, समृद्धि न्यूज़



**लोकसभा चुनाव** में समाजवादी पार्टी का परचम लहराने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 अखिलेश यादव युवाओं को विशेष तरजीह दे रहे हैं। पार्टी को उच्च स्तर तक ले जाने में युवा जोश की आवश्यकता होती है। हमें युवाओं को आगे लाना होगा जिससे कि देश व प्रदेश में पार्टी के स्तर को बढ़ाया जा सके। यह बात पूर्व जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र सिंह यादव ने कही। रविवार को जीटी रोड तेराजाकेट में समाजवादी छात्र-सभा की गठित ब्लाक कमेटी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि मनोनीत पदाधिकारी अपने दायित्व का पूर्व निष्ठा के साथ निर्वहन करें। कन्नौज लोकसभा प्रत्याशी मा0 अखिलेश यादव को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए जन जन तक पहुँचकर समाजवादी सरकार में कराये गये विकास कार्यो को गिनायें और पार्टी हित में अधिक से अधिक समय देकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में मौजूद विशेष अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार रोजगार विरोधी सरकार है, जिसमें सबसे अधिक युवाओं का दोहन किया है। इस सरकार में युवा, किसान, छात्र, महिला, व्यापारी के साथ सभी वर्ग बेहद परेशान हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में जनता विकास को तरजीह देगी और विकास पुरूष मा0 अखिलेश यादव को भारी मतों से जिताकर संसद तक पहुँचाने का कार्य करेगी। देश के हालात बेहद खराब हैं, अब युवाओं को ही तय करना है कि देश व देश के संविधान को किस प्रकार बचाना है। यदि देश रहेगा तभी हम रहेंगे। इस दौरान उन्होंने समाजवादी छात्र-सभा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उनसे अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम मधई नगला निवासी संजय सिंह यादव को समाजवादी शिक्षकसभा का ब्लॉक अध्यक्ष (तालग्राम) मनोनीत कर मनोनयन पत्र सौंपा। इससे पहले समाजवादी छात्र-सभा के ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा कार्यक्रम में मौजूद पूर्व जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र सिंह यादव, समाजवादी शिक्षकसभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव एवं छात्र-सभा जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने दीपू श्रीवास्तव, कमलेश यादव, शेखर कश्यप को ब्लॉक उपाध्यक्ष, संदीप कुमार को ब्लॉक महासचिव के अलावा अनिल यादव, उमेश कश्यप, रजनेश, विवेक, विश्वनाथ, उपेन्द्र सिंह यादव, अंशुल, रामवरन सिंह, जीशान को ब्लॉक सचिव मनोनीत किया गया।

# चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में उमड़ी भीड़ को देख गदगद नजर आये सपा प्रत्याशी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी** पार्टी के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में प्रदेश स्तरीय नेताओं के साथ सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। जिसे देखकर प्रत्याशी गदगद नजर आये।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के मैन चौराहा से मोहम्मदाबाद रोड पर बस अड्डे के पास कार्यालय का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य तथा समाजवादी पार्टी के नेत्री रचना सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व ही सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ पहले से ही मौजूद थी। पार्टी प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य तथा अन्य नेताओं के आने पर सैकड़ों की संख्या में भीड़ देख सपा प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य तथा उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मंच का संचालन कर रहे समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने अपने वक्तव्य में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य के लिए वोट की अपील की। वहीं महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव तथा महिला सभा की प्रदेश सचिव अनीता यादव ने भी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य के लिए वोटो की अपील की। मंच पर मौजूद पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत तथा तथा समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष शमशाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष पति नदीम अहमद फारुकी ने भी पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी छात्र सभा के महासचिव तथा नगर पंचायत नवाबगंज के सभासद राहुल यादव के नेतृत्व में किया गया था। इस मौके पर पार्टी प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य की पत्नी प्रियंका शाक्य, प्रधान प्रतिनिधि कुतुबुद्दीनपुर राजीव यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, सलमान खान, मोबीन खान,अजय राज यादव, किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य, कांग्रेस नेता देवेंद्र शाह, चुनाव प्रभारी विनीत कुशवाहा, छविनाथ शाक्य, विजेंद्र सिंह यादव प्रधान सहित तमाम कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यालय उद्घाटन के दौरान मौजूद सपा प्रत्याशी, महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव व अन्य

# माइक्रो ऑब्जर्वर का हुआ रैण्डमाईजेशन प्रशिक्षण 06 मई को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सामान्य प्रेक्षक** दीपक कुमार मीणा व जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की उपस्थिति में एनआईसी कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ में सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये पोलिंग बूथों पर तैनात किये जाने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर का रैण्डमाईजेशन किया गया। जिसमें 190 माइक्रो ऑब्जर्वर का रेण्डमाइजेशन कर उनको विधान सभा का आवंटन किया गया। जिनका प्रशिक्षण दिनांक 06 मई 2024 को सेंट एंथोनी स्कूल नेकपुर में होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी माइक्रो ऑब्जर्वर 06 मई 2024 को सेंट एंथोनी स्कूल नेकपुर में अवश्य पहुंचे और प्रशिक्षण प्राप्त करें। जिससे उन्हें निर्वाचन के दौरान कोई समस्या न आये। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले माइक्रो ऑब्जर्वर के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुभाष चंद्र प्रजापति मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

# भाजपा के गढ़ में सपा प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य का हुआ जोरदार स्वागत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**लोकसभा** चुनाव को लेकर क्षेत्र में सरगर्मी बढ़ी हुई हैं। वहीं सभी पार्टियों के प्रत्याशी क्षेत्र में घूम-घूमकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी डाक्टर नवल किशोर शाक्य का कस्बा के लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। सपा प्रत्यासी के स्वागत में दलीय सीमाएं टूट गईं। वहीं ग्रामीणों से बातचीत करते हुए डॉ0 नबल किशोर ने कहा अगर लोकसभा का चुनाव जीते तो अमृतपुर में एक अस्पताल बनाऊंगा। जिसमें कैंसर पीड़ितों की निःशुल्क चिकित्सा की जाएगी। वहीं कहा कि जो भी सैलरी सांसद की होती है वह दान कर अनाथ आश्रम व गरीब बच्चों को शिक्षा के कार्य में दान करेंगे।

### अमृतपुर में एक बार जीती बसपा

भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी की अमृतपुर जन्मस्थली है। स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी के पुत्र मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी भाजपा से सदर विधायक हैं। मेजर के बसपा में शामिल होने पर ही बसपा प्रत्याशी अनन्त कुमार मिश्रा के चुनाव में अमृतपुर से बसपा जीती थी। इससे पहले व बाद में भाजपा के आगे कोई भी प्रत्यासी टिक नहीं सका। भाजपा में द्विवेदी परिवार से मेजर सदर विधायक है और एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं, लेकिन सपा प्रत्याशी भाजपा के गढ़ में सेंध लगाते दिख रहे हैं। अमृतपुर कस्बा के लोगों की मांग उठी की कई सरकारें आई तहसील होने के बावजूद भी अमृतपुर नगर पंचायत नहीं बन पाया। वहीं डॉ0 नबल किशोर शाक्य ने कहा जिताकर भेज देना नगर पंचायत बनवाने का पूर्ण प्रयास करेंगे।



ग्रामीणों के बीच सपा प्रत्याशी डॉ0 नबल किशोर शाक्य समृद्धि न्यूज

# प्रेक्षक ने दर्जनों बूथों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रेक्षक दीपक कुमार मीणा आई0ए0एस0 द्वारा अपराह्न 2:00 बजे से सायं 04:30 बजे तक कई बूथों का निरीक्षण किया। 1. दुर्गा नरायन डिग्री कॉलेज फतेहगढ़ मे कुल 6 बूथ क्रमशः 131, 132, 133, 134, 135, 136 का निरीक्षण किया गया। 2. राजकीय इण्टर कॉलेज बालक फतेहगढ़ मे कुल 3 बूथ क्रमशः 128,129,130 का निरिक्षण किया गया। 3. म्यूनिसिपिल इण्टर कॉलेज फतेहगढ़ मे कुल 5 बूथ क्रमशः 123, 124, 125, 126, 127 का निरीक्षण किया गया। 4. कैन्ट प्राइमरी पाठशाला कैन्टूमेन्ट फतेहगढ़ में कुल 7 बूथ क्रमशः 116, 117, 118, 119, 120, 121, 122 का निरिक्षण किया गया। 5. बद्रीविशाल महाविद्यालय मे कुल 12 बूथ क्रमशः 317, 318, 319, 320, 321, 322, 323, 324, 325, 326, 327, 328 का निरिक्षण किया गया। 6. आई0टी0आई0 सेन्टर में कुल 2 बूथ क्रमशः 280, 281 का निरिक्षण किया गया। 7. राजकीय इण्टर कॉलेज फर्रुखाबागद में कुल 10 बूथ क्रमशः 282, 283, 284, 285, 286, 287, 288, 289, 290, 291 का निरिक्षण किया गया। 8. नरायन आर्य कन्या पाठशाला डिग्री कॉलेज मे कुल 7 बूथ क्रमशः 172, 173, 174, 175, 176, 177, 178 का निरिक्षण किया गया। प्रेक्षक द्वारा कुल 52 मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया और मतदेय स्थलों के सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी सदर मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### गंगा में डूबने से बालक की मौत, घर में मचा कोहराम



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गंगा में नहाते समय डूबने से बालक की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के याकूतगंज गांव के मजरा पकरा निवासी राज पुत्र रामबाबू उम्र लगभग 7 वर्ष अपने दो तीन दोस्तों के साथ कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला खेम रेंगाई में गंगा नहाने के लिए गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में जाने के कारण बालक की डूबने से मौत हो गई। साथ में गए दोस्तों ने चीख पुकार की, तो आसपास खेतों में रह रहे लोगों ने मौके पर जाकर देखा तब तक बालक डूब चुका था। जिसके बाद गांव वालों की मदद से बच्चे के शव को बाहर निकाला गया तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 तथा कमालगंज थाना इंचार्ज राजेश राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताते चले रामबाबू के चार पुत्र हैं। जिसमें यह दूसरे नंबर का पुत्र था। इधर बच्चे की मृत्यु की सूचना जैसे ही घर वालों को मिली, तो परिजनों में कोहराम मच गया। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने मृतक बालक की शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### राज्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियां बताकर भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट




**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के सामाजिक सम्मेलन में राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग मुख्य अतिथि हीरा ठाकुर ने पहुंचकर सरकार की उपलब्धियां जनता को बतायीं और पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के रामलीला ग्राउंड में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत के नेतृत्व में सामाजिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग आयोग हीरा ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी मुकेश राजपूत के लिए वोट मांगे। वहीं उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाई और बताया कि वह 400 के पार का नारा लगा रहे हैं। वह सफल करके रहेंगे, क्योंकि उनको कोई बात बताने की नहीं है। सरकार की उपलब्धियां सभी के सामने हैं। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत तथा क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य, प्रदीप कुशवाहा, बृजनंदन लाल, अजीत पांडे, विजय वर्मा, विधानसभा प्रभारी विजय गुप्ता, सुदेश त्रिवेदी, अनुराग सिंह, जितेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह राठौड़, प्रमोद सिंह चौहान, कमल भारद्वाज, विनीत भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे। वहीं रामलीला ग्राउंड में डाली गई आगंतुकों के लिए कुर्सियां भीड़ में खाली दिखाई दी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इतनी भीड़ नहीं जुटा सके कि उनकी कुर्सियां तक भर पाती।

### मासूम की मौत से मचा कोहराम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला छपट्टी निवासी सुमित कुमार का ढाई वर्षीय पुत्र कार्तिक की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# अचानक लगी आग से जला गरीब का आशियाना

▶ हजारों का नुकसान, सूचना तहसील प्रशासन को दी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** के ग्राम दलेलगंज निवासी अनुजा पत्नी कन्हैया के घर उस वक्त आग लग गई जब घर परिवार के लोग खेतों में काम करने के लिए गए हुए थे। अचानक आग लगने से घर का छप्पर धू-धूकर जलने लगा। यह नजारा देख घर परिवार में कोहराम मच गया। शोर शराबा सुन मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। मोहल्ले के लोगों ने नलकूप चलाकर जैसे तैसे अगजनी की घटना पर काबू पाया। बताया गया है इस आगजनी की घटना में घरेलू सामान रजाई, गद्दा, बिस्तर, कपड़े, गेहूं, भूसा व अन्य सामान जलकर राख हो गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनीत कुमार यादव ने सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दी। उन्होंने बताया आगजनी की घटना में हजारों का नुकसान हो गया। फिलहाल पीड़ित गरीब परिवार से है और मेहनत मजदूरी के जरिए घर परिवार का पालन पोषण करता है। इस आगजनी की घटना के बाद पीड़ित परिवार को मायूस देखा गया। घर परिवार की महिलाओं का कहना था कि मेहनत मजदूरी के जरिए जो भी एकत्रित किया था सब जलकर खाक हो गया। माचार लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी, कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच सका था।



आग को बुझाते ग्रामीण

# मजबूत समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान अविस्मरणीय है: बेबी रानी मौर्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रविवार को** पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबिता पाठक की अध्यक्षता में लोकसभा महिला सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल एवं महिला एवं बाल कल्याण कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। लोकसभा महिला सम्मेलन के माध्यम से मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए महिलाओं से भाजपा के समर्थन की बात की। मुख्य अतिथि उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल व कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा एक मजबूत समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान अविस्मरणीय है। इसीलिए भारत में महिलाओं को शक्ति व दुर्गा का रूप कहा गया है। देश की रक्षा के लिए भारत की ही वीरांगनाओं ने समय-समय पर बलिदान देकर भारत और उसकी संस्कृति की रक्षा करने का भी कार्य किया। वर्तमान में भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत की बढ़ रही ताकत में भी महिलाओं का विशेष योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने जितनी भी योजनाएं चलाई अधिकतर योजनाएं महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है। महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए निरंतर सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश में योगीराज में मां बहन बेटियां सुरक्षित महसूस कर रही हैं। मां बहन बेटियों पर होने वाले अत्याचारों में बड़ी कमी आई है। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कार्य किए गए हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा बेटी की शादी के लिए 51 हजार रुपए का अनुदान भी सरकार द्वारा दिया जा रहा है। पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉक्टर मिथिलेश अग्रवाल ने कहा प्रदेश में पिछली सपा और बसपा की सरकार में महिलाओं के साथ अन्याय दुराचार होता था, लेकिन योगीराज में गुंडे और माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई करके महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने का कार्य किया। भाजपा की वरिष्ठ नेता डॉ0 रजनी शरीर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ महिलाओं का भी साथ आवश्यक है महिलाएं विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने का कार्य करेंगी। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक ने कहा महिला मोर्चा के माध्यम से महिलाओं की आवाज को बुलंद रखने के लिए भाजपा ने मंच दिया है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चित्रा अग्निहोत्री ने किया। इटावा से आई महिला मोर्चा की जिला प्रभारी मनीषा शुक्ला, कायमगंज विधायक डॉक्टर सुरभि एवं सदर विधायक की पत्नी अनीता द्विवेदी ने भी विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद की पत्नी सौभाग्यवती राजपूत, पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीरा सिंह, सुमन राठौर, जिला उपाध्यक्ष श्वेता दुबे, प्रीति तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री डीएस राठौर, भाजपा जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, रवि बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने भाजपा के आवास विकास स्थित जिला कार्यालय पहुंचकर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारी के साथ चुनाव की तैयारी पर बात की और उन्होंने पूरे लोकसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक महिला मोर्चा के कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए।

# कोर्ट में चल रहे 35 वर्ष पुराने मुकदमे की चौपाल लगाकर तहसीलदार ने की सुनवाई

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**तहसील क्षेत्र** के गांव आंतर में तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने पहुंचकर जन चौपाल लगायी। वहीं आपको बता दें की तहसील कोर्ट में विरासत का 35 वर्ष से मुकदमा चल रहा। पीड़ित बृजपाल सिंह पुत्र सरदार सिंह ग्राम देवपुर तहसील सवायजपुर जिला हरदोई ने दावा किया कि उनके मामा सावंत सिंह पुत्र स्वर्गीय बचान सिंह गांव अटरिया गैर आबाद तहसील अमृतपुर के निवासी थे। जिनमें कोई संतान नहीं थी। उनकी मृत्यु 35 वर्ष पहले हो गई थी, लेकिन लेखपाल के द्वारा विरासत नहीं की गई। वहीं मुकदमा तहसील कोर्ट में चला गया। पीड़ित ने बताया कि वह 35 साल से परेशान था, लेकिन विरासत का मुकदमा 35 वर्ष से चला आ रहा है। कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं तहसीलदार कर्मवीर ने गांव में कोर्ट लगाकर ग्रामीणों से पूछताछ कर जानकारी ली। वहीं निर्णय हुआ है कि 25 मई को अब अगली सुनवाई होगी। अगर मृतक का कोई भी बारिश नहीं होगा तो भांजे के नाम मामा की संपत्ति की जाएगी। वहीं तहसीलदार कर्मवीर ने बताया है कि अगर कोई भी विरासत का हकदार है तो वह अपना भी दवा तहसील कोर्ट में कर सकता है। मौके पर तहसीलदार कर्मवीर व कानूनगो आदि मौजूद रहे।



मुकदमे की सुनवाई करते तहसीलदार समृद्धि न्यूज

### तमंचा व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस द्वारा अभियुक्त शिवम पुत्र गिरीश चन्द्र जाटव निवासी जंगवाज खाँ कोतवाली फर्रुखाबाद को 01 तमंचा एवं 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

चोरी | घटना की सूचना के बाद डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल

# बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों की नगदी तथा कीमती सामान उड़ाया

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना** क्षेत्र ग्राम रजलामई निवासी पूर्व फौजी स्व0 श्याम सिंह के पुत्र राजू के बंद मकान को अज्ञात चोरों द्वारा उस वक्त निशाना बनाया गया जब वह बीमार बहन को देखने के लिए मां के साथ फिरोजाबाद गया था। घटना के संबंध में पीड़ित राजू ने बताया उसकी बहन फिरोजाबाद में ब्याही है। दो दिन पूर्व बीमार होने की सूचना दी गई थी। सूचना के आधार पर मां के साथ बहन के घर गया हुआ था। पीड़ित के अनुसार पत्नी मायके में है। घर में ताला पड़ा था। जिसका फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों द्वारा पहले मुख्य गेट का ताला तोड़ा गया। बाद में अज्ञात चोर अंदर दाखिल हुए जहां अज्ञात चोरों ने कमरों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब रविवार की सुबह 10 बजे गांव पहुंचा। घर पहुंचने पर जब मुख्य गेट का दरवाजा खुला देखा तो उसके होश उड़ गए। जब अंदर दाखिल हुए, तो कमरों के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा हुआ था। यह नजारा देख उसकी चीख निकल गई। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों की भीड़ जुट गयी। घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की। पीड़ित राजू ने बताया कुछ दिन पूर्व उसने पिताजी की 50 हजार रूपये पेंशन निकाली थी जो घर में रखी थी। इसके अलावा पीतल के बर्तन, महिलाओं के कपड़े, साड़ियां एवं बच्चों के चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान चुरा ले गए। बताते हैं राजू एक अन्य भाई स्व0 पवन कुमार के कमरे के भी ताले तोड़े दिए। उन्होंने बताया भाई का परिवार गांव में रह रहा है। यहां कमरे में ताला पड़ा हुआ था। पीड़ित के अनुसार चोरी की इस घटना में एक लाख से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है। पीड़ित गृह स्वामी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।



घटना के बारे में जानकारी करती पुलिस समृद्धि न्यूज

### दोबारा डीजल ना डालने पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव गदनापुर निवासी आलोक पाल पुत्र महेश चंद्रपाल ने लिखाए गए मुकदमे में बताया कि पीड़ित भूलनपुर चिरपुरा स्थित पेट्रोल पंप उपासना फिलिंग स्टेशन पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत है। 26 अप्रैल की शाम 6.54 पर दुर्विजय उर्फ नटिया निवासी राजा नगला अपनी मोटरसाइकिल से डीजल लेने के लिए आया। उसके साथ में सुरेंद्र प्रधान निवासी गड़ा खेड़ा तथा साथ में अन्य चार अज्ञात व्यक्ति आये और डीजल डलवा कर चले गये तथा दोबारा 10.05 पर नशे की हालत में आये और कहा कि तुमने डीजल नहीं डाला। विरोध करने पर गाली-गलौज करने लगे। बाद में उन्हें प्रबंधक विजय कुमार के द्वारा डीजल डालने का सीसीटीवी फुटेज दिखाया गया, लेकिन नशे की हालत में होने के कारण यह उपरोक्त लोग गाली-गलौज कर मारपीट करने लगते हैं। प्रबंधक ने पुलिस से शिकायत करने की बात कही, तो उपरोक्त लोग आगे घेरकर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# अब चारधाम तक फर्राटा भरेंगे इलेक्ट्रिक वाहन, विश्व फलक पर दिखेगी पर्यावरण संरक्षण की अलख

**चारधाम यात्रा मार्ग पर हर 30 किमी पर बन रहे 42 चार्जिंग स्टेशन**

समृद्धि न्यूज




**देहरादून।** श्रीकेदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के दिव्य धाम में शीश झुकाकर पूजन करने की कामना हर हिन्दू की होती है। लिहाजा चारधाम यात्रा के दौरान बुजुर्गों को बेहद कठिनाई भी झेलनी पड़ती है, लेकिन इस बार चारधाम यात्रा बेहद सुगम और आसान होगी।

भगवान के घर की राह सरल तो होगी। साथ ही इस बार चारधाम यात्रा देश-दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ स्वच्छता की भी अलख जगाएगी। उत्तराखंड राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अब चारधाम यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन फर्राटा भरेंगे। आरटीओ सुनील शर्मा ने बताया कि इस बार इलेक्ट्रिक वाहन चाहे वह कामर्शियल हों या निजी, उन्हें चारधाम आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था की जा रही है। चार्जिंग स्टेशन की संपूर्ण जानकारी लोग एप के माध्यम से ले सकेंगे। दरअसल, फरवरी 2018 में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में वाहनों से लगातार बढ़ रहे प्रदूषण पर चिंता जताई गई थी। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। 10 मई को गंगोत्री-यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की विधिवत शुरुआत हो जाएगी। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को पहले से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य महकमे ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्वास्थ्य विभाग का देश-दुनिया को सुरक्षित यात्रा कराने का लक्ष्य है। इसके लिए केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर विशेष फोकस है। खासकर बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के इंतजाम किए गए हैं। चारधाम रूट की लंबाई लगभग 900 किमी से ज्यादा है। चार्जिंग प्वाइंट न होने के कारण इलेक्ट्रिक वाहन स्वामी और वाहन चालक लंबा सफर करने से हिचकते थे, लेकिन अब चार्जिंग स्टेशन बनने से चारधाम की यात्रा सुगम और सरल होगी। चारधाम यात्रा पर आने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग की कोई समस्या नहीं रहेगी। इसके लिए यात्रा मार्गों पर 42 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार से स्वीकृत और उत्तराखंड परिवहन निगम से प्राप्त धनराशि से इन स्टेशन की स्थापना के लिए गढ़वाल मंडल विकास निगम को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। जीएमवीएन के 24 पर्यटक आवास गृह और परिवहन निगम के चार बस स्टेशन पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके अलावा टिहरी हाइड्रो डेवपलमेंट कारपोरेशन भी जीएमवीएन के 14 पर्यटक आवास गृह में यह स्टेशन स्थापित कर रहा है। इन चार्जिंग स्टेशन में यूनिवर्सल चार्जर होंगे।

**चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले चालू हो जाएंगे चार्जिंग प्वाइंट**

चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले राज्य सरकार ने यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रही है। उत्तराखंड सरकार इन धामों के मार्ग में हर तीस किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना है। चारधाम मार्गों पर इलेक्ट्रिक कार और बसों की बैटरियों की क्षमता तय है। साथ ही तय किलोमीटर की दूरी पूरी करने के बाद उन्हें चार्ज करना होता है।

**सुबह सात से रात 10 बजे तक चलेगा स्टेट लेवल कंट्रोल रूम**

चारधाम यात्रा के लिए स्टेट लेवल कंट्रोल रूम उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद मुख्यालय चल रहा है, जो पूरे यात्रा काल के दौरान हर रोज सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक संचालित रहेगा।

**15 लाख 66 हजार श्रद्धालु कर चुके हैं अब तक रजिस्ट्रेशन**

चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 15 अप्रैल से पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई थी। अब तक गंगोत्री के लिए 287358, यमुनोत्री 260597, केदारनाथ 540999, बद्रीनाथ 453213 और हेमकुंड साहिब के लिए 24700 यात्रियों ने पंजीकरण कराया है। चारधाम और हेमकुंड के लिए कुल 1566867 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

# एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण कभी हटने नहीं देगी भाजपा : अमित शाह

एजेंसी

**एटा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर कड़ा हमला बोला। शाह ने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैलाने का काम बंद करें, ओबीसी का आरक्षण छीनने का काम आपने किया। एससी/एसटी और ओबीसी का आरक्षण भाजपा कभी हटने नहीं देगी। अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह «राजू भैया» के समर्थन में एटा में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि हर गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकसभा के अब तक हुए दो चरणों के चुनाव में विपक्षी दलों का गठबंधन साफ हो गया है। इस गठबंधन के प्रमुख घटक दल सपा को एक भी सीट मिलती हुई नहीं दिख रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि राजू भैया को सांसद बनाओ, बड़ा आदमी बनाने का काम भाजपा करेगी। अब आपको तय करना है राम मंदिर बनाने वाले को वोट देना है या फिर रामभक्तों पर गोली चलाने वालों को। कांग्रेस और सपा ने राम मंदिर के निर्माण को अटकाकर, भटकाकर और लटकाकर रखा। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य भूमिका निभाई। जनसभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने भी संबोधित किया। लोकसभा प्रत्याशी राजवीर सिंह ने अमित शाह का स्वागत किया। राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि भाजपा नेताओं और मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना है।



**ममता राज में बंगाल का विकास रुक गया है : नड्डा**



**बहरमपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला है। नड्डा ने रविवार को मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते कहा कि बंगाल, जिसे आज तीव्र गति से आगे चलना चाहिए था, लेकिन ममता बनर्जी के राज में भ्रष्टाचार, टोलाबाजी, कुशासन के कारण बंगाल का विकास रुक गया। जेपी नड्डा ने आरोप लगाते हुए कहा कि ममता सरकार ने बंगाल को बदनाम किया है। बंगाल की हालत बहुत खराब हो गई है। नड्डा ने कहा कि हम मजबूत सरकार की बात करते हैं, लेकिन ममता मजबूर सरकार चाहती हैं। ममता ऐसी सरकार चाहती हैं जो तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भेदभाव में विश्वास रखती हो और जिसका आतंकवादियों के प्रति नरम रुख हो। दूसरी ओर, नरेंद्र मोदी की मजबूत सरकार विकास और समृद्धि, देश को सुरक्षित करने और आतंकवाद और गलत कामों का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से देने में विश्वास करती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि तृणमूल के लोगों को चावल चोर कहा जाता है। ये केंद्र द्वारा भेजा गया चावल लूट लेते हैं। नड्डा ने आरोप लगाया कि ममता सरकार केंद्रीय परियोजनाओं को बंगाल में लागू नहीं होने देती। उन्होंने कहा कि ममता सरकार के दौरान हर तरह के भ्रष्टाचार हुए हैं।

# देश के हर कोने से आ रही आवाज आएगा तो मोदी ही : जयराम ठाकुर

एजेंसी



**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि देश में इस समय मोदी की लहर चल रही है। दस साल के काम को देखकर देश के कोने-कोने से आवाज आ रही है कि आएगा तो मोदी ही। लोगों का यह विश्वास अकारण ही नहीं है। इसके पीछे नरेन्द्र मोदी के दस साल की मेहनत है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ठाकुर रविवार को किन्नौर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा के मंडी लोकसभा सीट से कंगना रनौत, किन्नौर जिला अध्यक्ष यशवंत नेगी समेत अन्य पदाधिकारी और तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि दस साल में जो हुआ, वह पिछले सत्तर सालों में भी नहीं हो पाया। चाहे आज किन्नौर और बॉर्डर एरिया की सड़कों हो या नेटवर्क से लेकर अन्य तरह की कनेक्टिविटी। हर क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुआ है। किन्नौर के लोग भी इसके गवाह हैं। प्रधानमंत्री की योजनाएं लोगों तक बिना किसी भ्रष्टाचार के पहुंची हैं। ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस को अपने विधायकों की रखवाली करवाने और विपक्ष के नेताओं की जासूसी करवाने में लगा रखा है। ठाकुर ने मुख्यमंत्री और कांग्रेस के मंडी संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार से पूछा कि जब किन्नौर के संस्थान मुख्यमंत्री बंद कर रहे थे, तब आप उसका विरोध करने की बजाय समर्थन क्यों कर रहे थे। जयराम ठाकुर ने कहा कि हमने एफआरए (वनाधिकार कानून) के 344 अधिकार दिए जबकि कांग्रेस ने एक भी नहीं दिए। अब किन्नौर के लोग भी काम करने वालों को जिताएं, न कि काम को बंद करने वालों को।जयराम ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपनी नई योजनाएं नहीं चलाई, बल्कि चलती पुरानी योजनाओं को भी बंद कर दिया। हिमकेयर की योजना से प्रदेश के लाखों लोगों को मिलने वाला 5 लाख तक का मुफ्त इलाज भी बंद कर दिया। एक लाख नौकरियां देने का वादा भी पूरा नहीं किया गया।

## खबरें एक नजर में

### भारतीय तिकड़ी ने दक्षिण कोरिया को हराकर जीता स्वर्ण पदक

**शंघाई।** शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में रविवार को भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर 14 साल बाद स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। इस मैच में धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव की तिकड़ी ने यह ऐतिहासिक जीत दिलाई है। रिकर्व पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में भारतीय तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मजबूत दक्षिण कोरियाई तिकड़ी पर 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत दर्ज की। साई मीडिया ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर बताया, शंघाई में भारतीय तीरंदाजी में पदकों की दौड़ जारी! तरुण, धीरज और प्रवीण की पुरुष रिकर्व टीम ने ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरियाई टीम पर 5-1 से जीत हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। साई मीडिया ने लिखा, ऽतरुणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की टॉप्स एथलीट तिकड़ी इतिहास का हिस्सा बन गई क्योंकि भारतीय रिकर्व टीम ने 14 वर्षों के बाद कोरियाई रिकर्व टीम को हराया। इसके अलावा धीरज बोम्मदेवरा और अंकिता भक्त की जोड़ी ने मिश्रित टीम स्पर्धा में मेक्सिको को 6-0 से हराकर कांस्य पदक जीता है। कुल मिलाकर टूर्नामेंट में भारत अब तक पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम कर चुका है।

### छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला, दो हिरासत में

**किशनगंज।** सदर थाना क्षेत्र के धर्मगंज में अवैध शराब की बिक्री करने की सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु किशनगंज थाना के पुलिस टीम धर्मगंज पहुंची। टीम में शामिल पुलिस अवर निरीक्षक रविशंकर कुमार एवं स्वाती पटेल पर शराब की बोतल फेंक कर मारने का प्रयास कुछ लोगों ने किया,जिस पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 15 लीटर 765 एम0एल0 विदेशी शराब के साथ दो अभियुक्त बाबुलाल बोडो और रितु कुमारी दोनों धर्मगंज, वार्ड नं.-28, विषहरी मंदीर के पास से गिरफ्तार किया गया तथा इस संबंध में किशनगंज थाना में मामला दर्ज कर अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### महादेव बेटिंग एप : गिरफ्तार साहिल को 4 दिन की पुलिस कस्टडी

**मुंबई।** महादेव बेटिंग एप मामले में गिरफ्तार फिल्म अभिनेता साहिल खान को रविवार को कोर्ट ने एक मई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। साहिल खान को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार करके मुंबई पुलिस आज लाई थी। इसके बाद पुलिस ने साहिल खान को कोर्ट में पेश किया था। महादेव बेटिंग एप मामले की छानबीन के लिए मुंबई पुलिस ने विशेष जांच दल गठित किया है। इस मामले में पूछताछ से पहले साहिल खान ने बाम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी लेकिन शनिवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने साहिल खान की याचिका खारिज कर दी। इसके बाद साहिल खान मुंबई से फरार हो गया था। इसके बाद मुंबई पुलिस ने गोपनीय जानकारी के आधार पर साहिल खान को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से गिरफ्तार कर लिया और आज सुबह उसे मुंबई लेकर आई। इसके बाद पुलिस ने साहिल खान को कोर्ट ने पेश किया। कोर्ट ने साहिल खान को चार दिनों तक अर्थात एक मई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

### दो सदस्य ऋषिकेश में गंगा नदी में नहाते समय डूबे

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड की योग नगरी ऋषिकेश के थाना लक्ष्मण झूला क्षेत्र में यूपी से आए आठ पर्यटकों के एक समूह के दो सदस्य रविवार को गंगा में नहाते समय डूब गए। इनमें एक युवक और युवती शामिल है। एसडीआरएएफ ने छह लोगों को सकुशल नदी में निकाल लिया है। एसडीआरएफ के प्रभारी कविंद्र सजवाण ने बताया कि आज दोपहर थाना लक्ष्मण झूला क्षेत्र के अंतर्गत मस्तराम घाट पर कुछ पर्यटक गंगा में नहाने चले गए थे। हालांकि पुलिस प्रशासन की ओर से इस घाट को प्रतिबंधित घोषित किया हुआ है। इनमें से उनकी टीम ने पांच पर्यटकों को नदी में से निकाल कर सुरक्षित घाट तक पहुंचा दिया है। जबकि एक घायल युवती को राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि गंगा में नहाते हुए 29 वर्षीय नेहा पुत्री शिवदत्त निवासी पीलीभीत उत्तर प्रदेश और 32 वर्षीय साहिल गुप्ता पुत्र सुनील कुमार निवासी गौर सिटी 212 एवेन्यू नोएडा उत्तर प्रदेश तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गए। साहिल छात्र है और नेहा एसबीआई बैंक में कार्यरत है। तलाश करने के बाद भी इन दोनों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### राष्ट्रपति शिमला में करेंगी पांच दिन प्रवास

**शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच दिन के लिए शिमला में प्रवास करेंगी। उनके शिमला प्रवास के मददेनजर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने रविवार को राष्ट्रपति के 4 से 8 मई तक के कार्यक्रम को लेकर शिमला में विभिन्न स्थानों पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने सबसे पहले राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास स्थान दी रिट्रीट शिमला में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिला प्रशासन को दी रिट्रीट शिमला तथा आसपास वाले क्षेत्र में जल्द से जल्द सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति गेयटी थियेटर में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में भी शिरकत करेंगी। इसी दौरान वह शिमला में रिज एवं मॉल रोड पर भ्रमण भी करेंगी। मुख्य सचिव ने इस दौरान गेयटी थियेटर, रिज एवं मॉल में सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने इसके उपरांत सभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संकट मोचन मंदिर एवं तारा देवी मंदिर में तैयारियों के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति इस दौरान दोनों मंदिरों में आ कर पूजा अर्चना करेंगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को इन मंदिरों में की जाने वाली तैयारियों को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# ऑनलाइन इंजीनियरिंग परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

समृद्धि न्यूज

**आरोपियों के पास से लैपटॉप, तीन मोबाइल प्रवेश पत्र, अन्य प्रमाण मिले**

**देहरादून।** उत्तराखंड पुलिस ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। ऑनलाइन होने वाली इस परीक्षा के रायपुर स्थित केंद्र पर छापेमारी कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन और प्रवेश पत्र व अन्य प्रमाण मिले हैं। एसओजी देहरादून और एसटीएफ मेरठ की संयुक्त टीम ने नकल माफिया पर यह बड़ी कार्रवाई की है।

एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने बताया कि इस अभियान में जितेश कुमार पुत्र रामबाबू और राहुल कुमार पुत्र अंजनी ठाकुर हिरासत में लिए गए हैं जबकि हरियाणा के कुलवीर और बिजनौर के गौरव यादव प्रकरण में वांछित हैं। कुछ संस्थानों में नकल माफिया ने विभिन्न आनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को नकल कराये जाने के सम्बन्ध में एसटीएफ मेरठ की टीम से देहरादून पुलिस को गोपनीय जानकारी प्राप्त हुई। देहरादून पुलिस ने एसटीएफ मेरठ की टीम से समन्वय स्थापित करते हुए एसओजी देहरादून और एसटीएफ मेरठ उत्तर प्रदेश की संयुक्त टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर सहस्त्रधारा रोड स्थित एडू च्वॉइस कंसलटेंसी नाम के कन्सल्टेंसी लैब में छापा मार गया।

वहां 20 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच वैलोर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी तमिलनाडु की ऑनलाइन एंट्रेंस परीक्षा भी आयोजित की गई थी। इस सम्बन्ध में सख्ती से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने उक्त परीक्षा में अभ्यर्थियों के सिस्टम का सर्वर रूम से एक्सेस प्राप्त कर आनलाइन पेपर साल्व करवाने की बात स्वीकार की है। दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार किया और अभियुक्तों के पास से बरामद मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण और परीक्षार्थियों से सम्बन्धित दस्तावेजों को कब्जे में लिया।

## गुजरात में 86 किलो ड्रग्स बरामद, 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार

**पोरबंदर।** गुजरात के पोरबंदर के निकट अरब सागर से आई ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की है। सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार की रात अरब सागर में अंतराष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तान नाव को पकड़ा है। नाव से 86 किलो ड्रग्स बरामद हुआ। सुरक्षाकर्मियों ने नाव पर 14 पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया है। इन पाकिस्तानियों को पोरबंदर लाकर पूछताछ की जा रही है। इंडियन कोस्टगार्ड, गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक इनपुट के आधार पर पोरबंदर के निकट अरब सागर में अंतराष्ट्रीय सीमा के पास संयुक्त ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध एक पाकिस्तानी नाव का पकड़ लिया। इस नाव की तलाशी लेने पर 86 किलो ड्रग्स मिला। सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तानी नाव पर सवार 14 पाकिस्तानी क्रू मेंबर को पकड़ लिया।

# चुनाव आयोग की टीम ने भांडुप में बरामद किए तीन करोड़, एटीएम, कैश डिपाजिट वैन जब्त

**पिछले 44 दिनों में तकरीबन 40 करोड़ से अधिक की नगदी जब्त**

एजेंसी



**मुंबई।** चुनाव आयोग की टीम ने भांडुप में नाकाबंदी कर तीन करोड़ बरामद किये। एटीएम में कैश डिपॉजिट करने वाली वैन भी जब्त की है।

मौके पर आयकर विभाग के अधिकारी भी पहुंचे हैं और मामले की जांच कर रहे हैं। चुनाव आयोग के इलेक्शन फ्लाइंग स्क्वाड को भांडुप इलाके में एटीएम कैश डिपॉजिट वैन से पैसे ले जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर इलेक्शन फ्लाइंग स्क्वाड की टीम शनिवार रात को निगरानी कर रही थी। इसी दौरान बीती रात एक एटीएम कैश डिपाजिट करने वाली वैन भांडुप के सोनापुर इलाके में दिखी। इसे रुकवाकर जब पूछताछ की गई तो वैन में मौजूद लोग इस वैन में रखे गए तीन करोड़ रुपये के बारे में सही जवाब नहीं दे सके। फ्लाइंग टीम ने वैन को जब्त कर लिया है और भांडुप पुलिस स्टेशन में लाया गया है। चुनाव आयोग के फ्लाइंग स्क्वॉड ने आयकर विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया है, जो रविवार को सुबह भांडुप पुलिस स्टेशन में पहुंचे हैं और छानबीन कर रहे हैं। चुनाव आयोग के इलेक्शन फ्लाइंग स्कॉड ने महाराष्ट्र में पिछले 44 दिनों में तकरीबन 40 करोड़ से अधिक की नगदी जब्त की है।

## जम्मू-कश्मीर में दो जगह फायरिंग, एक की मौत

**जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ में पनारा गांव में सुबह करीब 7.45 बजे गोलीबारी हुई। जिसमें ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) का एक सदस्य घायल हो गया था। दोपहर में उसकी मौत हो गई। वीडीजी के सदस्य जंगल में गश्त कर रहे थे। तभी कुछ संदिग्ध लोगों से मुठभेड़ हो गई थी। आधे घंटे तक चली गोलीबारी के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए। सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया। इस गोलीबारी में खानेद निवासी वीडीजी सदस्य मोहम्मद शरीफ गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई। दूसरी घटना, मीरान साहिब इलाके में शनिवार (27 अप्रैल) की रात हुई। जहां अनजान हमलावरों ने आम आदमी पार्टी के नेता की मिठाई की दुकान पर फायरिंग की। हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह एक टीम वीडीजी को साथ लेकर चोचरू गाला हाइट्स की तरफगई। जहां छिपे हुए आतंकवादियों से उनकी मुठभेड़ हो गई। ये आतंकवादी 2 अलग-अलग गुट में कठुआ से बसंतगढ़ की ओर तरफगए थे। वीडीजी की टीम का 5 आतंकियों से सामना हुआ। जबकि दूसरे गुट का पता नहीं चला। पुलिस के मुताबिक इसमें 4 आतंकवादी हो सकते हैं। इन आतंकियों की आखिरी लोकेशन कठुआ की सीमा से लगे माचेडी टॉप इलाके में मिली थी।

# पूर्णागिरी मेले से श्रद्धालु अच्छा अनुभव लेकर जाएं, यही हमारा संकल्प : मुख्यमंत्री धामी

समृद्धि न्यूज




**बनबसा (चंपावत)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को एनएचपीसी, विश्राम गृह बनबसा में उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरी मेले की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक की।

मुख्यमंत्री धामी ने मां पूर्णागिरी मेले के संबंध में विभिन्न विभागों के किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि पूर्णागिरी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो। श्रद्धालुओं को यात्रा और पैदल मार्गों पर किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सभी के सहभागिता से पूर्णागिरी मेले को नया स्वरूप देना है। हमारा संकल्प है कि पूर्णागिरी मेले से श्रद्धालु अच्छा अनुभव लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत के मेले के अंतर्गत मुंडन को जाने वाली धनराशि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुंडन के लिए कम से कम शुल्क लिए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन का ध्येय लोगों को सहूलियत पहुंचाना है। उन्होंने बनबसा कैनाल क्षेत्र में 01 हज़ार लोगों के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों, मंदिर समिति व प्रशासन के सहयोग से शारदा और बूम घाट में नियमित रूप से भव्य शारदा आरती का आयोजन करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक इस आरती से जोड़ा जाए और आरती के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने विभागों को पूर्णागिरी मेला क्षेत्र में अस्थाई व्यवस्थाओं की जगह स्थाई व्यवस्थाओं पर अधिक प्राथमिकता देने और सभी विभागों को मेले के लिए पुनः मैनपावर का आंकलन करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुविधा अनुसार पैदल मार्गों पर स्वास्थ्य शिविरों, डॉक्टरों की तैनाती, आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था करने व यात्रा मार्ग पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही पूर्णगिरी क्षेत्र के लिए अतिरिक्त पेयजल योजना बनाने के भी निर्देश देते हुए पूर्णागिरी व टनकपुर क्षेत्र में विशेष स्वच्छता रखने की सलाह दी।

## हम मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं और जीत रहे : सचिन

**बिलासपुर/रायपुर।** कांग्रेस और इंडिया एलायंस के हर उम्मीदवार मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं और हम जीत रहे हैं, मैं ऐसा मानता हूं। वो हमारे नेताओं को व्यक्तिगत टारगेट कर रहे हैं इसे कुछ लाभ मिलने वाला नहीं है। यह बयान छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी और एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने आज रविवार को बिलासपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि, पहले दो चरण में जो हुआ है उससे बेहतर हमारा परफॉर्मेंस लास्ट चरण में होगा। हमारा जो चुनाव है मेनिफेस्टो के आधार पर है, विचारधारा के आधार पर है। 5 साल का हमारा सकारात्मक रोड मैप क्या है, हम उस पर चर्चा कर रहे हैं। केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए पायलट ने कहा कि, मुझे बड़ा दुख है कि जो सत्ताधारी दल है और जिनकी सरकार पिछले 10 सालों से दिल्ली में है, उनका काम भाषण मात्र है। कभी वो प्रियंका गांधी के बारे में बोलते हैं तो वो कभी राहुल गांधी के बारे में व्यक्तिगत स्तर पर बात करते हैं।

# लखनऊ एयरपोर्ट का नया टर्मिनल वर्ल्ड क्लास का

## लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की खूबसूरती देखकर प्रभावित नजर आए पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** विस्फोटक इंग्लिश क्रिकेटर रहे केविन पीटरसन भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास कार्यों के प्रशंसक हो गए हैं। दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट से लेकर दुनिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट तक जा चुके केविन पीटरसन लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को देखकर अचंभित रह गए।

आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ पहुंचे केविन पीटरसन ने लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को वर्ल्ड क्लास बताते हुए कहा है कि उन्होंने इतना खूबसूरत एयरपोर्ट टर्मिनल आज तक नहीं देखा। उन्होंने इसके लिए सीएम योगी की प्रशंसा भी की। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लखनऊ एयरपोर्ट पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने बाकायदा सीएम योगी आदित्यनाथ को टैग किया है और लखनऊ एयरपोर्ट की तारीफ की।

**प्रदेश के विकास और खूबसूरती से प्रभावित नजर आए पीटरसन**

क्रिकेट के मैदान पर अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे केविन पीटरसन ने पूरी दुनिया घूमी है, लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट की खूबसूरती ने उनका दिल जीत लिया। पीटरसन लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की खूबसूरती और सुविधाओं से काफी प्रभावित नजर आए।

उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, लखनऊ के नए एयरपोर्ट टर्मिनल में स्ट्रीट ऑफ फ्लावर्स वाकई में वर्ल्ड क्लास है। इस खूबसूरत राज्य उत्तर प्रदेश के लिए सभी ने मिलकर क्या कमाल का काम किया है। मुझे यकीन है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस पर बहुत गर्व होगा। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**मार्च माह में ही शुरू हुआ है एयरपोर्ट का नया टर्मिनल**

उल्लेखनीय है कि लखनऊ एयरपोर्ट के पुराने दोनों टर्मिनल की क्षमता कम थी, जिसकी वजह से योगी सरकार ने लखनऊ एयरपोर्ट का विस्तार कराया है। एयरपोर्ट का नया टर्मिनल खूबसूरत तो है ही, ज्यादा क्षमता वाला भी है। लखनऊ एयरपोर्ट का तीसरा टर्मिनल मार्च महीने से ही शुरु हुआ है, जिसकी सालाना क्षमता 80 लाख यात्रियों की है। उत्तर प्रदेश में 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट मौजूदा समय में वर्किंग हैं और साथ ही 11 घरेलू एयरपोर्ट भी संचालित हो रहे हैं। वहीं 6 एयरपोर्ट का तेजी से निर्माण हो रहा है।

**एलएसजी का होम ग्राउंड है लखनऊ**

पीटरसन की पोस्ट से यह साफ ज़ाहिर होता है कि वो उत्तर प्रदेश के विकास और खूबसूरती से काफी खुश और प्रभावित नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि आईपीएल की फ्रेंचाजी लखनऊ सुपर जायंट्स का होम ग्राउंड लखनऊ में ही है। एयरपोर्ट से स्टेडियम की दूरी महज कुछ किलोमीटर की है। ऐसे में सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ का लखनऊ नियमित आना जाना होता है। अब आईपीएल के मैचों के दौरान लखनऊ एयरपोर्ट पर काफी चहल-पहल रहती है।